आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 35°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

151 पूर्व सैनिकों का सम्मान, शहीदों को श्रद्धांजलि 'एक दिन भारत देश...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



सोमवार 26 मई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 221 | www.janexpresslive.com/epaper

आज दो दिवसीय दौरे पर गुजरात जाएंगे... 12

# दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम देश की अर्थव्यव्सथा पर टिप्पणी की है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि हम दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं, और यह मेरा डेटा नहीं है। यह आईएमएफ का डेटा है। भारत आज जापान से बड़ा है। केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं। अगर हम जो सोचा जा रहा है, उस पर टिके रहते हैं, तो अगले 2.5 से 3 वर्षों की बात है, हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।



### पीएम मोदी को धन्यवाद: जितेंद्र सिंह

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी कहा कि भारत जापान से आगे निकलकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत ने एक तेज कदम बढ़ाया है, एक बड़ी छलांग लगाई है! इसे संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद।

### भारत ऐसे मोड़ पर जहां से बहुत तेजी से कर सकता है विकास

सुब्रह्मण्यम ने कहा, भारत एक ऐसे चरण में है, जहां यह बहुत तेजी से विकास कर सकता है, जैसा कि अतीत में कई देशों ने किया है। भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला है, जिससे हम तेजी से विकास कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान किया है। इसमें भारत के विकास का खाका पहले से ही दिख रहा है। नीति आयोग के प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने राज्यों से विकसित भारत का आह्वान इसलिए किया है, क्योंकि यह एक लंबी यात्रा है।

### भारत ने चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान कैसे हासिल किया?

**जवाब:** आईएमएफ की अप्रैल 2025 की वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की नॉमिनल जीडीपी 4.187 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई है, जो जापान की अनुमानित जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा ज्यादा है। भारत की यह उपलब्धि मजबूत घरेलू मांग, अनुकूल जनसांख्यिकीय रुझानों और नीतिगत सुधारों के कारण है। भारत की अर्थव्यवस्था 6-7 प्रतिशत की एनुअल ग्रोथ रेट बनाए हुए है, जबकि जापान की अर्थव्यवस्था को ग्लोबल ट्रेड टेंशन और पॉलिसी चेंज के कारण नुकसान हुआ है।

### जापान की अर्थव्यवस्था क्यों पिछड़ रही है?

**जवाब:** जापान की अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों का सामना कर रही है

**लो ग्रोथ रेट:** आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, 2025 में जापान की जीडीपी ग्रोथ रेट केवल 0.3त्न रहने की उम्मीद है, जो भारत की 6.5 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम है।

**जनसांख्यिकीय संकट:** जापान की उम्रदराज आबादी और लो बर्थ रेट ने लेबर फोर्स को सीमित कर दिया है।

**ग्लोबल ट्रेड टेंशन्स:** अमेरिका और अन्य देशों द्वारा लगाए गए टैरिफ और व्यापार नीतियों ने जापान की निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है।

**आर्थिक स्थिरता की कमी:** जापान की अर्थव्यवस्था कई दशकों से स्थिरता के लिए संघर्ष कर रही है, जिसके कारण वह भारत जैसे तेजी से बढ़ते देशों से पिछड़ गया है।

# मन की बात का 122वां एपिसोड: ऑपरेशन सिंदूर एक सैन्य मिशन नहीं, बदलते भारत की तस्वीर है: पीएम मोदी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो शो 'मन की बात' के 122वें एपिसोड के तहत देश को संबोधित किया। एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। पीएम ने भारतीय सेना के पराक्रम की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत की सेना ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा प्रहार किया। इसके साथ ही उन्होंने उन आतंकी ठिकानों की तस्वीरें भी दिखाई जिन्हें भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नष्ट किया था। उन्होंने बताया कि पीओके में गुलपुर और अब्बास कैंप (कोटली में) और भिंबर के बरनाला कैंप को नष्ट किया गया।

### सिक्किम के डॉक्टर ने क्राफ्टेड फाइबर्स की शुरुआत की

पीएम ने कहा कि दो-तीन दिन पहले मैं पहली राइजिंग नॉर्थ-ईस्ट समिट में गया था। यहां मुझे एक दिलचस्प कहानी पता चली है क्राफ्टेड फाइबर्स की। ये सिर्फ एक ब्रांड नहीं, सिक्किम की परंपरा, बुनाई की कला, और आज के फैशन की सोच- तीनों का सुन्दर संगम है। इसकी शुरुआत वेटेनरी डॉक्टर डॉ चेवांग नोरबू भूटिया ने की। उन्होंने बुनाई को एक नया आयाम देते हुए क्राफ्टेड फाइबर्स को जन्म दिया। उन्होंने पारंपरिक बुनाई को मॉडर्न फैशन से जोड़ा और इसे बनाया एक सोशल एंटरप्राइज। क्राफ्टेड फाइबर्स के शॉल, स्टोल, दस्ताने, मोजे, सब लोकल हैंडलूम से बने होते हैं। इसमें जो ऊन का इस्तेमाल होता है, वो सिक्किम के खरगोशों और भेड़ों से आता है। रंग भी पूरी तरह प्राकृतिक होते हैं - कोई केमिकल नहीं, सिर्फ प्रकृति की रंगत।

### भारतीय सेना ने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा किया

पीएम ने कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित इलाकों में अब शिक्षा बढ़ रही

पीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बस्तर के बच्चों में साइंस का पैशन है। वो स्पोर्ट्स में भी कमाल कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन लोगों ने तमाम चुनौतियों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है। मुझे यह जानकार भी बहुत खुशी हुई कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में दंतेवाड़ा जिले के नतीजे बहुत शानदार रहे हैं। करीब 95 प्रतिशत के साथ ये जिला 10वीं के नतीजों में टॉप पर रहा। वहीं 12वीं की परीक्षा में इस जिले ने छत्तीसगढ़ में छठा स्थान हासिल किया। सोचिए, जिस दंतेवाड़ा में कभी माओवाद चरम पर था, वहां आज शिक्षा का परचम लहरा रहा है। ऐसे बदलाव हम सभी को गर्व से भर देते हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर ने लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई

पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम सिंदूर रखा गया है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाये जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे थे जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए, और हमने देखा, चंडीगढ़ के वीडियोज तो काफी वायरल हुए थे।

### महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पहली बार बस पहुंची

पीएम ने कहा कि मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार एक बस पहुंची। इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे। और जब गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया। बस को देखकर लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं था। गांव में पक्की सड़क थी, लोगों को जरूरत थी, लेकिन पहले कभी यहां बस नहीं चल पाई थी। क्योंकि ये गांव माओवादी हिंसा से प्रभावित था। यह जगह है महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में, और इस गांव का नाम है, काटेझरी। अब यहां हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं। माओवाद के खिलाफ सामूहिक लड़ाई से अब ऐसे क्षेत्रों तक भी बुनियादी सुविधाएं पहुंचने लगी है। गांव के लोगों का कहना है कि बस के आने से उन लोगों का जीवन बहुत आसान हो जाएगा।

### गुजरात में पांच साल में शेरों की संख्या बढ़ी

पीएम ने कहा कि शेरों से जुड़ी एक बड़ी अच्छी खबर है। पिछले केवल पांच सालों में गुजरात के गिर में शेरों की आबादी 674 से बढ़कर 891 हो गई है। लॉयन सेंसस के बाद सामने आई शेरों की ये संख्या बहुत उत्साहित करने वाली है। साथियों, आप में से बहुत से लोग यह जानना चाह रहे होंगे कि आखिर ये एनिमल सेंसस होती कैसे है। ये एक्सरसाइज बहुत ही चुनौतीपूर्ण है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि लॉयन सेंसस 11 जिलों में, 35 हजार वर्ग किलोमीटर के दायरे में की गई थी। सेंसस के लिए टीमों ने चौबीसों घंटे इन क्षेत्रों की निगरानी की। पूरे अभियान में वैरिफिकेशन और क्रॉस वैरिफिकेशन दोनों किए गए। इससे पूरी बारीकी से शेरों की गिनती का काम पूरा हो सका।

### योग दिवस को लेकर देशभर में उत्साह

पीएम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अब एक महीने से भी कम समय बचा है। 21 जून 2015 में योग दिवस की शुरुआत के बाद से ही इसका आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। इस बार भी योग दिवस को लेकर दुनिया भर में लोगों का जोश और उत्साह नजर आ रहा है। आंध्र प्रदेश की सरकार ने योगआंध्र अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य पूरे राज्य में योग संस्कृति को विकसित करना है 7 इस अभियान के तहत योग करने वाले 10 लाख लोगों का एक पूल बनाया जा रहा है । मुझे इस वर्ष विशाखापट्टनम में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

# बलिया खाद्यान्न घोटाले में बड़ी कार्रवाई: पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुन्ना सिंह उर्फ सुग्रीव गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की बहुचर्चित बलिया खाद्यान्न घोटाले में एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। शासन की सख्त प्राथमिकताओं और पुलिस महानिदेशक श्री प्रशांत कुमार के निर्देशों के क्रम में आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू वाराणसी ने शनिवार को तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख मुन्ना सिंह उर्फ सुग्रीव सिंह को बलिया से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त ग्राम सरया, थाना पकड़ी, जनपद बलिया का निवासी है और वर्ष 2004-05 में पंदह ब्लॉक का ब्लॉक प्रमुख था। पुलिस अधीक्षक, ईओडब्लू वाराणसी सेक्टर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने लंबे समय से वांछित चल रहे आरोपी को बलिया में धर दबोचा।

### क्या है पूरा मामला?

वर्ष 2002 से 2005 के बीच केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई गई ÷सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना÷ के अंतर्गत पंदह ब्लॉक के कई गांवों में मिट्टी कार्य, नाली निर्माण, खड़ंजा, पटरी मरम्मत, संपर्क मार्ग, सीसी सड़क और पुलिया निर्माण जैसे कार्य क्षेत्र पंचायत अंश से कराए जाने थे। लेकिन जांच में सामने आया कि कार्य न तो मानकों के अनुसार हुआ और न ही पूर्ण। इसके अतिरिक्त, मज़दूरों को खाद्यान्न वितरण के नाम पर लगभग 61 लाख रुपये से अधिक का शासकीय धन गबन कर लिया गया। अभियुक्तों ने फर्जी मस्टर रोल तैयार कर, कूट रचित दस्तावेज़ों के माध्यम से मजदूरी दर्शाई और वास्तविक लाभार्थियों तक खाद्यान्न पहुंचाए बिना पूरी धनराशि का बंदरबांट कर लिया। यह मामला थाना सिकंदरपुर, जनपद बलिया में मु0अ0सं0-46ए/2006, धारा 409, 419, 420, 467, 468, 471, 218, 201, 120बी, 34 भा0द0वि0 के तहत दर्ज किया गया था।



### अब तक 23 अभियुक्त चिन्हित

प्रारंभिक जांच व साक्ष्य संकलन के पश्चात अब तक कुल 23 अभियुक्तों की संलिप्तता सामने आ चुकी है। इनमें से कई की गिरफ्तारी पूर्व में हो चुकी है, और मुन्ना सिंह उर्फ सुग्रीव सिंह लंबे समय से फरार चल रहा था।

## सीएम योगी आज करेंगे 38 मॉडल कंपोजिट, 67 अभ्युदय विद्यालयों का शिलान्यास, शिक्षकों का होगा सम्मान

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की कई योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। लोक भवन में सुबह 10.30 बजे से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 38 सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालयों व 67 अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों का शिलान्यास करेंगे। इससे अब बच्चों को बाल वाटिका से इंटर तक की पढ़ाई की सुविधा एक ही परिसर में मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री निपुण आंकलन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच शिक्षकों व बीईओ को सम्मानित करेंगे। प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में दिए जाने वाले 51667 टैबलेट वितरण की शुरुआत, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के बाद इनका शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में पांच प्रधानाध्यापक/शिक्षकों को इसके लिए प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। इसके साथ ही 3 से 12 के छात्रों के निपुण आंकलन के लिए निपुण प्लस ऐप की शुरुआत करेंगे। सत्र 2025-26 के लिए बच्चों को ड्रेस, बैग, जूता मोजा, स्वेटर के लिए दी जानी वाली 1200 रुपए प्रति छात्र राशि का डीबीटी करेंगे।

## शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में मची भगदड़, गैस फैलने के बाद अफरा-तफरी



**जन एक्सप्रेस। शाहजहांपुर**

यूपी के शाहजहांपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर की ओटी में केमिकल गिरने के बाद गैस फैलने से भगदड़ मच गई। मरीज और तीमारदार सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। भगदड़ के दौरान एक गंभीर मरीज के मरने की बात सामने आई थी, लेकिन डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किसी की मौत की बात से इनकार कर दिया है। घटना रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे की है। ट्रामा सेंटर की ओटी में उपकरणों को सैनेटाइज किया जा रहा है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या ऐसा माना जा रहा है कि सैनेटाइजेशन के दौरान फॉर्मलिन केमिकल जमीन में गिरने से गैस पैदा हुई होगी। एसी-पंखे के जरिये गैस आसपास फैली थी। इस दौरान ऑक्सीजन रिसाव की अफवाह से हड़कंप मच गया। गंभीर हालत के मरीज समेत तीमारदार बाहर की ओर दौड़ पड़े। अस्पताल में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। सूचना पर पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। आननफानन पुलिस बल, अग्निशमन कर्मचारी पहुंचे। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश द्विवेदी भी मौके पर आ गए। अधिकारियों के अनुसार स्थिति नियत्रंण में है। किसी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है।

> जिस व्यक्ति के मरने की बात कही गई है, वह गंभीर स्थिति में लाया गया था। उसी दौरान किसी ने अफवाह फैला दी थी। गैस के प्रभाव से कुछ लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई थी। दुर्गंध भी तेज थी। इसी वजह से ऑक्सीजन रिसाव की अफवाह उड़ी थी।
> -डॉ. राजेश कुमार, प्राचार्य

## हाईकोर्ट का अहम फैसला, ईडब्ल्यूएस वर्ग में महिलाओं के लिए 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण सुनिश्चित करे राज्य

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस उपनिरीक्षक (सिविल पुलिस)/प्लाटून कमांडर पीएसी भर्ती-2021 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के पदों में महिलाओं को 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देते हुए नई मेरिट सूची बनाने का निर्देश दिया है। साथ ही रिक्त पदों पर उनकी नियुक्ति की जाए। राज्य सरकार भविष्य में ईडब्ल्यूएस वर्ग में महिलाओं के लिए 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण सुनिश्चित करे। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने नेहा शर्मा और 53 अन्य की याचिका पर दिया। गौतम बुद्ध नगर की नेहा शर्मा व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। उनका कहना था कि पुलिस उपनिरीक्षक (सिविल पुलिस)/प्लाटून कमांडर पीएसी भर्ती-2021 में कुल लगभग 9027 पद थे। ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत 952 पद थे। महिलाओं के लिए ईडब्ल्यूएस की 902 पद में 20 प्रतिशत लगभग 181 पद पर



महिलाओं की नियुक्ति की जानी चाहिए थी। लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। ईडब्ल्यूएस में महिलाओं को मात्र 34 सीटें ही मिलीं। राज्य ने दलील दी कि सामान्य और ईडब्ल्यूएस की श्रेणियों को जोड़कर कुल 903 सीटें महिलाओं को दी गईं। कोर्ट ने इसे गलत ठहराते हुए कहा कि ईडब्ल्यूएस की सीटों में महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण अलग से लागू होना चाहिए। राज्य व अन्य प्रतिवादियों को अलग मेरिट सूची बनाते हुए रिक्त पदों पर मेरिट के अनुसार नियुक्ति देने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा कि चयनित उम्मीदवारों को हटाया नहीं जाएगा। वहीं, ईडब्ल्यूएस श्रेणी के पूर्व सैनिकों की याचिका को रिक्त पदों का डेटा न होने के कारण खारिज कर दी।

### क्या है क्षैतिज आरक्षण

राज्य सरकार की ओर से महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है। इसके तहत जनरल, ओबीसी, एसी/एसटी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी में जितने पद होंगे उन पदों में से 20 प्रतिशत महिलाएं नियुक्ति की जाएंगी।

# उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता से सामाजिक सुधारों को मिली नई दिशा: सीएम धामी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/देहरादून**

- लिव-इन रिश्तों की अनिवार्य रजिस्ट्रेशन व्यवस्था की गई लागू: सीएम धामी
- नई दिल्ली में सीएम धामी ने साझा किया यूसीसी का मॉडल, पीएम मोदी व गृहमंत्री का जताया आभार

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि समान नागरिक संहिता के लागू होने से विवाह, तलाक, और उत्तराधिकार जैसे विषयों पर एक समान कानून सुनिश्चित हुआ है। इससे तीन तलाक, हलाला, बहुविवाह, और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर प्रभावी रोक लगेगी और महिलाओं को वास्तविक सशक्तिकरण मिलेगा। मुख्यमंत्री धामी ने यह विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक के दौरान रखे, जहाँ उन्होंने उत्तराखंड में यूसीसी के क्रियान्वयन पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

### यूसीसी क्रियान्वयन में जनभागीदारी का नया मॉडल

मुख्यमंत्री ने बताया कि आम नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित पोर्टल, मोबाइल ऐप, और राज्य के 14,000 से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर्स को यूसीसी से जोड़ा गया। केवल चार महीनों में डेढ़ लाख से अधिक आवेदन प्राप्त होना इस जनसहयोग का प्रमाण है। राज्य के 98त्न से अधिक गांवों से आवेदन आए हैं।



### प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के प्रति जताया आभार

सीएम धामी ने प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल 2022 के चुनावी वादे को निभाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने जानकारी दी कि न्यायमूर्ति रंजना देसाई की अध्यक्षता में गठित समिति ने जनभागीदारी से 2.32 लाख से अधिक सुझाव एकत्र किए और विधेयक को 7 फरवरी 2024 को विधानसभा में पारित कर राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद 27 जनवरी 2025 को इसे लागू किया गया।

### जनजातीय समुदाय यूसीसी से मुक्त-परंपराओं का सम्मान

संविधान के अनुच्छेद 342 के अंतर्गत अनुसूचित जनजातियों को इस संहिता से बाहर रखा गया है ताकि उनकी पारंपरिक मान्यताओं और रीति-रिवाजों की रक्षा की जा सके।

### लिव-इन रिश्तों को मिली कानूनी मान्यता ,रजिस्ट्रेशन हुआ जरूरी

धामी ने बताया कि यूसीसी के अंतर्गत लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों को अब पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह प्रक्रिया गोपनीय रहेगी और इसकी सूचना संबंधित माता-पिता या अभिभावकों को दी जाएगी। विवाह और तलाक की भी अब अनिवार्य रूप से रजिस्ट्री की जाएगी।

### बेटियों और अभिभावकों को समान उत्तराधिकार अधिकार

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब बेटियों को संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। इसके साथ ही, लिव-इन से जन्मे बच्चों और उनके माता-पिता को भी संपत्ति में अधिकार मिलेंगे, जिससे वरिष्ठ नागरिकों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

### समानता और समरसता की दिशा में ऐतिहासिक पहल

सीएम धामी ने यह स्पष्ट किया कि समान नागरिक संहिता किसी धर्म विशेष के विरुद्ध नहीं है, बल्कि यह संविधान के अनुच्छेद 44 में उल्लिखित लक्ष्य को साकार करने की दिशा में उठाया गया एक संवैधानिक कदम है। यह समाज में समरसता, समान अधिकार और न्याय की भावना को बल देता है।

# बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों का कारनामा, भदारी पर दिनदहाड़े लूट

## पति के साथ बाइक से जा रही थी महिला, पर्स में रखे थे 4 लाख कीमत के जेवर, 2 हजार नकदी

- नहीं हो सका ज्वेलर्स डकैती कांड का खुलासा, लुटेरों ने फिर दे डाली पुलिस को चुनौती

जन एक्सप्रेस । उरई




कोंच में बदमाशों ने एक बार फिर पुलिस को खुली चुनौती देते हुए लूट की घटना को अंजाम दे डाला। रविवार को दिनदहाड़े कोंच-उरई रोड पर ग्राम भदारी के पास बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने पति के साथ बाइक पर सवार होकर जा रही महिला के हाथ से बैग झपट लिया और भाग गए। बैग में करीब चार लाख रुपये कीमत के जेवर और दो हजार रुपये नकद थे, जो बदमाश लूटकर भाग गए।

महिला के पति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। दस दिन के अंतराल में ही लूट की इस दूसरी बड़ी घटना घटित होने से इलाके में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के मुताबिक उरई के मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी गजेंद्र सिंह पुत्र माताप्रसाद कुशवाहा रविवार को अपनी पत्नी आरती देवी के साथ आराजीलेन कोंच स्थित अपनी ससुराल से होकर वापस उरई जा रहा था। दोपहर करीब 12 बजे उसकी बाइक जैसे ही ग्राम भदारी के समीप मेन रोड स्थित माई होम पब्लिक स्कूल के पास पहुंची। तभी पीछे (कोंच की ओर) से आई एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने आरती के हाथ में से पर्स छीन लिया और तेज रफ्तार से उरई की ओर भाग गए।

गजेंद्र के मुताबिक बदमाशों द्वारा छीने गए पर्स में मंगलसूत्र, मनचली, 3 अंगूठी व चांदी के बिछिया रखे हुए थे। साथ ही दो हजार रुपये नकद भी रखे हुए थे। वहीं लूट की घटना घटित होने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और घटना के बाद सीओ परमेश्वर प्रसाद एवं कोतवाल विजय कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। गजेंद्र ने पुलिस को तहरीर दे दी है।

# नोडल अधिकारी ने किया देवांगना मार्ग चौड़ीकरण कार्य का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



उत्तर प्रदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव व जनपद के नोडल अधिकारी धीरेन्द्र सिंह सचान ने रविवार को देवांगना मार्ग चैड़ीकरण के कार्य का औचक निरीक्षण किया। यहा उन्होंने निर्माण कार्य का जायजा लेकर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने निमार्ण कार्यों का जायजा लिया। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड अखिलेश कुमार ने बताया कि कर्वी से देवांगना तक कुल 7.64 किलोमीटर सड़क का चैड़ीकरण कार्य किया जा रहा है। बताया कि शासन से प्रथम किस्त प्राप्त होने के बाद 60 प्रतिशत कार्य हो चुका है तथा शेष कार्य कराया जा रहा है। समय से भूमि अधिग्रहण न होने के कारण कार्य में प्रगति धीमी हुई थी, लेकिन अब तेजी से कार्य कराया जा रहा है। इस पर नोडल अधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि मैनपावर बढ़ाकर सड़क चौड़ीकरण का कार्य तेजी से कराया जाए तथा निर्माण कार्य शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण कराएं। इस मौके पर परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, अधिशासी अभियंता जल निगम एके भारती सहित सम्बन्धित व कर्मचारी मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारी ने किया पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव व जनपद के नोडल अधिकारी धीरेन्द्र सिंह सचान ने अपने दौरे के दूसरे दिन रविवार को जल जीवन मिशन योजना के तहत सिलौटा मुस्तकिल पेयजल समूह योजना के अंतर्गत ग्राम बरहट व सिंहपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने ग्राम बरहट व सिंहपुर में ग्रामीण मिथलेश, राजाराम, राधेश्याम, शिवनरेश, युसुब, ननबुद, बंशीलाल आदि के घरों में पेयजल कनेक्शन की स्वयं जांच कर व नल चलाकर हर घर नल योजना का सत्यापन किया। उन्होंने ग्रामीणों से शुद्ध पेयजल के बारे में जानकारी लेते हुए पेयजल का बबार्द न करने के लिए कहा। साथ ही ग्राम प्रधानों को भी पेयजल का सदुपयोग करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

# डॉ आशुतोष द्विवेदी ने रौशन किया जिले का नाम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



राजापुर निवासी डॉ आशुतोष द्विवेदी ने आई.एन.आई.सी.ई.टी. 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर 116वीं रैंक हासिल करके जिले का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस सफलता पर क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता का इजहार किया है।

पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी के भतीजे और राजापुर निवासी सुरेश द्विवेदी के बेटे डॉ आशुतोष द्विवेदी ने क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा आई.एन.आई.सी.ई.टी. के जरिए ही देश के सर्वोच्च मेडिकल संस्थान एम्स, जवाहरलाल स्नात्कोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जेआईपीएमई आर), स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजी आईएमईआर) आदि में एमडी, एमएस, डीएम, एमसीएच और एमडीएस जैसे पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की जाती है। इस कठिन और प्रतिस्पर्धी परीक्षा में हजारों चिकित्सक भाग लेते है। जिसमें श्रेष्ठ 120 के अंदर स्थान बनाना बड़ी उपलब्धि है। डॉ आशुतोष ने अपनी मेहनत, धैर्य और समर्पण से यह सम्भव किया है। उनकी इस सफलता पर क्षेत्रवासियों और परिवार के सदस्यों ने प्रसन्नता का इजहार किया है।

# करंट लगने से बीएससी के छात्र की मौत

जन एक्सप्रेस । उरई

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धमनी में घर में लगी समरसेबल के तार जोड़ते समय बीएससी का छात्र करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई।

बता दे कि शहर कोतवाली के ग्राम धामनी निवासी हिमांशु पाल 19 वर्ष पुत्र इंद्रपाल खेती के साथ बीएससी की पढ़ाई कर रहा था। बताया गया है कि वह चार दिन पहले ही घर आया था और रविवार की सुबह तड़के घर में लगी समर सेबल के तार जोड़ रहा था। तभी घरेलू केविल मे कही कट होने से वह करंट की चपेट में आ गया। इस दौरान वहां मौजूद दादा ज्ञान सिंह ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन बचाने के दौरान वह भी चिपक गए। इस दौरान अचानक विधुत सप्लाई बंद हो गई जिससे दादा बाल बाल बच गए, लेकिन नाती हिमांशु बुरी तरह करंट से झुलस गया। घटना से परिजनों में हड़कंप मच गया और परिवार के लोग दोनों को उठाकर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए।

जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही पुत की मौत होने की खबर परिजनों को हुईं तो उनमें चीख-पुकार शुरू हो गई। वही घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सामूहिक विवाह समारोह में सात जोड़ों ने लिए सात फेरे

- शाक्यवार कोरी जनकल्याण परिषद के तत्वाधान में हुआ कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । उरई




शाक्यवार कोरी जनकल्याण परिषद की ओर से कोरी समाज के सामूहिक विवाह व मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन जमुना पैलेस में किया गया। इसमें सात जोड़े विवाह बंधन में बंधे।

बता दें कि रविवार को आयोजित कोरी समाज के सामूहिक विवाह व मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन आज के दौर में जरूरत बन गए है। कोरी समाज की ओर से 16 सालों से इस तरह के किए जा रहे आयोजन सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि छात्र हमारे समाज का भविष्य हैं। उनकी मेहनत और सफलता हम सभी के लिए प्रेरणा है। विद्यार्थी अपने जीवन में और भी ऊंचाइयों को छुए और ऊंचे पद पर पहुंचकर अपने शहर, स्कूल और माता-पिता का नाम रोशन करें। साथ ही अतिथियों ने वर वधु को बधाई एवं शुभकामना देते हुए सुखमय एवं खुशहाल जीवन के लिए आशीर्वाद दिया, और परिवारजनों को शुभकामनाएं दी। समारोह की अध्यक्षता घनश्याम दास शाक्यवार ने की। इस दौरान अंजली संग नीलेश, रौशनी संग बृजेंद्र, वर्षा संग नवीन, मोती संग सचिन, रूबी संग दीपक, महक संग दिलखुश व अंजली संग आकाश ने सात फेरे लिए। इससे पहले कार्यक्रम में पधारे अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा को विवाह समिति अध्यक्ष संजीव कुमार एडवोकेट ने स्मृति चिन्ह व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वही सभी वर वधु को समिति के पदाधिकारियो में मंशाराम शाक्यवार, जितेंद्र, डॉ. देवेंद्र, सुरेश शाक्यवार, रमेश चंद्र, अनिरुद्ध सिंह, विनोद कुमार, घनश्याम दास, सरजू प्रसाद, सत्यप्रकाश, संतोष आदि ने आशीर्वाद दिया। समिति की ओर से सभी जोड़ों को घर गृहस्थी में काम आने वाला सामान उपहार स्वरूप दिया गया।

# नोडल अधिकारी ने स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

उत्तर प्रदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव व जनपद के नोडल अधिकारी धीरेन्द्र सिंह सचान ने अपने दौरे के दूसरे दिन रविवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय सानेपुर तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरहट का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

संयुक्त जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने चिकित्सकों की उपस्थिति, ओपीडी, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, जच्चा बच्चा वार्ड, जनरल वार्ड, महिला वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र, पैथोलॉजी लैब आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही मरीजों से नाश्ते, भोजन, दवाओं आदि की जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्साधीक्षक से कहा कि जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को समय से लाभ दिया जाए। साथ ही चिकित्सालय परिसर की साफ-सफाई, बेडो के चद्दर को बदलवाते रहने के निर्देश दिए। मरीजों के लिए भोजन बनाने वाली मीरा स्वयं सहायता समूह के भुगतान न होने पर कहा कि शासन स्तर से धनराशि की व्यवस्था कराकर समय से भुगतान करें। कहा कि लोगों को जागरूक कर ब्लड बैंक में रक्तदान कराए। नोडल अधिकारी ने सीसीटीवी कैमरा के संचालन को देखते हुए खराब कैमरों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए।

## फैंसी फुटवियर दुकान में अचानक लगी भीषण आग

जन एक्सप्रेस/उरई। कदौरा बस स्टैंड मेन बाजार रोड स्थित दो खंड में बनी फैंसी फुटवियर दुकान में शनिवार की शाम अचानक आग लग गई। जिस पर समय रहते दुकानदारों की मदद से काबू पा लिया गया। जिससे एक बड़ी घटना होते-होते टल गई।

नगर के बस स्टैंड से मेन बाजार रोड स्थित दो खंड में बनी फैंसी फुटवियर दुकान में शनिवार की शाम आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ऊंचे ऊंचे धुएं के गुब्बार उठने लगे ।दुकान में लगी भीषण आग देखकर दुकानदार मन्नू फ़िरदोश ने शोर मचाना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर पहुंच गई और दुकान में लगी आग का रुख देखकर आस पास के दुकानदार दहशत में आ गए। फिलहाल मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और अथक प्रयास के चलते जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया। दुकानदार फिरदौस द्वारा दूसरे खंड में जाने के लिए बने जीने के पास शॉट सर्किट होने से आग लगना बताया गया। वही जीने के पास रखा कुछ माल जूते चप्पल भी जल गए। फिलहाल स्थानीय लोगों की सक्रियता के चलते ज्यादा नुकसान होने से बच गया।

# भुजाओं को स्वस्थ व सुडौल बनाने के लिए करें पूर्ण भुजा शक्ति विकासक योग: रमेश

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि भुजाओं को सुडौल, सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए पूर्ण भूजा शक्ति विकासक योग करना चाहिए। बताया कि पूर्ण भुजा का अर्थ पूरी भुजा और शक्ति विकासक का अर्थ शक्ति का फैलाव है।

बताया कि इस सूक्ष्म योग क्रिया को करने से कंधे और भुजाओं में प्राण शक्ति का संचार होता है और गहरी श्वास-प्रश्वांस लेने से फफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है। बताया कि इस योग के नियमित अभ्यास से कंधों की जकड़न दूर होती है। वायु विकार, हाथों की नस नाड़ियां व जोड़ों के दर्द दूर होते हैं। भुजाओं और कंधों की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं।

बताया कि इसे क्रमशः छह भागों में सरलता से किया जा सकता है। प्रथम भाग में साम्यावस्था में एड़ी पंजे मिलाकर सीधे खड़े होते हैं तथा बाएं हाथ को सामने की ओर सीधा रखते हुए अंगूठे को छिपाकर टाइट मुठ्ठी बांध कर, सांस भरकर रोकते हुए कंधे को ऊपर से नीचे चारों ओर तेजी से दस बार घुमाते हैं, कोहनी से मोड़कर नाक से बलपूर्वक सामने की ओर सांस छोड़ते हुए झटके से हाथ सीधा करते हैं। दूसरे भाग में इसी क्रिया को विपरीत दिशा में प्रथम भाग की तरह 10 बार घुमाते हैं। तीसरे भाग में दाएं हाथ को सामने की ओर सीधा रखते हुए अंगूठे को छिपाकर टाइट मुठ्ठी बांध कर, सांस भरकर रोकते हुए कंधे को ऊपर से नीचे चारों ओर तेजी से दस बार घुमाते हैं, कोहनी से मोड़कर नाक से बलपूर्वक सामने की ओर सांस छोड़ते हुए झटके से हाथ सीधा करते हैं।

चौथे भाग में विपरीत दिशा में तीसरे भाग की तरह 10 बार घुमाते हैं और कोहनी से मोड़कर नाक से बल पूर्वक सामने की ओर सांस छोड़ते हुए दाएं हाथ को झटके से सीधा करते हैं। पांचवे भाग में दोनों हाथ सामने सीधा फैलाते हैं दोनों हाथों के बीच कंधों की चैड़ाई के बराबर दूरी रखते हुए अंगूठे छिपा कर मुट्ठियां टाइट बांधते हैं, सांस भर कर रोकते हुए ऊपर से नीचे चारों ओर तीव्रता से 10 बार दोनों कंधों को घुमाते हैं, कोहनी से हाथ मोड़ कर तेजी से नाक से सांस छोड़ते हुए सामने की ओर झटके से दोनों हाथ सीधा करते हैं। छठवें भाग में पांचवीं क्रिया की तरह दोनों हाथों को एक साथ विपरीत दिशा में घुमाते हैं। इसके बाद शिथिल ताड़ासन में विश्राम करते हुए दोनों भुजाओं में हुए सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव करते हैं। सावधानी के तौर पर हस्त संचालन में कोहनी से हाथ बगैर मोडे, दोनों कंधे शिथिल रखते हुए हाथों को तेजी से घूमाना चाहिए, हाथ घुमाते समय श्वास के प्रति जागरूक रहकर शरीर का धड़ सीधा तना हुआ रखना चाहिए, ध्यान कंधों और पूरी भुजाओं पर रखना चाहिए।

# समर कैंप में छात्राओं को दिया जा रहा कौशलात्मक प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिले के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन विद्यार्थियों को नई-नई जानकारियां दी जाती है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलिज में चल रहे समर कैंप में रविवार को चिकित्सकों ने छात्राओं को सीपीआर और स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यक जानकारी दी।

राजकीय बालिका इंटर कॉलिज की प्रधानाचार्य शशि कला सिंह ने बताया कि समर कैंप में छात्राओं को प्रतिदिन योग कराया जाता है। इसके साथ ही छात्राओं को प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताओं, व्यावसायिक गतिविधियों, पर्यावरण व विज्ञान से संबंधित जानकारियां दी जाती है। बताया कि समर कैंप के दौरान छात्राओं को प्रतिदिन नाश्ते में पोहा, चने, केला, उपमा आदि बदल-बदलकर दिया जाता है। बताया कि कौशलात्मक शिक्षा के तहत छात्राओं को योगाभ्यास, रंगोली, मिट्टी मूर्ति कला आदि से संबंधित अभ्यास कराकर प्रशिक्षण दिया जाता है। जिसमें बच्चे प्रतिभाग करके आनंद प्राप्त कर रहे हैं।

विद्यालय के समर कैंप के नोडल अधिकारी लवकुश सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर कैंप की जो परिकल्पना की गई है, उसका विद्यालय स्तर पर बेहतरीन ढंग से शासन की मंशानुसार आयोजन किया जा रहा है। बताया कि समर कैंप का आयोजन 10 जून तक किया जाएगा।

इस मौके पर समर कैंप प्रभारी राधा सिंह, नीलम जैन, विनीता, रानी गुप्ता, शालिनी, रश्मि वाजपेयी सहित सभी शिक्षिकाएं व छात्राएं मौजूद रहीं।

# मायके में विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

जन एक्सप्रेस । जालौन

लगभग 20 दिन पूर्व हुई शादी के बाद विवाहिता अपने मायके आई थी। मायके में विवाहिता ने रात में साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर गले में डाल लिया और फांसी पर झूल गई। फांसी लगने से विवाहिता की मौत हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी के साथ फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और शव पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एदलपुर निवासी रश्मि (19) की शादी उसके पिता भान सिंह ने पांच मई को उरई निवासी अश्विनी कुमार के साथ अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर और हिंदू रीति रिवाज के साथ की थी। कुछ दिन बाद परिवार में शादी थी जिसमें शामिल होने के लिए रश्मि बीती 18 मई को अपने मायके आई थी। मायके वालों के अनुसार सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था। शनिवार की रात परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर खाना खाया और अपने अपने कमरों में सोने के लिए चले गए। रात में किसी समय रश्मि ने कमरे की छत के हुक में साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर गले में डाल लिया और उस पर लटक गई। फासी लगने से रश्ति की मौत हो गई। सुबह जब परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो रश्मि का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। रश्मि के शव को फांसी के फंदे पर लटकता देख परिजनों में चीख पुकार मच गई।

# प्रदर्शनी में चित्रों के माध्यम से उनके लोक कल्याण कारी संदेशों को पहुंचाने का किया गया प्रयास

जन एक्सप्रेस । उरई



भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होलकर की जयंती के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे त्रिशताब्दी अभियान के अंतर्गत रविवार को गांधी मार्केट स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका शुभारंभ सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के मुख्य आथित्य एवं जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित की अध्यक्षतामें संपन्न हुआ। चित्र प्रदर्शनी में लोकमाता अहिल्याबाई जी के जीवन वृतांत सहित उनके द्वारा सनातन धर्म के संरक्षण के लिए किए गए कार्यों उनकी प्रशासनिक दक्षता, न्याय प्रियता, सैन्य संवेदना और समाज सुधारक आर्थिक सुधार जैसी अनेकों स्मृतियों को चित्रों के माध्यम से जन सामान्य तक उनके लोक कल्याण कारी संदेशों को पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

यह प्रदर्शनी 31 मई तक लगी रहेगी।जिसको प्रतिदिन जिले के सभी 19 मंडलों 252 शक्ति केंद्र के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि पदाधिकारी वरिष्ठ नेतागण अपनी सुविधा अनुसार अलग-अलग दिन देखने पहुंचेंगे। प्रदर्शनी शुभारंभ के अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री अग्निवेश चतुर्वेदी पूर्व जिलाध्यक्ष रामेंद्रसिंह बना, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता, विवेक कुशवाहा, मनोज पालीवाल, राम अनुग्रह राजावत, हरेंद्र विक्रम, पुष्पेंद्र सेगर, रेखा वर्मा, मनोज यादव, वीरप्रताप जादौन, आकाश गहाई आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंदाकिनी को निर्मल करने के लिए चलाया गया सफाई अभियान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा पूर्ण निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को जीवनदायिनी मां मंदाकिनी नदी को स्वच्छ बनाने के लिए दो दिवसीय सफाई अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अभियान में उत्तर प्रदेश के मंत्रियों सहित धर्मनगरी के साधु-संत व समाजसेवियों ने नदी में श्रमदान किया। साथ ही श्रद्धालुओं व आम जनमानस को नदी में गंदगी न करने के लिए जागरूक किया।

धर्मगनरी में कामदगिरि पर्वत और माता मंदाकिनी दोनों का विशेष महत्व है। जिसके सफाई और संरक्षण को लेकर दीनदयाल शोध संस्थान पिछले कई वर्षों से प्रयासरत है। इसी प्रयास के तहत दो दिवसीय सफाई अभियान का आयोजन किया गया। जिसके तहत रविवार को रामघाट व राघव प्रयाग में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के जल शक्तिमंत्री स्वतंत्र देव सिंह व राज्यमंत्री रामकेश निषाद सहित भाजपा नेताओं, साधु-संतों व समाजसेवियों ने श्रमदान किया।

श्रमदान के दौरान उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि समाज और शासन के प्रयास से मां मंदाकिनी नदी की स्वच्छता के लिए इस तरह का अभियान चलता रहेगा। दीन दयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि धर्मगनरी आने वाले श्रद्धालु और यहां निवास करने वाले आम लोग घरों में पूजा-अर्चना, हवन और अभिषेक के दौरान निकलने वाली पूजन सामग्री, फूल-मालाओं को मंदाकिनी में प्रवाहित करते हैं, जिससे नदी का पानी प्रदूषित हो जाता है। साथ ही घाट पर भी गंदगी फैलती है। बताया कि इसे रोकने के लिए प्रत्येक मठ-मंदिरों, प्रमुख स्थानों तथा घाट के किनारों पर विसर्जन कुंड बनाए जाएंगे।

जिसमें लोग पूजा के बाद बचे सामान को उचित सम्मान के साथ विसर्जित कर सकेंगे। बताया कि मंदाकिनी स्वच्छता अभियान को अनवरत जारी रखते हुए प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को श्रमदान कर नदी की सफाई की जाएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों से अनुरोध किया कि नदी के जल ग्रहण क्षेत्र में अधिक से अधिक पौध रोपण कर उनकी दो-तीन वर्षों तक देख-रेख करें। लोगों से कहा कि सिंगल उपयोग प्लास्टिक का प्रयोग न करते हुए भण्डारा प्रसाद के लिए पर्यावरण के रक्षार्थ पत्तों से तैयार दोना-पत्तल का अधिकाधिक प्रयोग करें तथा नदी में स्नान के दौरान साबुन-शैम्पू आदि का प्रयाग न करें। कहा कि स्वच्छ चित्रकूट-सुन्दर चित्रकूट लक्ष्य को साकार करने में सहभागी बन पुण्य लाभ अर्जित करें। बताया कि सोमवार को होने वाले सफाई अभियान में मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी भी शामिल होकर श्रमदान करेंगे।

सफाई अभियान में भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा नेता अश्विनी अवस्थी, आलोक पांडेय, पद्मश्री जल पुरुष डॉ उमाशंकर पांडेय, रीवा कमिश्नर बीएस जामोद, आईआईटी रूड़की से प्रो. आशीष पांडेय, पूर्व आईएएस विराग गुप्ता, समाजसेवी प्रवल राव श्रीवास्तव सहित डीआरआई के कार्यकर्ता व समाजसेवी आदि ने श्रमदान किया।



### दिल्ली एयरपोर्ट की पार्किंग का शेड फटा...

दिल्ली में शनिवार रात आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश हुई। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पार्किंग का वीडियो वायरल है। इसमें वाहन जिस शेड के नीचे पार्क किए गए हैं वो बारिश के कारण फट गया। बारिश के कारण एयरपोर्ट पर 100 से ज्यादा फ्लाइट... पढ़ें पेज 12 पर...

# 151 पूर्व सैनिकों का सम्मान, शहीदों को श्रद्धांजलि

## 'एक दिन भारत देश की सेना के नाम' में देशभक्ति का अनुपम संगम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ, आदर्श व्यापारी एसोसिएशन ने भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को समर्पित एक अद्वितीय आयोजन कर हर देशवासी का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। होटल पार्टी प्लैनेट में आयोजित इस कार्यक्रम में एक दिन भारत देश की सेना के नाम भावपूर्ण तरीके से मनाया गया।

### 151 पूर्व सैनिकों का सम्मान

देश की रक्षा में अपने जीवन के अमूल्य वर्ष समर्पित करने वाले 151 वीर पूर्व सैनिकों को मंच पर शॉल, मोमेंटो और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। यह दृश्य उपस्थित जनसमूह की आंखों को नम कर गया।



### शहीदों को श्रद्धांजलि

हाल ही में सिक्किम में मित्र की जान बचाते हुए शहीद हुए जवान समेत अन्य अमर वीरों को दो मिनट का मौन रखकर नमन किया गया। पूरा हाल उस समय देशभक्ति की भावना से गूंज उठा।

### वीरता को सलाम

भूतपूर्व राष्ट्रीय सैनिक मंच के अध्यक्ष एवं पूर्व नौसेना अधिकारी अजय कुमार, कर्नल मालवीय, और पूर्व वायुसेना अधिकारी अश्विनी मेहता ने अपने संबोधन में भारतीय सैनिकों की अडिग निष्ठा और अदज्य साहस को सराहा।

### सैनिकों का मनोबल बढ़ाने का संदेश

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने भावुक होते हुए कहा, हर बाजार और संस्था का कर्तव्य है कि सैनिकों का सज्मान करे, जिससे सीमा पर तैनात हर जवान का मनोबल ऊँचा रहे।

### गौरव की अनुभूति

आकाश अग्रवाल ने कहा, आज उन वीरों को सज्मानित कर आत्मा तक गौरवान्वित हो उठी है जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया।

### व्यापक सहभागिता

कार्यक्रम में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद राजवंशी, उपाध्यक्ष पंकज वर्मा, प्रवक्ता पवन शुक्ला, सचिव सतीश चतुर्वेदी, पूर्व मेयर प्रत्याशी अजय त्रिपाठी मुन्ना, लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री सतेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष राजकुमार रावत सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, महिलाएं, गणमान्य नागरिक और सैनिक उपस्थित रहे।

### देशभक्ति की मिसाल बना आयोजन

इस कार्यक्रम ने न केवल वीर सैनिकों के प्रति समाज की कृतज्ञता को दर्शाया, बल्कि नई पीढ़ी के दिलों में देशभक्ति की लौ और प्रज्वलित कर दी। एक दिन भारत देश की सेना के नाम केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के उन प्रहरी वीरों को समर्पित एक भावपूर्ण प्रणाम था, जिनके कारण हम निश्चिंत जीवन जी पा रहे हैं।

# स्टंट करते नाबालिगों की स्कूटी एसयूवी से टकराई, दो की मौत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के पारा में रविवार को आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर स्कूटी से स्टंट कर रहे दो नाबालिग दोस्तों की तेज रफ्तार एसयूवी से टक्कर के बाद मौत हो गई। मृतकों की पहचान खाला बाजार, बुलाकी अड्डा निवासी 15 वर्षीय पीयूष गहलोत और 17 वर्षीय आयुष के रूप में हुई है। पुलिस ने एसयूवी चला रहे एक बैंक अधिकारी को हिरासत में ले लिया है। यह हादसा रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे आगरा एक्सप्रेसवे पर मौदा मोड़ के पास हुआ। पीयूष (कक्षा सात का छात्र) और आयुष (सेल्समैन) बिना हेलमेट के स्कूटी पर स्टंट कर रहे थे, तभी आयुष का स्कूटी पर से नियंत्रण बिगड़ गया। स्कूटी सामने से आ रही एक एसयूवी से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों दोस्त उछलकर दूर जा गिरे और स्कूटी अलग जा गिरी।वहीं हादसे को देखकर वहां से गुजर रहे लोगों की रूह कांप उठी। स्थानीय लोगों ने तुरंत एसयूवी चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनों दोस्तों को ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के मुताबिक, एसयूवी चालक दिल्ली में एक बैंक में कार्यरत है और अपने परिवार के साथ लखनऊ आ रहा था। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

### परिवारों में मातम

हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में मातम छा गया। आयुष के परिवार में उनके पिता रवि कुमार सिंह, मां देविका और बड़ा भाई ऋषभ गहलोत हैं, जबकि पीयूष के परिवार में उनकी मां, पिता और दो भाई हैं। अस्पताल में दोनों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस दुखद घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।

# अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान के तहत बीकेटी में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले में अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान के तहत विधानसभा बख्शी का तालाब में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन श्रीपति लान में किया गया। बता दें कि इस पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री भाजपा अर्चना मिश्रा उपस्थिति रही। वहीं सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा की गई। इस दौरान उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक करने के लिए एवं अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पंचायत के प्रतिनिधि सबसे महत्वपूर्ण माध्यम हैं आगे उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास मातृ शक्ति के गौरव से भरा पड़ा है भारत में अनेक विदुषी और वीरांगनाएं हुई है जिन्होंने देश को दिशा एवं गति देने का काम किया है उन्हीं में से एक अहिल्याबाई होलकर कुशल प्रशासिका न्याय प्रिय एवं धार्मिक कार्यों के लिए भारत के इतिहास में प्रसिद्ध है उनकी धार्मिकता का परिचय इस बात से होता है कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भगवान शिव को समर्पित कर दिया था शासकीय कार्यों में अपने हस्ताक्षर के स्थान पर भगवान शिव का नाम लिखती थी आगे उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने शासनकाल में किसानो को लेकर उन्होंने जो काम किया वह आज भी अनुकरणीय है उन्होंने किसानो की फसलों के नुकसान पर मुआवजा देने की व्यवस्था की थी, महिलाओं को सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए उनके कार्य आज भी प्रासंगिक है महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगार से जोड़ने के लिए उन्होंने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया आगे उन्होंने कहा कि आज केंद्र की सरकार जो जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है इन योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगार से जोड़ने का जो प्रयास चल रहा है इसमें अहिल्याबाई होल्कर जी की कार्यशैली दिखाई देती है उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने एक कुशल प्रशासिका एवं समाज सुधारक के रूप में कार्य करते हुए एक आदर्श स्थापित किया जो आज के आधुनिक समाज के लिए भी अनुकरणीय है ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लीड करने वाली हमारी मातृशक्ति के रूप में दो महिलाएं रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज मातृशक्ति भय मुक्त होकर देश के विकास में अपना सहयोग प्रदान कर रही हैं।

## एनडीए मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में शामिल हुए सीएम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नई दिल्ली स्थित अशोका होटल में आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में सम्मिलित हुए। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य नीति निर्धारण, सुशासन, विकास और समन्वय के मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण बनाना रहा। प्रधानमंत्री ने केंद्र और राज्यों के बीच मजबूत समन्वय पर ज़ोर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की प्रगति, केंद्र की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और जनकल्याणकारी प्रयासों की जानकारी साझा की।

# रहीमाबाद के अशोका हॉस्पिटल में की गई स्पाइन सर्जरी



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

महिला पूर्ण रूप से स्वस्थ परिजनों ने डॉक्टर को दिया धन्यवाद मलिहाबाद लखनऊ अशोक हॉस्पिटल के साथ लगातार नई नई उपलब्धियां जुड़ रही है शुक्रवार को 50 वर्षीय लज्जावती का स्पाइन सर्जरी किया गया जो पूर्ण रूप से सफल रहा। बताते चलें कि रहीमाबाद स्थित अशोका हॉस्पिटल के साथ लगातार नई-नई उपलब्धियां जुड़ रही हैं शुक्रवार को रंडाखेड़ा निवासिनी लज्जावती 50 वर्ष का स्पाइन सर्जरी किया जो पूर्ण रूप से सफल रहा। इससे पहले मरीज लज्जावती ने बताया कि उनके पैरों में दर्द था झुनझुनाहट होती थी तथा चलने में पैरों में कमजोरी लगती थी दिन प्रति दिन पैरों में सुन्नपन बढ़ता जा रहा था उसने अशोका हॉस्पिटल रहीमाबाद में डॉक्टर अशोक रावत ऑर्थोपेडिक एवं स्पाइन सर्जन को दिखाया डॉक्टर अशोक रावत ने लज्जावती को बताया कि उनकी नस का रास्ता सकरा है जिसके लिए ऑपरेशन करने की जरूरत है महिला तथा उसके परिजनों की रजा मंदी के बाद डॉ अशोक रावत तथा डॉक्टर एनेस्थेटिक की टीम ने महिला का ऑपरेशन किया जिसके बाद से रोगी के नसों का दर्द खत्म हो गया अब महिला अपनी गतिविधियों को सामान्य रूप से कर सकती है।

### आर्थिक रूप से कमजोर महिला का किया गया उपचार

मरीज लज्जावती ने बताया वह अत्यंत गरीब परिवार की महिला है और बड़े शहरों में इलाज करने के लिए उसके पास पैसे नहीं थे लेकिन रहीमाबाद के अशोका हॉस्पिटल में महिला का इलाज निशुल्क हुआ यह महिला और उसके परिवार के लिए वरदान से कम नहीं है महिला और उनके परिवार वालों ने ऑर्थोपेडिक एवं स्पाइन सर्जन डॉक्टर अशोक रावत एवं डॉक्टर की पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

# दबंगों ने विधवा से की मारपीट, घर में घुसकर बेटी से छेड़छाड़, पति के कर्ज के नाम पर उत्पीड़न

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के हजरतगंज इलाके में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां दबंगों ने एक विधवा महिला के घर में घुसकर न केवल उसके साथ मारपीट की, बल्कि उसकी बेटियों से भी छेड़छाड़ की। यह भयावह घटना पति द्वारा लिए गए कर्ज की वसूली के नाम पर अंजाम दी गई, जबकि महिला पति के निधन के बाद से ही आर्थिक तंगी का सामना कर रही है। वजीर हसन रोड, गोखले मार्ग निवासी सुषमा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पति बबलू ने नवंबर 2023 में बच्चा सोनकर से 50 हजार रुपये उधार लिए थे, जिसका वे नियमित भुगतान कर रहे थे। दुर्भाग्यवश, मार्च 2024 में पति का निधन हो गया। गृहणी होने के कारण सुषमा कोई काम नहीं करती हैं, जिसके चलते पति की मृत्यु के बाद उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। वह अपने पांच बच्चों की देखभाल रिश्तेदारों की मदद से कर रही हैं। सुषमा के मुताबिक, 11 मई को बच्चा सोनकर, सत्यम सोनकर, सोनू सोनकर, रितेश, पिंकी, विमला सोनकर सहित 10-15 अज्ञात लोग उनके घर का ताला तोड़कर घुस गए। अंदर आते ही उन्होंने पैसों की मांग करते हुए गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। महिला ने आरोप लगाया कि घर में घुसे दबंगों ने उनकी बेटियों के साथ भी छेड़छाड़ की। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस घटना का वीडियो बनाया है, जिसे वह सबूत के तौर पर पुलिस को सौंपेंगी। सुषमा ने मदद के लिए 1090 पर कॉल भी किया था, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराने की बात कहकर चली गई। पीड़ित महिला का आरोप है कि आरोपी उसे घर से निकालकर उस पर कब्जा करना चाहते हैं। वे उसे मकान खाली न करने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। पुलिस ने सुषमा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर से कमजोर और असहाय लोगों के प्रति समाज में बढ़ते आपराधिक मानसिकता पर चिंता व्यक्त की है। यह देखना बाकी है कि पुलिस इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई करती है और पीड़ितों को न्याय दिला पाती है।

# लखनऊ में आधी रात तड़तड़ाई गोलियां, अधिवक्ताओं के दो गुटों में हुई फायरिंग, दो वकील ट्रॉमा सेंटर में भर्ती, इलाज जारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के वजीरगंज थाना क्षेत्र के कैसरबाग बस अड्डा डिपो के पास फायरिंग से हड़कंप मच गया। बता दें कि राजधानी लखनऊ में आधी रात के आसपास गोलियों की तड़तड़ाहट से हड़कंप मच गया, फायरिंग सुनकर आसपास अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को दो वकील लहूलुहान हालत में गिरे मिले। दोनों को तत्काल पुलिस ने केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, एक वकील के कंधे और दूसरे के गले के पास गोली लगी है फिलहाल, उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है, यह वारदात वजीरगंज थाना क्षेत्र के कैसरबाग बस स्टेशन वर्कशॉप तिराहे के पास की है। फायरिंग की यह घटना अधिवक्ताओं के दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर हुई, घायल वकीलों के नाम कुंवर अंबिका सिंह और साकिब हैं, दोनों पेशे से वकील हैं और किसी बात को लेकर इनके बीच रंजिश चल रही थी,गोलीकांड की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में अधिवक्ता ट्रॉमा सेंटर पहुंच गए, वकीलों की बढ़ती संख्या देखकर पुलिस को भी सुरक्षा-व्यवस्था बढ़नी पड़ी। जानकारी के मुताबिक, अधिवक्ता कुंवर अंबिका सिंह उर्फ डब्बू सिंह तथा वकील साकिब के बीच महीनों पुरानी रंजिश चली आ रही थी, बीते शनिवार रात में साकिब अपने साथियों के साथ बस डिपो कचहरी के पास बने चेंबर में इसको लेकर दोनों गुटों में पहले भी कई बार विवाद हो चुका है, इसी बात को लेकर शनिवार देर रात वजीरगंज थाना के कैसरबाग बस अड्डे के वर्कशॉप तिराहे के पास दोनों फिर आमने-सामने आ गए और कहासुनी से बात इतनी बढ़ी की गोली चल गई। वहीं गोली चलने से अधिवक्ता कुंवर अंबिका सिंह उर्फ डब्बू और साकिब घायल होकर गिर पड़े, अंबिका सिंह के कंधे और साकिब को गर्दन के पास गोली लगी है, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और अधिवक्ता साथियों ने दोनों को लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। दोनों का इलाज किया जा रहा है। वहीं मौके की गंभीरता को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को मेडिकल कॉलेज के बाहर तैनात कर दिया गया, फिलहाल पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज के मदद से घटना की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं डीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार देर रात लगभग 11:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि कैसरबाग वर्कशॉप के पास फायरिंग हुई है, दो लोगों को गोली लगी है, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। सुरक्षा को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात की गई है, हालात नियंत्रण में हैं।



# फूड प्रोसेसिंग में जोड़ी जा रही स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं

- प्रधानमन्त्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन बडी संख्या मे स्थापित हो रहे उद्यम
- आम किसानों तक पहुंचाया जा रहा है मोदी मिशन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन मे प्रदेश मे बडी संख्या मे स्वयं सहायता समूहों की महिलाओ को फूड प्रोसेसिंग गतिविधियों से जोडा जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों के इस सेक्टर से जुडने से महिलाओ की आमदनी मे इजाफा हो रहा है। कृषि उत्पादों के साथ उनकी प्रोसेसिंग व भण्डारण के क्षेत्र मे किसानो की बढती रूचि से विकसित भारत के मोदी के मिशन को आम किसानों तक पहुंचाया जा रहा है।प्रधानमन्त्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन के तहत बडी संख्या मे उद्यम स्थापित किये जा रहे हैं। नीतिगत हस्तक्षेपों, बुनियादी ढांचे के विकास और व्यापार करने में आसानी के सुधारों के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।यूपी की खाद्य प्रसंस्करण नीति पूंजी सब्सिडी, ब्याज छूट और प्रसंस्करण इकाइयों, कोल्ड चेन और लॉजिस्टिक्स पार्कों की स्थापना के लिए समर्थन सहित आकर्षक प्रोत्साहन करती है। पीएम फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज पीएमएफएमई योजना के तहत वित्तीय, तकनीकी और प्रशिक्षण सहायता प्रदान करके सूक्ष्म और लघु खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को मजबूत करने के लिए काम किया जा रहा है।

खाद्य प्रसंस्करण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अन्तर्गत निवेश पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन 1100 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 7000 करोड़ रूपये से अधिक का पूंजी निवेश उद्यमियों द्वारा किया जा रहा है।प्रधानमन्त्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन पीएम एफएमई योजना प्रदेश में 14 इनक्यूवेशन-सेण्टर्स भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किये गये हैं। इनकी स्थापना पर प्रदेश के कि स्टार्ट-अप, स्वयं सहायता समूहो, छात्रों आदि को विभिन्न लाभ प्राप्त होगें, जिससे इन सेण्टर्स माध्यम से वित्तीय और आर्थिक लाभ ऋण तक पहुंच में वृद्धि पीएम एफएमई इनक्यूवेशन सेण्टर्स सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों, एफपीओ, एसएचजी और सहकारी समितियों के लिए ऋण तक पहुंच की सुविधा प्रदान करते हैं।पीएम एफएमई योजना में उद्योग लगवाने हेतु जनपद में जनपदीय रिसोर्स पर्सन डीआरपी की तैनाती मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा की जाती है। एक इकाई की स्थापना कराने में इन्हें धनराशि 20000 रूपये उपलब्ध करायी जाती है, अभी तक 17150 इकाईयों से अधिक स्वीकृत की जा चुकी हैं, जिन्हें 500 करोड़ से अधिक अनुदान धनरशि समय-समय उपलब्ध करायी गयी है।उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा चयनित 10000 महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को 30 करोड़ कार्यशील पूंजी उपलब्ध करायी गयी, जिनके माध्यम से महिलायें खाद्य प्रसंस्करण आधारित उत्पाद तैयार करते हुए स्थानीय स्तर पर विक्रय कर रही हैं।प्रदेश में विभिन्न बैंकों के द्वारा पीएम एफएमई योजना में 17000 करोड़ से अधिक टर्म लोन स्वीकृत किया गया है।पीएम एफएमई योजना अन्तर्गत इस वर्ष स्वीकृत प्रस्ताव सर्वाधिक हैं।

## पर्यटन से जुड़ेगा थारू समुदाय : जयवीर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

दुधवा नेशनल पार्क में पर्यटन बढ़ाने में जुटे उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म ईको डेवलेपमेंट बोर्ड ने अनोखी पहल की है। पार्क के आसपास बसी था जनजाति को पर्यटन से जोड़ा जा रहा है। इनके प्रसिद्ध खानपान, जीवनशैली और हस्तशिल्प को पर्यटकों तक पहुंचाने की तैयारी शुरू कर दी गई है ताकि स्थानीय लोगों की आय में भी वृद्धि हो। निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र के नेतृत्व में बोर्ड के अधिकारियों का दल पिछले दिनों थारू गांवों का दौरा किया था। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दुधवा के जंगलों की गोद में बसे लखीमपुर खीरी जिले के नौ गांवों में फैली थारू जनजाति, जो सदियों से प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर जीवन व्यतीत करती आ रही है, अब अपनी संस्कृति और परंपराओं के जरिए अपनी पहचान को आर्थिक समृद्धि में बदलने को तैयार है। उत्तर प्रदेश इको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने इस जनजातीय समुदाय के पारंपरिक व्यंजनों, हस्तशिल्प और जीवनशैली को पर्यटन का हिस्सा बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। इसका उद्देश्य न केवल वन्यजीव पर्यटन का विस्तार करना है बल्कि स्थानीय समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है।

# युवक को दौड़ाकर मारी तीन गोली, हालत नाजुक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर इलाके में आज दिनदहाड़े बदमाशों ने एक युवक को दौड़ाकर तीन गोलियां मार दीं, जिससे उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। घायल युवक को तुरंत लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उसकी जान बचाने की हरसंभव कोशिश कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा और पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। वहीं पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सर्वोदय नगर निवासी मुरसलीन का दोपहर करीब 2 बजे बालाजी भोजनालय में अपने एक रिश्तेदार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि भोजनालय के मालिक को हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को वहां से हटाना पड़ा। शाम लगभग 5 बजे मुरसलीन एक बार फिर उसी भोजनालय पर पहुंचा। इसी दौरान, दो कारों में सवार होकर 10 से 15 की संख्या में बदमाश वहां आ धमके। बदमाशों को अपनी ओर आता देख मुरसलीन ने बालाजी भोजनालय के अंदर भागकर अपनी जान बचाने की कोशिश की। हालांकि, बदमाशों ने उसे भोजनालय के अंदर तक दौड़ाया और उस पर ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में मुरसलीन को तीन गोलियां लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं पुलिस ने शुरुआती जांच के आधार पर इसे आपसी रंजिश का मामला बताया है। पुलिस टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान हो सके। फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद इंदिरानगर इलाके में दहशत का माहौल है, और स्थानीय लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे हैं।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत अनुसंधान किसान के द्वार कार्यक्रम का आयोजन


- गोंडा के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर वैज्ञानिकों की टीम किसानों से सीधा संवाद स्थापित करेगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

कृषि मंत्री, भारत सरकार की अनुशंसा के अनुरूप, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद आईसीएआर के अधीन कार्यरत राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो आईसीएआर एनबीएफजी लखनऊ आगामी 29 मई 2025 से 12 जून 2025 तक एक विशेष 15 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस अभियान में आईसीएआर एटीएटीए उत्तर प्रदेश, कृषि विज्ञान केंद्र केवीके सीतापुर एवं गोंडा के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर वैज्ञानिकों की टीम किसानों से सीधा संवाद स्थापित करेगी। इस दौरान किसानों को उन्नत कृषि प्रजातियों, तकनीकों, जलकृषि (एक्वाफार्मिंग) तथा समग्र कृषि मॉडल्स की वैज्ञानिक एवं आधुनिकतम जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसंधान किसान के द्वार÷ की परिकल्पना को साकार करते हुए, वैज्ञानिकों को किसानों की जमीनी समस्याओं से अवगत कराना और उनके समाधान के लिए अनुसंधान में आवश्यक सुधार करना है। यह अभियान पूर्व-खरीफ मौसम की तैयारी को ध्यान में रखते हुए किसानों को जागरूक, सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### मुख्य विशेषताएं

- किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों का प्रदर्शन व प्रशिक्षण
- उन्नत बीज, मछली पालन, जल प्रबंधन व फसल विविधीकरण पर जानकारी
- किसानों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनना एवं शोध में समावेश करना
- क्षेत्रीय स्तर पर कृषि विज्ञान केंद्रों की भागीदारी और सहयोग
- यह अभियान भारत सरकार के सशक्त किसान, समृद्ध भारत के संकल्प को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा।



# सांसद ने 1121 सोलर लाइटों का भेजा प्रस्ताव

## गांवो में प्रकाश फैलाने को सांसद ने की पहल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अंधेरे से निजात दिलाने की दिशा में सांसद किशोरी लाल शर्मा ने एक ठोस और दूरदर्शी कदम उठाया है। उन्होंने अपनी सांसद निधि से 1121 सोलर स्ट्रीट लाइटें लगवाने का प्रस्ताव विकास विभाग को भेजा है।

यह पहल जहां ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देगी, वहीं रात्रिकालीन सुरक्षा, आवागमन और सामाजिक गतिविधियों में उल्लेखनीय सुधार लाएगी। सांसद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्य उत्तर प्रदेश स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड प्रयागराज के माध्यम से कराया जाएगा। संस्था द्वारा तैयार तकनीकी एस्टीमेट को विकास विभाग को भेजा गया है। अनुमोदन के बाद संबंधित कार्यदायी संस्था को धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी,ताकि कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो सके।

परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव ने बताया कि प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। ब्लॉकवार विवरण के अनुसार बाजार शुकुल व जगदीशपुर में 143भेटुआ, भादर, संग्रामपुर व अमेठी में 287, तिलोई, सिंहपुर व बहादुरपुर में 241 और गौरीगंज व शाहगढ़ में 275 सोलर स्ट्रीट लाइटें प्रस्तावित हैं। इन लाइटों की स्थापना से ग्रामीण गलियों, चौराहों, विद्यालयों, मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर रात्रिकालीन रोशनी सुनिश्चित होगी। इसके अतिरिक्त सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अमेठी क्षेत्र के प्रमुख हाईवे के चौड़ीकरण व उन्नयन के लिए भी प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। जिससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था और संपर्क क्षमता को मजबूती मिलेगी।

## सेवा पुस्तिकाओं के गायब होने पर शिक्षक संगठन आक्रोशित, कार्रवाई न होने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ करेगा धरना-प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । बछरावां, रायबरेली**

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बछरावां में शिक्षकों की सेवापुस्तिकाओं के गायब होने और इस गंभीर समस्या के समाधान में लगातार टालमटोल रवैया अपनाए जाने से शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सेवापुस्तिका किसी भी सरकारी कर्मचारी, विशेष रूप से शिक्षक का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है, जिसमें सेवा रिकॉर्ड, वेतन, पदोन्नति और पेंशन आदि से संबंधित समस्त विवरण संकलित होते हैं। इसके गायब होने पर शिक्षक को अनेक प्रकार की प्रशासनिक और वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ता है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बछरावां इकाई ने खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बीआरसी बछरावां में अनुपलब्ध सेवा पुस्तिकाओं की नामवार सूची जारी करने की माँग की है। संगठन ने स्पष्ट किया कि 10 मार्च 2025 को दिए गए ज्ञापन के बाद 24 मार्च को हुई वार्ता में कार्यालय सहायक ने लगभग दो दर्जन से अधिक सेवापुस्तिकाओं के गायब होने की बात कही थी। इस पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा एक सप्ताह में सूची देने का आश्वासन भी दिया गया, परन्तु दो माह बीतने के बावजूद सूची आज तक नहीं सौंपी गई। इस संदर्भ में यह गंभीर सवाल उठ रहा है कि क्या खंड शिक्षा अधिकारी बछरावां शिक्षकों को जानबूझकर भ्रमित कर रहे हैं? यदि सेवा पुस्तिकाएं कार्यालय में सुरक्षित हैं, तो सहायक द्वारा अनुपलब्ध होने की जानकारी क्यों दी गई? वहीं, संगठन ने यह भी आरोप लगाया है कि पहले से ही कार्यालय में भ्रष्टाचार की शिकायतें उच्चाधिकारियों को ज्ञापनों के माध्यम से दी जाती रही हैं, जिन पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। गौरतलब है कि खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजे गए पत्र में एक प्रधानाध्यापिका की सेवापुस्तिका के गुम होने की पुष्टि भी की गई है, जिससे संगठन की आशंकाएँ और मजबूत हुई हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, शशिलेश कुमार, राम रतन, आशुतोष शुक्ल, अभिनव सिंह चौहान, लोकतंत्र शुक्ल, अर्पित श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन, अमरेश कुमार, शैलेन्द्र वर्मा, राहुल वर्मा, राम प्रकाश, रमेश कुमार, प्रशांत मोहन, धीरज, वीरेंद्र सिंह, नीरज कुमार, दीपक कुमार, देवेंद्र कुमार, आलोक सिंह आदि ने माँग की है कि खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बछरावां और बीआरसी बछरावां में व्याप्त अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सेवापुस्तिकाओं की स्थिति स्पष्ट नहीं की गई और समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ, तो वे धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

## बलिदानी लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी के परिवार से मिले सांसद अवधेश प्रसाद, योगी सरकार से की ये डिमांड

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या में सांसद अवधेश प्रसाद बलिदानी लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी के परिवार से मिले। उन्होंने योगी सरकार से बलिदानी शशांक तिवारी के नाम पर उनके घर तक सड़क बनवाने की मांग की। साथ ही परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता देने की मांग की है।



रामनगरी अयोध्या के लाल लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी सिक्किम में बलिदान हो गए। रविवार को समाजवादी पार्टी से सांसद अवधेश प्रसाद उनके परिवार से मिले। परिवार से मुलाकात करके शोक व्यक्त किया। उन्होंने योगी सरकार से बलिदानी शशांक तिवारी के नाम पर उनके घर तक सड़क बनवाने की मांग की। सांसद ने बलिदानी के परिवार को एक करोड़ रुपये की सहायता देने की मांग की है। सांसद अवधेश प्रसाद ने सांसद निधि से लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी के नाम पर एक द्वार बनाए जाने का संकल्प भी लिया है। सिक्किम में अपने साथी को बचाते हुए अयोध्या के लाल लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी वीरगति को प्राप्त हो गए थे। शनिवार को राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ था।

इस दौरान सांसद ने कहा कि शशांक तिवारी ने पूरे देश में वीरता का परिचय दिया है। उनका नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। छात्र जीवन से ही शशांक होनहार थे। ऐसे प्रतिभाशाली लाखों में एक पैदा होते हैं। ऐसी मां को भी प्रणाम है, जिन्होंने इस बहादुर को जन्म दिया।

अयोध्या सांसद ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि सड़क निर्माण को लेकर तत्काल नाप जोख किया जाए और शासन से पैसा स्वीकृत करते हुए जुलाई तक हर हाल में बलिदानी के घर जाने वाली सड़क को बनवाया जाए। सांसद ने कहा कि सांसद निधि से बलिदानी लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी के नाम पर एक द्वार बनाने का मै संकल्प लेता हूं।

## स्मृति ईरानी आज अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी गोष्ठी को करेंगी सम्बोधित

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा



शिवभक्त पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।बताते चलें कि अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण की मिसाल थी।तीन सौ साल बाद भी उनके द्वारा किए गए कार्यों को लोग आज भी बड़े श्रद्धा और भाव से याद करते हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित होगी।गोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी संबोधित करेंगी।गोष्ठी गौरीगंज स्थित जामो रोड पर रणंजय इंटर कॉलेज मैदान में 3ः00 बजे आयोजित होगी। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गोष्ठी में सभी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं आम जनमानस महिलाएं भारी संख्या में शामिल होंगे।

# रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य का आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लांट रायबरेली का दौरा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) संजय कुमार पंकज ने आज आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) एवं फोर्ज्ड व्हील प्लांट रायबरेली का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा सहित अन्य उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की और बीते वर्ष के रिकॉर्ड उत्पादन हेतु बधाई दी।



श्री पंकज ने फोर्ज्ड व्हील प्लांट में पहियों के उत्पादन को वर्तमान में 60,000 व्हील प्रति वर्ष करने और आने वाले वर्षों में इसे 80,000 व्हील और उससे अधिक तक ले जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्पादन क्षमता में सतत वृद्धि और अवसंरचना विकास पर बल दिया।

दौरे के दौरान उन्होंने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंग शॉप का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कोच वेल्डिंग की गुणवत्ता, साइडवॉल निर्माण, लेजर कटिंग मशीन, कोच रूफ वेल्डिंग आदि की बारीकियों को समझा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मशीनों की कार्य दक्षता का अवलोकन किया और कर्मचारियों से संवाद करते हुए उनकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आरेडिका में हाल ही में लगी नई मशीनों के संचालन तंत्र का विशेष रूप से अवलोकन किया। साथ ही फिनिशिंग शॉप में सामान्य यात्रियों के लिए बनाए जा रहे दीन दयालु कोच, स्लीपर कोच तथा वन्दे भारत कोच के प्रोटोटाइप का भी निरीक्षण किया। फोर्ज्ड व्हील प्लांट में उन्होंने उत्पादन विस्तार और अधोसंरचना विकास के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लांट के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खंडेलवाल, पीएफए बी.एल. मीना, पीसीईई मनोज कुमार जिंदल, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अकमल वदूद, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, पीसीएमओ डॉ. आभा जैन तथा फोर्ज्ड व्हील प्लांट के प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल प्रियदर्शी शामिल रहे।

## योग हमें अपने आप से जुड़ने और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने में है मददगार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

प्रतिदिन की तरह रविवार को प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक शहर के सई नदी किनारे स्थित शहीद स्मारक, राणा बेनी माधव बख्श सिंह पार्क में मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली के संयोजक प्रदीप पांडेय एवं संरक्षक समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष भगवत प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष योगाचार्य बृजमोहन और योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता के नेतृत्व में दैनिक निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शहर स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल के प्रबंधक एवं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एवं समाजसेवी शिविर में पधारे मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद श्रीवास्तव एवं मिशन के जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल का माला व बुके से संयोजक ने इकाई की ओर भव्य स्वागत अभिनंदन किया।



अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि योग हमारे जीवन को संतुलित और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और अध्यात्मिक उन्नति का भी मार्ग प्रशस्त करता है। इकाई के जिला संरक्षक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के प्रमुख समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि योग एक ऐसी विधा है जो हमें अपने आप से जुड़ने और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने में मदद करती है। यह हमारे शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होती है। महेंद्र अग्रवाल ने लोगों योग के माध्यम से खूब हंसना सिखाया और अपनी हास्य कला का अदभुत प्रदर्शन लोगों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की छवि पर माल्यार्पण से हुआ योग शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ और वंदे मातरम के जय घोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। इसके बाद मुख्य अतिथि अरविंद श्रीवास्तव और संरक्षक समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल को प्रतीक चिन्ह में भगवान श्रीराम की बाल छवि, भेंट कर इकाई के संयोजक और योगाचार्य, मंडल अध्यक्ष ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। योग शिविर में आए हुए अतिथियों के प्रति आभार जताया और कृतज्ञता व्यक्त किया। इस मौके पर मातृभूमि सेवा मिशन इकाई की ओर से मुख्य रूप से जूडो कराटे कोच आशीष जायसवाल ने एक दर्जन से अधिक बच्चों को जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया। योग साधक मिथिलेश सिंह, रूबी सिंह, संकटा प्रसाद अग्रहरि, दयाराम अग्रहरि, एसबीआई से सेवा निवृत अधिकारी एवं समाजसेवी सुनील कुमार ओझा, अतुल पांडेय, सेवा निवृत्ति कैप्टन राजपाल सिंह भदोरिया, राकेश यादव, वर्षा, गीता, माया देवी, राज अग्रहरि, सचिन अग्रहरि, आकर्ष, छात्रा अनिका गुप्ता, दिनेश मिश्रा, राममिलन सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बाल गृह (बालिका) चक धरौहरा का नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस**/बी.चंद्रकला नोडल अधिकारी ने बाल गृह(बालिका) चक धरौहरा का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बालिकाओं की हस्त निर्मित कलाकृतियों को भी देखा। उन्होंने इस संबंध में बच्चियों से वार्ता की और संचालक अरुण कुमार मिश्रा को निर्देश दिया कि बच्चों को अन्य कलात्मक विषयों चित्रकला, संगीत, सिलाई-कढ़ाई से भी प्रशिक्षित किया जाए। उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाए। केंद्र पर उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने संचालक को निर्देश दिया कि बच्चियों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें घर वापस भेजने के लिए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, अधीक्षका नीतू सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीमेंट से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के थाना मोहनगंज थाना के अंतर्गत रायबरेली अयोध्या मार्ग स्थित शंकरगंज चौराहे से पहले इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के निकट सीमेंट की बोरी लेकर जगदीशपुर की ओर जा रहा था कि अचानक सड़क पर छुट्टा जानवर आ गया, जिसको बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।ट्रक ड्राइवर राम अवध उम्र 43 वर्ष में बताया कि रायबरेली से सीमेंट लेकर जगदीशपुर जा रहे थे, कि रास्ते में यह हादसा हो गया गाली मत रहा की घटना में कोई हताहत नहीं हुई। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि कोई हताहत नहीं हुआ है और न ही किसी प्रकार की कोई प्रार्थनापत्र प्राप्त हुआ है। प्रार्थना-पत्र मिलने पर जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

## धरना दे रहे बिजलीकर्मियों को 5.5 करोड़ रुपये वसूली का नोटिस जारी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या में धरना प्रदर्शन कर रहे बिजली कर्मचारियों के लिए 5.5 करोड़ रुपये वसूली का नोटिस जारी किया गया है और अगर रकम अदा नहीं की तो एफआईआर दर्ज की जाएगी। संविदा बिजली कर्मियों के धरने के 34वें दिन संविदा विद्युत कर्मियों को 5.5 करोड़ रुपये वसूली का नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस मुख्य अभियंता वितरण अशोक कुमार चौरसिया ने जारी किया है। अपनी मांगों के समर्थन में आउटसोर्सिंग बिजली कर्मियों का धरना 34वें दिन भी जारी रहा। मुख्य अभियंता वितरण अशोक कुमार चौरसिया ने अब साढ़े पांच करोड़ का नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि आपकी ओर से 23 अप्रैल से धरना-प्रदर्शन में उच्च तीव्रता के लाउडस्पीकर्स का प्रयोग किया जा रहा है। इसके कारण विभागीय कार्य बाधित हो रहा है। राजस्व का नुकसान भी हो रहा है।




अपेक्षा है कि अविलंब धरना प्रदर्शन स्थगित करना सुनिश्चित करें। अन्यथा 23 से 31 अप्रैल तक 50 लाख रुपये प्रतिदिन व एक से 20 मई तक प्रतिदिन 10 लाख के हिसाब से क्षति की वसूली की जाएगी। रकम अदा न करने पर एफआईआर की चेतावनी भी दी गई। इससे पहले भी मुख्य अभियंता की ओर से नोटिस जारी किया जा चुका है। बिजली कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले धरना दे रहे हैं। दरअसल एक माह पहले 200 से अधिक संविदा बिजली कर्मियों को बिना नोटिस के बाहर कर दिया गया था। नौकरी पर वापस लेने के लिए संविदाकर्मी एक माह से मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने धरना दे रहे हैं।

# भाजपा सरकार विकास अवरुद्ध कर अपराधियों को संरक्षण दे रही: सीएल वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

समाजवादी पार्टी रायबरेली की विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक डीह के बूथ प्रभारियों, सेक्टर प्रभारियों की बैठक सपा ब्लॉक कमेटी द्वारा डीह में आयोजित की गयी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा पासी ने बैठक में उपस्थित बूथ प्रभारियों एवं सेक्टर प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में डीह का सर्वांगीण विकास हुआ था परन्तु बीजेपी की योगी सरकार ने इस क्षेत्र का विकास अवरुद्ध कर दिया है।उन्होंने कहा बूथ प्रभारी अपने संबंधित बूथों पर मतदाता सूचियों का अवलोकन करें मतदाता सूचियों में संशोधन के लिए सक्षम अधिकारियों से शिकायतें करें।



बूथों पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी आमजन से मिलकर समाजवादी पार्टी की सरकारों में डीह ब्लॉक में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों की चर्चा एवं भाजपा सरकार में किसानों, मज़दूरों, युवाओं, छात्रों के साथ हो रहे अन्याय, उत्पीड़न एवं अत्याचार की घटनाओं की भी चर्चा लोगों में करें।आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी के बूथ के कार्यकर्ता का लक्ष्य प्रत्येक बूथ पर अधिक से अधिक मतों से सपा को जिताना होगा।

जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव ने बूथ सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा प्रदेश के शोषितों वंचितों पीड़ितों को न्याय, अधिकार एवं सम्मान दिलाने हेतु अनवरत संघर्ष किया जा रहा है उनकी नीतियों से प्रेरित होकर पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों की एकजुटता बढ़ी है।बूथों पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्ण ज़िम्मेदारी एवं निष्ठापूर्वक सभी पीडीए को एकजुट करना है। उन्होंने कहा कि सपा की कथनी करनी में भेद नहीं है सलोन क्षेत्रवासियों की भावना का सम्मान करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस क्षेत्र को अमेठी जनपद से रायबरेली जनपद में जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। बिजली खाद पानी सड़क शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को अभियान चलाकर लाभ देने का कार्य किया। लेकिन भाजपा सरकार में विकास अवरुद्ध कर सामंतवाद को बढ़ाकर अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा। पूर्व प्रत्याशी चौ. सुरेश निर्मल ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक शोषितों पीड़ितों का साथ न देकर शोषकों अपराधियों का साथ देते हैं क्षेत्र में भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

प्रदेश सचिव सुनील रावत ने कहा कि बीजेपी राज में अधिकारी निरंकुश होकर समाजवादियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहें हैं। सम्मेलन को ब्लॉक अध्यक्ष आदर्श यादव, भूपेश यादव, शिवकुमार टाइगर, राम सागर पासी, विधानसभा उपाध्यक्ष लवकुश मौर्य, बबलू गुर्जर, रामनेवाज यादव, मो. मुशीर, देशराज यादव, आलोक यादव, चन्द्रप्रकाश आज़ाद, अरुण अंबेडकर आदि ने बूथ पर मज़बूत संगठन पर सुझाव एवं विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी जीतेन्द्र यादव, विनोद कुमार, राधेश्याम यादव, डा.रामेश्वर, राजेंद्र वर्मा, हरी यादव, रामसुख यादव, अरविंद पासी, कुलदीप पटेल,जगदीश कमल, लालबहादुर यादव, त्रिभुवन यादव सहित सैकड़ों बूथ एवं सेक्टर प्रभारी उपस्थित रहे।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 26 मई, 2025






**जौनपुर के डीएम ने किसानों को किया प्रेरित...**

समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय पर आज जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती सादगी से मनाई गई। कर्पूरी ठाकुर के संघर्षपूर्ण राजनीतिक जीवन पर वक्ताओं ने... खबर पेज 10 पर...

# जेके कैंसर कानपुर के प्रबंध तंत्र ने आउटसोर्सिंग कर्मचारी को नहीं दिया 5 माह का वेतन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




जे के कैंसर कानपुर का प्रबंध तंत्र लगातार संस्थान में कार्य कर रहे आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के साथ निर्दयतापूर्ण व्यवहार कर रहा है। इतना ही नहीं इस महत्वपूर्ण मामले को संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण का भी अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है। यहां पर काम करने वाले आउटसोर्सिंग कर्मचारी भुखमरी की कगार पर है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की परिवार की हालत बद से बद्तर हो गई है। इतना ही नहीं यह कर्मचारी अपने बच्चों की पढ़ाई की फीस तक नहीं दे पा रहे हैं जिसकी वजह से बच्चों को विद्यालय प्रशासन द्वारा बेइज्जत भी किया जाता है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों द्वारा कई बार संस्थान के निदेशक को प्रार्थना पत्र देकर वेतन दिए जाने की मांग भी की गई लेकिन निर्देशक ने उनकी सभी मांगों को दरकिनार कर दिया।

सूत्रों के बता दे कानपुर के जेके कैंसर में लगभग 35 आउटसोर्सिंग कर्मचारी काम करते हैं। कोरोना कल में इन कर्मचारियों ने रात दिन मेहनत कर कई मरीजों की जान भी बचाई। इतना ही नहीं जिस वक्त पूरे भारत में लॉकडाउन की स्थिति थी उसे वक्त यह कर्मचारी अपने जान की परवाह किए बगैर अपनी ड्यूटी निभा रहे थे। शायद जेके कैंसर अस्पताल का प्रबंध तंत्र इन आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की उन सारी कुर्बानियों को भूल गया है। और आज वह सारे कर्मचारी और उनका परिवार भुखमरी की कगार पर है। दिसंबर माह से लेकर अभी तक इन आउटसोर्सिंग 35 कर्मचारियों का वेतन तक नहीं दिया गया।

जिसकी वजह से इन आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के बच्चों को भी बेज्जती झेलनी पड़ रही है। कुछ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने बताया कि कई बार जेके कैंसर अस्पताल के प्रबंधन तंत्र को प्रार्थना पत्र देकर वेतन दिए जाने की मांग भी की गई।

लेकिन जेके कैंसर में कार्यरत प्रबंध तंत्र में शायद दामिनी फिल्म को देख कर उसे अपने जीवन में चरितार्थ कर लिया है।

उनका जमाना है कि हम देंगे सिर्फ तारीख तारीख पे तारीख लेकिन वेतन नहीं देंगे।

अब देखने वाली बात यह होगी कि आखिर कब जेके कैंसर अस्पताल का प्रबंधन तंत्र आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के फरियाद को सुनता है या फिर ऐसे ही कान में तेल डाले हुए आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के फरियाद को अनसुना करते रहेंगे।

## कांग्रेस पार्टी का सृजन अभियान शुरू

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो शाक़िर हुसैन एडवोकेट ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत फ्रंटल संगठन प्रभारी प्रशांत तिवारी तशरीफ़ लाये और फ्रंटल के सभी जिला अध्यक्षों से मिलकर पार्टी के कार्यक्रम संगठन सृजन को 100 दिन में पूरा करने के बारे में बताया कि कांग्रेस पार्टी सबसे पहले 25 मई तक जिला कमेटी का विस्तार,15 जून तक ब्लॉक कमेटी और शहर कमेटी और 30 जून तक मंडल कमेटी अंत में 15 अगस्त तक बूथ कमेटी का गठन कर लिया जाएगा और उसके बाद पंचायत चुनाव में लगा जाएगा जिससे आने वाले 2027 चुनाव में उत्तर प्रदेश में और 2029 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाई जा सके। इस अवसर पर पूर्व जोनल प्रवक्ता विवेक नारायण मिश्र, पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष दतेंद्र पटेल, निरंकार बौद्ध,एहसानुल हक़ अरविंद अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गंगा स्नान करने गए 6 लोग डूबे, तीन को बचाया एक की मौत–दो की तलाश में जुटी रेस्क्यू टीम






**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शहर के बहुचर्चित मेस्कर घाट पर नहाने के दौरान छह लोग गंगा नदी में डूब गए। गोताखोर ऑन ने उनमें से तीन को बचा लिया। एक नाबालिक का शव बरामद हुआ है जबकि दो अभी भी लापता है। उनकी तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। गंगा में डूबने की बात का पता चलते ही परिजन घाट पर पहुंचे। डूबने वालों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

सूत्रों के मुताबिक रविवार की दोपहर परमपुरवा जूही के रहने वाले राजनारायण का 19 साल का बेटा नंदू, अंकुर उम्र 17 वर्ष पुत्र दीपू रावत, साहिल उम्र 16 वर्ष पुत्र लल्ला कुणाल पुत्र अजय रावत गोलू पुत्र गिरधारी लाल और सोनू पुत्र लल्ला अंसारी गंगा नहाने के लिए गए हुए थे। नहाने के दौरान खेल-खेल में सभी दोस्त गंगा में पानी की गहराई को नहीं भांप सके और अंदर चले गए। इस दौरान तेज बहाव के चपेट में आने से सभी डूबने लगे। चीख पुकार सुन वहां मौजूद गोताखोरों ने तीन को तो बाहर निकाल लिया। लेकिन नाबालिक अंकुर और साहिल के साथ 19 साल का नंदू डूब गया। सूचना पर कैंट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों ने काफी प्रयास के बाद अंकुर रावत उम्र 17 वर्ष का शव बरामद कर लिया। जबकि नंदू और साहिल की तलाश में गोताखोरों टीमें गंगा में तलाशी ऑपरेशन चल रही हैं। कैंट थाना प्रभारी अरविंद राय ने बताया कि बरामद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य दोनों की तलाश में गोताखोर हुआ जल पुलिस की टीमें में लगी हुई है।

# अरौल थाना क्षेत्र के खासपुर गांव में पूर्व प्रधान पर दबंगों ने ईट–पत्थरों से हमला कर लहू लुहान कर दिया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील के थाना अरौल अंतर्गत खासपुर गांव में पूर्व प्रधान पर चार दबंगों ने जानलेवा हमला शनिवार रात करीब 8~30 बजे दबंगों ने ईट पत्थरों से ताबडतोड़ हमला कर दिया ग्रामीणों को आता देख हमलावर धमकी देते हुए भाग गए। पूर्व प्रधान महेश कुमार अपने बेटे को लेने बाइक से बकोठी जा रहे थे। गांव निवासी कमलेश, रामदीन और उनके बेटे रमन व कृष्णा ने उन्हें घेर लिया। चारों ने ईंट-पत्थर और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। महेश कुमार लहूलुहान होकर बाइक से गिर पड़े। हमलावरों ने फिर भी मारना जारी रखा। ग्रामीणो को आता देख हमलावर दबंग धमकी देते हुए भाग गए । पूर्व प्रधान ने बताया हमले की आशंका के चलते घर के अंदर-बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। आरोपी इन्हें हटवाना चाहते थे। दो दिन पहले उन्होंने धमकी भी दी थी। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायल पूर्व प्रधान को पहले सीएचसी ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया। अरौल थानाध्यक्ष जनार्दन यादव ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर हमलावरों की तलाश के लिए एक टीम लगा दी गई है जल्द गिरफ्तारी होगी।

# न्यूरो की बीमारी से परेशान इंटर के छात्र ने फंदा लगाया




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कल्याणपुर थानाक्षेत्र के बारासिरोही में रविवार की सुबह न्यूरो की बीमारी से परेशान इंटर के छात्र ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। बारासिरोही निवासी सुफल (17) आनंदपुरम टिकरा के एक इंटर कॉलेज से 11वीं पास करने के बाद इंटर में गया था। परिवार में मां रमाकांती, बड़ा बेटा सुमित, बहन छवि कुमारी, शुभी हैं। सुफल चौथे नंबर का था।

परिजनों ने बताया कि सुफल का लंबे समय से न्यूरो का हैलट से इलाज चल रहा था। बहन छवि ने बताया कि रविवार सुबह करीब नौ बजे सुफल पहली मंजिल पर नहाने गया था। काफी देर बाद भी वह नीचे नहीं लौटा। वह लोग ऊपर गए तो बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। दरवाजा तोड़ने पर उसका शव रस्सी के फंदे पर लटक रहा था। कल्याणपुर इंस्पेक्टर सुधीर कुमार के अनुसार छात्र ने आत्महत्या की है। प्रथम दृष्टया बीमारी की बात सामने आ रही है।

## मोदी जी की मन की बात से मिले कई सन्देश- अरुण



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सदर विधायक राज्य मंत्री असीम अरुण ने आज मोदी के मन की बात कार्यक्रम को मोहल्ला होली स्थित बूथ संख्या 298 पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ के साथ सुना और मोदी जी के कहे हुए शब्दों को सभी को आत्मसात करने को भी कहा। उन्होनें आगे कहा कि आज मन की बात कार्यक्रम से जून माह के लिए बहुत सी प्रेरणाएं मिली। योग दिवस को सफल बनाने और मधुमक्खी पालन व सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अच्छे मॉडल पर मोदी जी ने मार्गदर्शन किया। वही पीएम मोदी ने आज मन की बात के 122वें एपिसोड में ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास दिया और हम सब भी इस दिशा में मिलकर काम करेंगे। वही इस मौके पर मन की बात कार्यक्रम में सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# प्रशासनिक न्यायाधीश ने किया कारागार का निरीक्षण, रोपा चंदन का पौधा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता, प्रशासनिक न्यायाधीश, कन्नौज/न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश चन्द्रोदय कुमार, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, इन्दु द्विवेदी ए0डी0जे0-प्रथम, श्रद्धा भारतीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लवली जायसवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मौजूद रहे। कारागार में न्यायमूर्ति द्वारा चन्दन के पौधे का पौधरोपण एवम् ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुन्द द्वारा न्यायमूर्ति को अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश की सभी कारागारो में ओपन जिम को बंदियों के स्वास्थ्य लाभ के लिये चालू किया गया है। उत्तर प्रदेश की समस्त कारागारों में जिम स्थापित किया जा रहा है। इस पर न्यायमूर्ति द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी। निरीक्षण के दौरान पाकशाला में बन रहे भोजन को स्वयं देखा। भोजन की तारीफ की। बैरक में निरूद्ध बंदियों की परेड का अवलोकन किया। महिला बैरक में सभी महिला बंदियों को फल वितरण किया किया। महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को कपड़े व टाफी उपहार स्वरूप प्रदान किये। अस्पताल में सभी बीमार बंदियों को फल वितरण किया। अस्पताल में उपलब्ध दवाईयों के सम्बन्ध में चिकित्साधिकारी से विस्तृत जानकारी की गयी। खाद्यान्न का निरीक्षण किया गया। सभी खाद्यान्न सामग्री को चेक किया गया। सभी खाद्यान्न सामग्री की क्वालिटी ठीक पायी।

निरीक्षणोपरान्त न्यायमूर्ति ने कारागार की समस्त व्यवस्थाओं के लिये प्रशंसा की।

निरीक्षण के दौरान कारागार के विजय कुमार शुक्ला जेलर, चिकित्साधिकारी डा0 सिद्धार्थ चौधरी अनुज कुमार उपकारापाल, रामबहाल दुबे उपकारापाल, उपकारापाल उर्मिला सिंह, श्री रामबिहारी फार्मासिस्ट, पंकज कटियार कनिष्ठ सहायक, सुनील कुमार कनिष्ठ सहायक, राहुल चौधरी जेल वार्डर, दीपक कुमार जेल वार्डर, गौरव कुमार जेल वार्डर आदि प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं करेंगी वट पूजा



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

वैवाहिक जीवन की खुशहाली और पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं सोमवार को वट (बरगद) वृक्ष की पूजा करेंगी। हर साल ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि पर यह त्योहार मनाया जाता है। मान्यता है कि वट वृक्ष में सृजन और विस्तार के देवता ब्रह्मा, विष्णु, महेश का वास होता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं वृक्ष पर मौली लपेट कर सात जन्मों का पवित्र बंधन बनाए रखने के लिए पूजा करती हैं। ज्योतिषाचार्य स्वाति सक्सेना ने बताया कि इस बार वट पूजा की तिथि को लेकर भ्रम की स्थिति है लेकिन यह सोमवार को ही मनाया जाएगा। 26 मई को दोपहर 12~12 बजे से मंगलवार सुबह 08~ 31 बजे तक वट वृक्ष की पूजा की जाएगी। उदिया तिथि के अनुसार 26 को व्रत और पूजन करना उचित रहेगा। इस दिन महिलाएं वट (बरगद) वृक्ष का पूजन कर अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि व संतान सुख का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। इस अमावस्या पर उग्र ग्रहों के नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए सप्त अनाज (गेहूं, जौ, दाल, चना, तिल, चावल, मक्का) का दान करते हैं। बरगद की जड़ों में गंगा जल अर्पित करने से ग्रहों की अनुकूलता के साथ जीवन की बाधाएं हटती हैं और सृजनात्मक शक्ति बढ़ती है।

### पहली पूजा का होता विशेष महत्व

ज्योतिष पं. दीपक पांडे ने बताया कि नवविवाहिताओं के लिए मायके से आया लहंगा या लाल रंग की साड़ी में पहली बार पूजा करना शुभ माना जाता है। वट वृक्ष की पूजा में खरबूजे का अलग ही महत्व है। विवाहित महिलाओं को यह व्रत अवश्य करना चाहिए। जिन महिलाओं की जन्मपत्रिका में मांगलिक दोष है या अन्य प्रकार की जीवनसाथी संबंधी दोष है तो उन्हें यह पूजा अवश्य करनी चाहिए।

### बरगदाही अमावस्या के नाम से भी है प्रचलित

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि वट सावित्री व्रत को कई जगह बरगदाही अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु और डालियों व पत्तियों में भगवान शिव का निवास माना जाता है। मां सावित्री भी वट वृक्ष में निवास करती हैं। ऐसा कहा जाता है कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने मार्कंडेय ऋषि को वट वृक्ष में ही दर्शन दिए थे। इसी वजह से धर्म शास्त्रों में वट वृक्ष का पूजन अत्यंत शुभ माना गया है। पंच गौड़ों के लिए सूर्योदय कालव्यापिनी अमावस्या ग्रहण करने का विधान है और दाक्षिणात्यों के लिए चंद्रोदयव्यापिनी पूर्णिमा ग्रहण की जाती है।

# टैंकर पर सो रहे चालक की नींद में 10 फीट नीचे गिरकर मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



गुजैनी थानाक्षेत्र में बसंत पेट्रोल पंप के सामने रविवार सुबह टैंकर के ऊपर सो रहे चालक की गिरकर मौत हो गई। कानपुर देहात के हृदयपुर गांव निवासी खुशीलाल (30) टैंकर चलाता था। रविवार सुबह करीब दस बजे वह टैंकर के पास में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे हैलट अस्पताल पहुंचाया वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जांच के दौरान पुलिस को टैंकर के ऊपर बिस्तर बिछा हुआ मिला। ऐसे में पुलिस मान रही है कि नींद में करीब 10 फीट से गिरने से सीधे सिर पर गंभीर चोट लगी और उसी वजह से जान चली गई।

# समय से सैलरी नहीं देते... लिखकर दुकान में मुनीम ने फंदे से लटककर दी जान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में रविवार सुबह एक मुनीम ने दुकान के अंदर फंदे से लटककर जान दे दी। शव के पास से एक पन्ने का सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें ड्यूटी के दौरान अतिरिक्त काम कराए जाने और समय से वेतन न देने को आत्महत्या का कारण बताया है। नौबस्ता वाई वन ब्लॉक निवासी दुर्गा प्रसाद द्विवेदी (55) पिछले बारह साल से मौरंग मंडी में सस्ता किराया भंडार में काम कर रहे थे।

बेटे अमित और सुमित ने बताया कि रोज की तरह पिता रविवार सुबह पांच बजे चाय बनाने के बाद दुकान के लिए निकल गए। सुबह करीब 8~30 बजे दुकान में काम करने वाले दो कर्मचारियों ने पिता की तबीयत खराब होने की सूचना देकर बुलाया। मौके पर पहुंचे तो पिता का शव फंदे पर लटका मिला।

सांस चलने का आभास हुआ तो आनन-फानन पिता को फंदे से उतारकर पास के अस्पताल ले गए। वहां से डॉक्टरों ने हैलट के लिए रेफर कर दिया। हैलट में डॉक्टर ने दुर्गा प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को पंचायतनामा भरने के दौरान दुर्गा की जेब में एक पन्ने का सुसाइड नोट मिला। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि नोट को सील कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की जा रही है। परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### क्या लिखा है सुसाइड नोट में

मैं मौरंग बेचने के लिए आया था, लेकिन यहां दूसरे काम कराए जा रहे हैं।

पेमेंट भी नहीं बढ़ाते है, और न ही समय से सैलरी देते हैं। इस सब बातों से परेशान होकर अपनी जान दे रहा हूं।

# अवैध संबंधों के शक में पत्नी का गला काटा फिर गोबर के ढेर में दबा दिया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**






अवैध संबंधों के शक में एक पति ने रात करीब 1 बजे अपनी पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी पति ने अपने जीजा को बुलाया। पहले पत्नी के सिर पर ईंट से मारकर बेहोश कर दिया। इसके बाद दोनों उसे बेहोशी की हालत में घर के पीछे बने प्राइमरी स्कूल के मैदान में ले गए। जहां जीजा ने महिला को पकड़ा और पति ने हंसिया से उसका गला रेत दिया।

हत्या करने के बाद आरोपी ने अपने जीजा के साथ मिलकर पत्नी के शव को प्राइमरी स्कूल के पीछे गोबर के ढेर में छिपा दिया। आरोपी पति ने वारदात को अंजाम देने के बाद गुमशुदगी की झूठी कहानी रची। परिवार और पुलिस को दो दिन तक गुमराह किया।

पुलिस ने जब हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है जबकि उसका जीजा फरार है। आरोपी रजनीकांत की 12 साल पहले बबली (30) से शादी हुई थी। उसके एक बेटा और दो बेटियां हैं।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कचाटीपुर गांव निवासी रजनीकांत अपने पत्नी और तीन बच्चों के साथ पुश्तैनी घर में रहता था। 12 साल पहले दोनों की शादी हुई थी। शुरुआत में तो सब कुछ ठीक था, पर करीब एक साल पहले से रजनीकांत को शक हुआ कि पत्नी बबली का किसी गैर मर्द से अवैध संबंध है।

### शाम में फोन बिजी आने पर हुआ था झगड़ा

रजनीकांत शादी-पार्टियों में ढोल बजाता था। शुक्रवार को एक पार्टी में ढोल बजाने गया था। शाम में पत्नी को कॉल किया तो मोबाइल लगातार बिजी बताता रहा। रात 10 बजे घर लौटा तो दोनों के बीच इस बात को लेकर काफी झगड़ा हुआ। रजनीकांत का गुस्सा अभी शांत नहीं हुआ था। रात करीब 11.30 बजे पूरा परिवार खाना खाकर सो गया। माता-पिता घर के बाहर सोए थे, जबकि तीनों बच्चे दूसरे कमरे में। इसी दौरान रात 1 बजे रजनीकांत ने पत्नी को ईंट मारकर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसने अपने जीजा सुरेंद्र को कॉल करके बुलाया। दोनों ने मिलकर पत्नी की हत्या करके शव को ठिकाने लगा दिया। सुरेंद्र ठठिया थाना क्षेत्र के बांकी गांव का निवासी है।

हत्या के बाद रजनीकांत घर आकर सो गया। सुबह जब बबली नहीं दिखी तो परिजन उसे खोजने लगे। इस पर रजनीकांत ने कहा- वह बिना बताए कहीं चली गई है। इसके बाद पिता गन्नी और रजनीकांत ने थाने में जाकर गुमशुदगी दर्ज कराई। रजनीकांत काम के बहाने घर से निकल गया।

गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस ने बबली की तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने रविवार को रजनीकांत को पूछताछ के लिए बुलाया, तो वह बार-बार अपना बयान बदलने लगा। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया। उसने बताया कि अवैध संबंधों के शक में उसने जीजा के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने उसे रविवार सुबह 11 बजे गांव के बाहर से गिरफ्तार किया।

शिवकुमार ने आरोप लगाया- सिर्फ रजनीकांत नही उसके पूरे परिवार ने मिलकर मेरी बहन की हत्या की है। पुलिस को गुमराह करने के लिए गुमशुदगी की फर्जी एफआईआर कराई थी। पुलिस से मांग है कि परिवार के अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जाए।

गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस ने बबली की खोजबीन की, पर कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने रविवार को रजनीकांत को पूछताछ के लिए बुलाया तो वह हड़बड़ाकर बार-बार अपना बयान बदलने लगा। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया और बताया कि उसने अवैध संबंधों के शक में पत्नी की हत्या कर शव को गोबर में छिपा दिया।

### अब दादा-दादी संग रहेंगे तीनों बच्चे

रजनीकांत अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। पत्नी की मौत और खुद के जेल जाने के बाद अब उसके तीनों बच्चों की जिम्मेदारी बुजुर्ग दादा-दादी पर आ गई है। बड़ा अबी (10), बड़ी बेटी छवि (05) और छोटी बेटी दिव्यांशी (02) अब अपने दादा-दादी के साथ ही रहेंगे।

एएसपी अजय कुमार ने बताया- रविवार सुबह ही हमें महिला के मायके पक्ष से हत्या की जानकारी मिली थी। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। अवैध संबंधों के शक में हत्या की बात सामने आ रही है। अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# छिबरामऊ में लाठीचार्ज के आरोपियों के सिर्फ तबादले से खुश नही है वैश्य महासभा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बुखार पीड़ित छात्रा की गलत इंजेक्शन से मौत के बाद पुलिस के लाठीचार्ज का मामला शांत नहीं हो रहा है। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और बर्बर लाठीचार्ज के आरोपी सीओ और इंस्पेक्टर की बर्खास्तगी की मांग की। इस मामले को लेकर वह लोग सीएम योगी से मुलाकात भी करेंगे। छिबरामऊ क्षेत्र के बेहटा खास गांव के रहने वाले राजेश गुप्ता की 15 साल की बेटी की डॉक्टर के गलत इंजेक्शन से 18 मई को मौत हो गई थी। आरोपी डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग करते हुए भीड़ ने हंगामा किया तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें छात्रा के परिजन भी चोटिल हो गए। इसके बाद 19 मई को भी पुलिस ने लाठीचार्ज किया। 2 दिनों में 4 चार बार पुलिस ने भीड़ पर बर्बरता की। ज्ञात- अज्ञात 160 लोगों पर मुकदमा लिखा गया जिनमे मृतका के पिता और भाई भी शामिल हैं। इस मामले ने तूल पकड़ा तो भाजपा विधायक अर्चना पांडेय, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, यूपी

सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता (नंदी), कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कई नेता और जनप्रतिनिधि राजेश गुप्ता के घर पहुंचे। इसके बाद पुलिस का एक्शन दिखाई दिया और आरोपी डॉक्टर वैभव दुबे व कम्पाउडर उत्कर्ष राठौर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल को क्राइम ब्रांच में भेजा गया।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# पहाड़ों से ऊंचे इरादों की मिसाल बछेंद्री पाल

**बछेंद्री पाल विश्व की पांचवीं महिला बनी, जिन्होंने एवरेस्ट को फतह किया। इससे पहले केवल जापान, पोलैंड, अमेरिका और चीन की महिलाएं एवरेस्ट पर पहुंची थी। इस महान उपलब्धि के बाद उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए। भारत सरकार ने उन्हें 1984 में पद्मश्री से सम्मानित किया। इसके अलावा उन्हें अर्जुन पुरस्कार, पद्म भूषण, नेशनल एडवेंचर अवार्ड, यश भारती सम्मान और कई अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया। उनकी प्रेरणादायक जीवनगाथा को स्कूली पाठ्यक्रमों में भी शामिल किया गया है।**

*भारत की वीरांगनाओं की गाथा में यदि किसी नाम को गर्व के साथ शिखर पर रखा जाए, तो उनमें एक महत्वपूर्ण नाम है बछेंद्री पाल। यह नाम न केवल पर्वतारोहण की ऊंचाइयों का प्रतीक है बल्कि संघर्ष, आत्मबल, साहस और नारी सशक्तिकरण का भी जीवंत प्रतीक है। बछेंद्री पाल ने भारत का नाम अंतर्राष्ट्रीय फलक पर ऊंचा करते हुए महिलाओं की क्षमताओं और दृढ़ इच्छाशक्ति की परिभाषा ही बदल दी। विश्व की सबसे ऊंची चोटी 'माउंट एवरेस्ट' पर विजय प्राप्त करने वाली पहली भारतीय और विश्व की पांचवीं महिला पर्वतारोही बनना कोई साधारण उपलब्धि नहीं थी। यह एक ऐसा कारनामा था, जिसने भारत में साहसिक खेलों को एक नई दिशा दी और लाखों युवाओं विशेषकर लड़कियों को यह विश्वास दिलाया कि वे चाहे तो किसी भी ऊंचाई को छू सकती हैं। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के नकुरी गांव में 24 मई 1954 को जन्मी बछेंद्री पाल एक सामान्य ग्रामीण परिवार से हैं। उनके पिता एक छोटे व्यापारी थे, जो पर्वतीय इलाकों में सामान पहुंचाने का काम करते थे जबकि उनकी मां एक गृहिणी थी, जो घर और बच्चों की जिम्मेदारी संभालती थी। आर्थिक सीमाओं और सामाजिक पूर्वाग्रहों के बीच पली-बढ़ी बछेंद्री ने बचपन में ही ठान लिया था कि वे अपने जीवन में कुछ बड़ा और विशेष करेंगी। पर्वतों के प्रति आकर्षण उनका तब पैदा हुआ, जब वे मात्र 12 वर्ष की थी और पहली बार अपने दोस्तों के साथ एक ट्रैकिंग यात्रा पर गई। उस यात्रा में उन्होंने 13,123 फीट की ऊंचाई तक का सफर तय किया और तभी उन्होंने महसूस किया कि उनका मन पर्वतों में ही रमता है। बछेंद्री पाल की शिक्षा-दीक्षा भी उनके संघर्ष की कहानी कहती है। उन्होंने उत्तरकाशी से स्नातक और फिर डीएवी कॉलेज देहरादून से संस्कृत में एमए की डिग्री प्राप्त की। शिक्षा के साथ ही वे खेलों और विशेषकर साहसिक गतिविधियों में रुचि लेती रही। पर्वतारोहण की विधिवत शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए उन्होंने नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (एनआईएम) में दाखिला लिया। यहीं से उनके साहसिक अभियान की नींव पड़ी। प्रशिक्षण के दौरान ही उनकी प्रतिभा और हिम्मत ने प्रशिक्षकों को प्रभावित किया। 1982 में उन्होंने गंगोत्री (21,890 फीट) और रूधुगैरा (19,091 फीट) शिखरों पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। उनकी सबसे बड़ी परीक्षा और सफलता वर्ष 1984 में आई, जब उन्हें भारत सरकार द्वारा आयोजित एवरेस्ट अभियान में शामिल किया गया। उस अभियान का नेतृत्व कर्नल डीके खन्ना कर रहे थे। बछेंद्री पाल उस टीम की एकमात्र महिला सदस्य थी। वह एक चुनौतीपूर्ण यात्रा थी, जिसमें उन्हें भयानक बर्फीले तूफानों, शून्य से नीचे तापमान और ऑक्सीजन की कमी जैसे खतरों से जूझना पड़ा। 18,000 फीट की ऊंचाई पर उनकी कैंप साइट पर एक भयंकर एवलांच आया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गई लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। घायलावस्था में भी उन्होंने चढ़ाई जारी रखी और अंततः 23 मई 1984 को 29,032 फीट (8848 मीटर) ऊंचे माउंट एवरेस्ट के शिखर पर भारतीय तिरंगा फहराया। माउंट एवरेस्ट पर बछेंद्री पाल की यह विजय केवल उनकी व्यक्तिगत विजय नहीं थी बल्कि यह भारत की नारी शक्ति की जीत थी। यह उपलब्धि भारत के लिए ऐतिहासिक थी क्योंकि यह पहली बार था, जब कोई भारतीय महिला विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंची थी।*

### एक्सप्रेस आलेख

**यही स्वाभिमान एक नागरिक का भी है और राष्ट्र का भी। इसलिए वह अपने अध्यात्म के पास जाता है, अपने लोक के पास जाता है और सत्ता या राज्य के चमकीले स्वप्न उसे रास नहीं आते। इसी राष्ट्र तत्व को खोजते हुए राजपुत्र सत्ता को छोड़कर वनों, जंगलों में जाते रहे हैं, ज्ञान की खोज में,सत्य की खोज में, लोक के साथ सातत्य और संवाद के लिए। राम हों, कृष्ण हों, शिव हों, बुद्ध हों, महावीर हों- सब राजपुत्र हैं, संप्रुभ हैं और सब राज के साथ समाज को भी साधते हैं और अपनी सार्थकता साबित करते हैं। इसलिए भारतीय जमीन का राष्ट्रवाद एक अलग कथा है, उसे पश्चिमी पैमानों से नापना गलत होगा। आज इस वक्त जब भारतीय राष्ट्रवाद की अनाप-शनाप व्याख्या हो रही है।**

# भारतीय राष्ट्रवाद को नई आँखों से देखिए!



प्रो. संजय द्विवेदी

**यह राष्ट्रवाद सैन्यबल और व्यापार बल से चालित नहीं है, बल्कि यह चेतना के विस्तार, उसके व्यापक भावबोध और मनुष्य मात्र की मुक्ति का विचार से अनुप्राणित है। भारतीय संदर्भ में राष्ट्रवाद को समझना वास्तव में मानवतावाद के व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझना है। यह विचार कहता है- संतों को सीकरी से क्या काम और फिर कहता है ''कोई नृप होय हमें क्या हानि। इस मायने में हम राज या राज्य पर निर्भर रहने वाले समाज नहीं थे।**

देश में इन दिनों राष्ट्रवाद चर्चा और बहस के केंद्र में है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम भारतीय राष्ट्रवाद पर एक नई दृष्टि से सोचें और जानें कि आखिर भारतीय भावबोध का राष्ट्रवाद क्या है? 'राष्ट्र' सामान्य तौर पर सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि 'भूगोल-संस्कृति-लोग' के तीन तत्वों से बनने वाली इकाई है। इन तीन तत्वों से बने राष्ट्र में आखिर सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है? जाहिर तौर पर वह 'लोग' ही होगें। इसलिए लोगों की बेहतरी, भलाई, मानवता का स्पंदन ही किसी राष्ट्रवाद का सबसे प्रमुख तत्व होना चाहिए। जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है। यही वैश्विक अचेतन (कलेक्टिव अनकांशेसनेस) हम-सबके एक होने का कारण है। स्वामी विवेकानंद इसी बात को कहते थे कि इस अर्थ में भारत एक जड़ भौगोलिक इकाई नहीं है। बल्कि वह एक चेतन भौगोलिक इकाई है जो सीमाओं और सैन्य बलों पर ही केंद्रित नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद मनुष्य के विस्तार व विकास पर केंद्रित है। जिसे भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' कहकर संबोधित किया। यह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' राजनीतिक सत्ता का उच्चार नहीं है। उपनिषद् का उच्चार है। सारी दुनिया के लोग एक परिवार, एक कुटुम्ब के हैं, इसे समझना ही दरअसल भारतीय राष्ट्रवाद को समझना है। यह राष्ट्रवाद मनुष्य की सांस्कृतिक एकता के विस्तार का प्रतीक है और हमारे सांस्कृतिक मूल्य, मानववादी सांस्कृतिक मूल्यों पर केंद्रित है। हमारी भारतीय अवधारणा में राज्य निर्मित भौगोलिक-प्रशासनिक इकाईयां प्रमुख स्थान नहीं रखतीं बल्कि हमारी चेतना, संस्कृति, मूल्य आधारित जीवन और परंपराएं ही यहां हमें राष्ट्र बनाती हैं। हमारे सांस्कृतिक इतिहास की ओर देखें तो आर्यावर्त की सीमाएं कहां से कहां तक विस्तृत हैं, जबकि सच यह है कि इस पूरे भूगोल पर राज्य बहुत से थे, राजा अनेक थे- किंतु हमारा सांस्कृतिक अवचेतन हमें एक राष्ट्र का अनुभव कराता था। एक ऐतिहासिक सत्य यह भी यह है कि हमारा राष्ट्रवाद दरअसल राज्य संचालित नहीं था, वह समाज और बौद्धिक चेतना से संपन्न संतों, ऋषियों द्वारा संचालित था। वह राष्ट्रवाद इस व्यापक भूगोल की चेतना में समाया हुआ था। यहां का ज्ञान विस्तार जिस तरह चारों दिशाओं में हुआ,वह बात हैरत में डालती है। राजा सिर्फ राज्य बनाते हैं, ऋषि अपने सांस्कृतिक अवदान से राष्ट्र बनाते हैं। आप देखें तो बुद्ध पूरी दुनिया में अपने संदेश को यूं ही नहीं फैला पाए, बल्कि उस ज्ञान में एक ऐसा नवाचार, नवचेतन था जिसे दुनिया ने स्वतः आगे बढकर ग्रहण किया। भारत कई मायनों में अध्यात्म और चेतना की भूमि है, सच कहें तो दुनिया की तमाम स्थितियों से भारत एक अलग स्थिति इसलिए पाता है, क्योंकि यह भूमि संतों के लिए, ज्ञानियों के



**आचरण से लोकमानस का विचार करती है तो ही सम्मानित होती है। वैसे भी भारतीय समाज एक सत्ता निरपेक्ष समाज है। वह सत्ताओं की परवाह न करने वाला स्वाभिमानी समाज है। इसलिए उसने जीवन की एक अलग शैली विकसित की है, जो उसके राष्ट्रवाद ने उसे दी है।**

लिए उर्वर भूमि है। दुनिया के तमाम विचारों की सांस्कृतिक चेतना जड़वादी है, जबकि भारत की चेतना जैविक है। इसलिए भारत मरता नहीं है, क्योंकि वह जड़वादी और हठवादी नहीं है। यहां का मनुष्य सांस्कृतिक एकता के लिए तो खड़ा होता है पर विचारों में जड़ता आते ही उससे अलग हो जाता है। हमारा ईश्वर आंतरिक उन्नयन और पाप क्षय के लिए काम करता है। हमारे संत भी आध्यात्मिक उन्नयन और पापों के क्षय के लिए काम करते हैं। मनुष्य की चेतना का आत्मिक विस्तार ही इस राष्ट्रवाद लक्ष्य है। इसलिए यह सिर्फ एक खास भूगोल, एक खास विचारधारा और पूजा पध्दति में बंधे लोगों के उद्धार के लिए नहीं, बल्कि समूची मानवता की मुक्ति के काम करने वाला यह विचार है। यहां मानव की मुक्ति ही उसका लक्ष्य है। यह राष्ट्रवाद सैन्यबल और व्यापार बल से चालित नहीं है, बल्कि यह चेतना के विस्तार, उसके व्यापक भावबोध और मनुष्य मात्र की मुक्ति का विचार से अनुप्राणित है। भारतीय संदर्भ में राष्ट्रवाद को समझना वास्तव में मानवतावाद के व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझना है। यह विचार कहता है- ÷संतों को सीकरी से क्या काम÷ और फिर कहता है ''कोई नृप होय हमें क्या हानि÷। इस मायने में हम राज या राज्य पर निर्भर रहने वाले समाज नहीं थे। राजा या राज्य एक व्यवस्था थी, किंतु जीवन मुक्त था-मूल्यों पर आधारित था। पूरी सांस्कृतिक परंपरा में समाज ज्यादा ताकतवर था और स्वाभिमान के साथ उदार मानवतावाद और एकात्म मानवदर्शन पर आधारित जीवन जीता था। वह चीजों को खंड-खंड करके देखने का अभ्यासी नहीं था। इसलिए इस राष्ट्रवाद में जो समाज बना, वह राजा केंद्रित नहीं, संस्कृति केंद्रित समाज था। जिसे अपने होने-जीने की शर्तें पता थीं, उसे उसके कर्तव्य ज्ञात थे। उसे राज्य की सीमाएं भी पता थीं और अपनी मुक्ति के मार्ग भी पता थे। इस समाज में गुणता की स्पर्धा थी- इसलिए वह एक सुखी और संपन्न समाज था। इस समाज में भी बाजार था, किंतु समाज- बाजार के मूल्यों पर आधारित नहीं था। आनंद की सरिता पूरे समाज में बहती थी और आध्यात्मिकता के मूल्य जीवन में रसपगे थे। भारतीय समाज जीवन अपनी सहिष्णुता के नाते समरसता के मूल्यों का पोषक है। इसीलिए तमाम धाराएं, विचार, वाद और पंथ इस देश की हवा-मिट्टी में आए और अपना पुर्नअविष्कार किया, नया रूप लिया और एकमेक हो गए। भारतीयता हमारे राष्ट्रवाद का अनिवार्य तत्व है। भारतीयता के माने ही है स्वीकार। दूसरों को स्वीकार करना और उन्हें अपनों सा प्यार देना। यह राष्ट्रवाद विविधता को साधने वाला, बहुलता को आदर देने वाला और समाज को सुख देने वाला है। इसी नाते भारत का विचार आक्रामकता का, आक्रामण का, हिंसा या अधिनायकवाद का विचार नहीं है। यह श्रेष्ठता को आदर देने वाली,विद्वानों और त्यागी जनों को पूजने वाली संस्कृति है। अपने लोकतत्वों को आदर देना ही यहां राष्ट्रवाद है। इसलिए यहां भूगोल का विस्तार नहीं, मनों और दिलों को जीतने की संस्कृति यहां जगह पाती है। यहां शांति है, सुख है, आनंद है और वैभव है। यह देकर, छोड़कर और त्यागकर मुक्त होती है। समेटना यहां ज्ञान को है, संपत्ति, जमीन और वैभव को नहीं। इसलिए फकीरी यहां आदर पाती है और सत्ताएं लांछन पाती हैं। इसलिए यहां लोकसत्ता का भी मानवतावादी होना जरूरी है। यहां सत्ता विचारों से, कार्यों से और आचरण से लोकमानस का विचार करती है तो ही सम्मानित होती है। वैसे भी भारतीय समाज एक सत्ता निरपेक्ष समाज है। वह सत्ताओं की परवाह न करने वाला स्वाभिमानी समाज है। इसलिए उसने जीवन की एक अलग शैली विकसित की है, जो उसके राष्ट्रवाद ने उसे दी है।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख ले, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 15:49 तक |
| नक्षत्रः | अश्विनी 11:10 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | सौभाग्य, 11:03 |
| सूर्योदयः | 05:35 |
| सूर्यास्तः | 18:46 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 17:07-18:46 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:37 |

## जन एक्सप्रेस

### रहना है विवादित !

*रह रह कर जिह्वा से।*
*आते हैं बयान।।*
*रहना है विवादित।*
*इसी में सम्मान।।*
*छोड़ कर सब काम।*
*किए एजेंडा तय।।*
*पकड़ लिए हैं अपनी।*
*जो पुरानी लय।।*
*है नज़दीक चुनाव।*
*चर्चा में अब रहना।।*
*बोल कर कुछ बोल।*
*है आगे टहलना।।*
*रोटी पानी बनी रहे।*
*है उसका जुगाड़।।*
*हल्की फुल्की इसलिए।*
*दिखती ये दहाड़।।*



- कृष्णेन्द्र राय


### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बालों का झड़ना कम कर सकते हैं मेथी हेयर मास्क?

**बालों** के लिए घरेलू नुस्खे लंबे समय से इस्तेमाल हो रहे हैं। आपने अपनी दादी-नानी को भी बालों के लिए प्राकृतिक चीजें इस्तेमाल करते तो जरूर देखा होगा। बालों को मजबूत रखने के लिए पोषण और बालों की देखभाल दोनों पर ध्यान देना जरूरी है। लेकिन, खराब खानपान और बिजी लाइफस्टाइल के कारण बाल कमजोर होने लगते हैं। इस कारण बालों का झड़ना भी बढ़ जाता है। ऐसे में, कई लोग मेथी के हेयर मास्क लगाते हैं। लेकिन, क्या इससे बालों का झड़ना बंद होता है? क्या इससे बाल टूटना कम होते हैं? बालों के लिए मेथी के हेयर मास्क लंबे समय से इस्तेमाल किये जा रहे हैं। झड़ते बालों की समस्या के लिए इन्हें फायदेमंद माना जाता है। अगर हेल्दी डाइट फॉलो करने के साथ इन्हें हेयर केयर रूटीन में शामिल किया जाए, तो ये बालों का झड़ना रोकने में मदद कर सकते हैं।

**पोषक तत्वों से भरपूर है:** मेथी के बीजों में प्रोटीन, निकोटिनिक एसिड और लेसिथिन जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये पोषक तत्व बालों को पोषक देने और बालों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इन हेयर मास्क को लगाने से बालों की जड़ों को मजबूती मिलती है।

**हेयर प्रॉब्लम्स ठीक होती हैं:** मेथी के हेयर मास्क में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण



होने के साथ और एंटीऑक्सीडेंट भी मौजूद होते हैं। ये गुण स्कैल्प में इंफेक्शन रोकने में मदद करते हैं जिससे हेयर फॉल कंट्रोल होता है। इससे डैंड्रफ और सिर में खुजली दूर होती है और बाल हेल्दी रहते हैं।

**स्कैल्प हेल्थ इम्प्रूव होती है:** स्कैल्प हेल्थ इम्प्रूव करने के लिए ये हेयर मास्क फायदेमंद हैं। मेथी के हेयर मास्क स्कैल्प को नमी देने में मदद करते हैं। इससे स्कैल्प में ड्राईनेस और रूखापन दूर होता है। इससे बाल झड़ना कम होते हैं।

**हार्मोन्स बैलेंस होते हैं:** मेथी के हेयर मास्क में फाइटोएस्ट्रोजन मौजूद होते हैं। ये जरूरी कंपाउंड होते हैं, जो हार्मोन्स को बैलेंस रखने में मदद करते हैं। अगर हार्मोन्स इंबैलेंस के कारण बाल झड़ रहे हैं, तो इससे आपको कई फायदे मिलेंगे।

**हेयर फॉल रोकने के लिए मेथी के हेयर मास्क कैसे बनाएं?:** बाउल में 2 से 3 चम्मच मेथी दाना रातभर पानी में भिगोकर रख दें। इसे पीसकर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इसे दही में मिलाकर स्कैल्प में लगाएं। साथ ही 20 से 30 मिनट के लिए रखें। सादे पानी से बाल धोएं और फर्क महसूस करें।

#### इन बातों का रखें ध्यान

- अगर आप हेल्दी डाइट और सही हेयर केयर रूटीन फॉलो कर रहे हैं, तो बालों का झड़ना रुकने में मदद मिलेगी।
- केवल यह हेयर मास्क इस्तेमाल करने से हेयर फॉल कम नहीं होगा। इसके साथ ही आपको दूसरे फेक्टर पर भी ध्यान देना होगा।
- मेथी का हेयर मास्क हार्मोनल इंबैलेंस, जेनेटिक रीजन और मेडिकल कंडीशन के कारण हुए हेयर फॉल को कंट्रोल नहीं करता है। अगर आपको इन कारणों से हेयर फॉल हुआ है, तो डॉक्टर से सलाह करें।
- बेहतर रिजल्ट के लिए सप्ताह में एक से दो बार ही इस्तेमाल करें। अगर आपको स्कैल्प से जुड़ी कोई समस्या है, तो किसी एक्सपर्ट की सलाह पर ही इसे ट्राई करें।

### एक्सप्रेस विशेष

# कहीं विनाश का कारण ना बन जाएं हीट रिस्क का फैलाव



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**हीट रिस्क के बढ़ते दायरे को देखते हुए आज हीट एक्शन प्लान बनाये जाने लगे हैं। हांलाकि कि यदि केवल सामान्य नागरिकों के बढ़ती गर्मी के कारण होने वाले प्रभाव पर ही बात की जाए तो गर्मी बीमारियों का प्रमुख कारण बनती जा रही है।**

**जलवायु** परिवर्तन की दुश्वारियों में से एक देश और दुनिया के देशों में हीट रिस्क के व्यापक प्रभाव से आसानी से समझा जा सकता है। यदि हम भारत की ही बात करें तो 2011 से 2022 के दशक के अध्ययन के अनुसार देश में हीट रिस्क का दायरा बहुत अधिक बढ़ गया है। मजे की बात यह है कि अब दिन की तुलना में रातें भी अधिक गर्म होने लगी है। इसका एक बड़ा कारण आज की भवन निर्माण विधि और शहरों में कंक्रिट का जंगल विकसित होना और अन्य के साथ ही इलेक्ट्रोनिक उत्पाद खासतौर से अत्यधिक उर्जा खपत वाले फ्रीज और कूलर की जगह लेते एयरकण्डीशनर भी एक है। घटते जंगल और आबादी का दबाव भी एक बड़ा कारण है। ऊर्जा के रुप में जो संसाधान उपयोग किये जा रहे है वे भी जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारक बन रहे हैं। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरमेंट एण्ड वॉटर सीईईडब्ल्यू की हालिया रिपोर्ट अत्यधिक चिंतनीय और हालात की गंभीरता को दर्षाती है। रिपोर्ट की माने तो देश की तीन चौथाई आबादी आज हीट रिस्क की जद में आ चुकी है। देश के 734 जिलों में से 417 जिले तो अत्यधिक जोखिम वाले जिलों में शुमार हो चुके हैं। कम जोखिम वाले जिलों मे तो केवल और केवल 116 जिले ही रह गये हैं। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि

**उपकरणों के उपयोग के चलते बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने की बात करने का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। ऐसें में गर्मी के कारण चौराहों पर हरी पट्टी तान देने या सड़कों पर पानी का छिड़काव करना कोई समाधान नहीं हो सकता बल्कि वैज्ञानिकों और नीति नियंताओं को गंभीर चिंतन करते हुए समय रहते हुए तापमान की बढ़ोतरी के कारकों को नियंत्रित करने के उपायों पर ठोस प्रयास करना होगा।**

वैसे तो हीट रिस्क के दायरें में नोर्थ ईस्ट और उत्तरी भारत के नाममात्र के क्षेत्र को छोड़ दिया जाये तो समूचा देश आज हीट रिस्क के दायरें में आ चुका है। देश के 10 जिले राजस्थान, दिल्ली, आन्ध्र प्रदेश, केरल, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तरप्रदेश हीट रिस्क की अत्यधिक जद में आये प्रदेश व केन्दशासित राज्य है। ऐसा नहीं है कि हमारे देश में ही हीट रिस्क का दायरा बढ़ रहा है। अपितु अब यह वैश्विक समस्या हो चुकी है। दुनिया के देशों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। तेज गर्मी की तपन से हालात दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। जंगलों में दावानल और बैमौसम आंदि तूफान, सूखा या बाढ़ ऐसी समस्यायें आने लगी है जिससे साल दर साल अब अधिक दोचार होना पड़ रहा है। अमेरिक का फर्नेस क्रीक सबसे अधिक गर्म स्थान है तो ट्यूनिशिया का केबिली, कुवैत का मित्रिबाह, ईरान का अहबाज और लुट रेगिस्तान, चीन का फ्लेमिंग आदि स्थान ऐसे है जो सर्वाधिक गर्मी वाले स्थान है। इसके साथ ही मौसम के मिजाज में भी बदलाव आया है। सर्दी में गर्मी और गर्मी में सर्द रात जैसे व असमय आंधी बरसात आम होती जा रही है। गर्मी के दिन बढ़े है। फरवरी तक अब अपनी परंपरागत मौसम का दायरा छोड़ते हुए अत्यधिक गर्मी वाले महीनों में से एक होने लगा है। आखिर यह मौसम का बदलाव भावी संकट की और साफ साफ इशारा कर रहा है। समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है। ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगे हैं। समुद्र किनारे के शहरों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। अब डूबने का ड़र सताने लगा है। अमेरिका ही नहीं दुनिया के अन्य देशों के जंगलों में जिस तेजी से आग की घटनाएं बढ़ रही है वह अपने आप में अलग चुनौती होती जा रही है। बीमारियों का असर बढ़ रहा है। हालात गंभीर होते जा रहे हैं। हीट रिस्क के बढ़ते दायरे को देखते हुए आज हीट एक्शन प्लान बनाये जाने लगे हैं। हांलाकि कि यदि केवल सामान्य नागरिकों के बढ़ती गर्मी के कारण होने वाले प्रभाव पर ही बात की जाए तो गर्मी बीमारियों का प्रमुख कारण बनती जा रही है। कई मिलियन मौतों का कारण हीट वेव है। निर्जलीकरण तो एक प्रमुख कारण है ही इसके साथ ही कार्डियोरेस्पिरेटरी के मामलें आम होते जा रहे हैं। अनिद्रा, तनाव, श्वासं लेने में परेशानी, दस्त, पेट दर्द, फूड पोइजनिंग और तापघात आदि बीमारियों का प्रकोप लूताप के कारण दुनिया के देशों में बढ़ता जा रहा है। जिस तेजी से हीट रिस्क का विस्तार होता जा रहा है उससे आने वाले समय में और अधिक गंभीर हालातों का सामना करना पड़ेगा। किसी समय भारतीय परंपरा के अनुसार नौतपा ऐसा समय होता था जब सबसे अधिक गर्मी पड़ती थी। यह भी माना जाता था कि जितना अधिक नौतपा प्रभावी रहेगा उतना ही अच्छी बरसात होगी। पर आजकल यह सारे कंसेप्ट बेमानी होते जा रहे हैं नौतपा के पहले ही इतना तप चुका होता है कि एक एक दिन निकालना भारी हो जाता है। इसके साथ ही कही ना कही गर्मी मौत का या विनाश का कारण ना बने इसके बारे में वैज्ञानिकों को गंभीर मंथन करना होगा। जिस तरह से आज हमारे घर ही तापमान की बढ़ोतरी का कारण बनते जा रहे हैं उसका कोई ना कोई पर्यावरण सहयोगी साधन खोजने होंगे। पहले मकानों में चूने का उपयोग होता था तो दीपावली पर कली भी चूने की होती थी पर आज सारे हालात बदल गए हैं।

# खेत में निराई कर रही महिला को बाघ ने बनाया निवाला, मौत



- गांव खिरकिया बरगदिया के जंगल किनारे खेत में हुआ हादसा, महिला का शव मिला खून से लथपथ
- वन विभाग की टीम तीन घंटे बाद पहुंची मौके पर, डीएम ने परिजनों को दी हरसंभव मदद का भरोसा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जंगल के किनारे गन्ने के खेत में निराई कर रही एक महिला पर रविवार दोपहर अचानक बाघ ने हमला कर दिया। हमले में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। महिला का शव खेत के एक कोने में खून से लथपथ पड़ा मिला। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश फैल गया। सूचना के बावजूद वन विभाग की टीम तीन घंटे देरी से मौके पर पहुंची, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई।
घटना विकासखंड पूरनपुर के गांव खिरकिया बरगदिया की है। गांव निवासी रामायन अपनी पत्नी लौंगश्री (55) और बड़े पुत्र श्याम सुंदर के साथ गांव के बाहर जंगल से सटे खेत में गन्ने की फसल की निराई (खरपतवार की सफाई) कर रहे थे। कुछ समय बाद श्याम सुंदर किसी काम से घर चला गया। पति-पत्नी खेत में काम करते रहे। दोपहर करीब तीन बजे रामायन ने भूख लगने की बात कहकर घर का रुख किया।

### खेत पहुंचने पर पत्नी लापता मिली, तलाश में मिला शव

रामायन जब खाना लेकर खेत लौटे, तो लौंगश्री वहां नहीं दिखीं। उन्होंने कई बार आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने शोर मचाना शुरू किया। आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान और महिलाएं मौके पर जुट गए। सभी ने मिलकर खेत में उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान खेत के दूसरे छोर पर लौंगश्री का शव खून से सना हुआ पड़ा मिला। शव को देख लोगों के होश उड़ गए। महिला के शरीर पर गहरे पंजों और दांतों के निशान थे, जिससे साफ था कि उस पर जंगली जानवर ने हमला किया है।

### वन विभाग की टीम पहुंची तीन घंटे बाद, ग्रामीणों में आक्रोश

घटना की सूचना तत्काल हरीपुर रेंजर को दी गई, लेकिन वन विभाग की टीम तीन घंटे बाद मौके पर पहुंची। ग्रामीणों का कहना है कि यदि वन विभाग की टीम समय पर पहुंचती तो स्थिति को संभालने में आसानी होती। देरी से पहुंचे वन कर्मियों को लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा।बाघ के हमले की पुष्टि, शव भेजा गया पोस्टमार्टम को हरीपुर रेंजर ने बताया कि बाघ के हमले से महिला की मौत की जानकारी मिली है। टीम को जांच के लिए मौके पर भेजा गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, पांच बेटियों में एक अविवाहित

लौंगश्री की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतका के परिवार में पति रामायन, बड़े पुत्र श्याम सुंदर और 20 वर्षीय छोटा बेटा राजेंद्र हैं। लौंगश्री की पांच बेटियां हैं, जिनमें से चार की शादी हो चुकी है। सबसे छोटी बेटी शिवकुमारी अभी अविवाहित है।

### डीएम पहुंचे गांव, परिजनों से की मुलाकात



घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि शासन की ओर से हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही डीएम ने जंगल से सटे गांवों में बाघ के खतरे को देखते हुए डीएफओ को तत्काल प्रभाव से तार फेंसिंग कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित मुआवजा पीड़ित परिवार को शीघ्र दिलाया जाएगा। इसके लिए वन विभाग को निर्देश दे दिए गए हैं।

## अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह का पीलीभीत आगमन, प्रशासनिक अधिकारियों से की मुलाकात



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह का रविवार को जनपद आगमन हुआ। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं अधिकारियों ने उनका स्वागत कर भेंट की। श्री सिंह ने जनपद के समग्र विकास, अल्पसंख्यक वर्ग की स्थिति एवं कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत पर जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय से विस्तृत वार्ता की। इस दौरान कानून-व्यवस्था, सामाजिक समरसता एवं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके उपरांत श्री सिंह खमरियापुल स्थित श्रीपरमअक्रियधाम पहुंचे, जहां उन्होंने श्री अलखेश्वर महादेव के दर्शन कर विधिवत पूजन-अर्चन किया और प्रसाद ग्रहण किया। उनके साथ उपस्थित श्रद्धालुओं एवं संत समाज ने उनका स्वागत किया।श्री सिंह के आगमन को जनपद में सकारात्मक दृष्टिकोण से देखा जा रहा है, जिससे अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़ी योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# गौशालाओं की व्यवस्थाओं का नोडल अधिकारी ने लिया जायजा



### अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ निरीक्षण

इस निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सचिव, लेखपाल समेत अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य गौवंशों की देखरेख की वास्तविक स्थिति का आंकलन कर आवश्यक दिशा-निर्देश देना था।

- माधौटांडा, परशुरामपुर और पकड़िया नौगवां स्थित पशु आश्रय स्थलों का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी उदय भानु त्रिपाठी (विशेष सचिव, नगर विकास) ने शनिवार को जिले के विभिन्न पशु आश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकासखंड पूरनपुर अंतर्गत माधौटांडा, परशुरामपुर और नगर पंचायत पकड़िया नौगवां स्थित अस्थाई गौशालाओं की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया।
माधौटांडा गौशाला में उन्होंने निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा, हरा चारा, पीने के पानी की उपलब्धता, स्वच्छता एवं देखरेख की व्यवस्थाएं देखीं और संतोष जताया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि संरक्षित गोवंशों की नियमित निगरानी और देखरेख सुनिश्चित की जाए।
परशुरामपुर में क्षमता से अधिक संरक्षित गोवंश ग्राम पंचायत माधौपुरटांडा के अंतर्गत परशुरामपुर की गौशाला की निरीक्षण रिपोर्ट में बताया गया कि यहां 90 गोवंश की क्षमता के विरुद्ध 111 गोवंश संरक्षित हैं। लू से बचाव हेतु टाट के बोरे लगाए गए हैं, टिनशेड के भीतर पंखों की व्यवस्था की गई है और परिसर में छायादार वृक्ष मौजूद हैं। चारों ओर सुरक्षा दीवार भी बनी है। मौके पर 296 कुंतल भूसा और 252 किलो चोकर उपलब्ध पाया गया। हरे चारे के लिए 4 एकड़ भूमि में नेपियर घास और बाजरा बोया गया है। गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण कराया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के लाभार्थियों से की बातचीत

निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर रहे तीन पशुपालकों से भी मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उन्हें रू.1500 प्रति माह की सहायता राशि मिल रही है और उनका गोवंश पूरी तरह स्वस्थ है। पानी, बिजली और स्वच्छता की व्यवस्था भी संतोषजनक पाई गई।

### पकड़िया नौगवां गौशाला में वर्मी कंपोस्ट से आमदनी का सुझाव

नगर पंचायत पकड़िया नौगवां स्थित गौशाला का निरीक्षण करते हुए बताया गया कि यहां 80 गोवंश की क्षमता है, जिनमें से 71 गोवंश संरक्षित हैं। गर्मी से बचाव हेतु टाट के बोरे लगाए गए हैं तथा हरा चारा, भूसा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध है। नियमित टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। यहां वर्मी कंपोस्ट निर्माण की व्यवस्था को देखकर अधिकारी ने निर्देश दिए कि इसे बिक्री कर गौशाला की आय बढ़ाई जाए।

## भारतीय जनता पार्टी द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष कार्यक्रम के तहत जनप्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रानी अहिल्याबाई होलकर जी के त्रिशताब्दी वर्ष के अवसर पर जनप्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य रजनीकांत महेश्वरी उपस्थित रहे, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार में गन्ना चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार विशिष्ट अतिथि थे। संचालन कार्यक्रम संयोजक एवं जिला मंत्री मंगली प्रसाद वर्मा ने किया।सम्मेलन में मंचासीन अतिथियों में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार, अमरिया से निशांत सिंह, मरौरी से सभ्यता वर्मा, पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, अभियान संयोजक एवं जिला महामंत्री अमित अग्रवाल, जिला महामंत्री दिनेश पटेल, महादेव ज्ञान, जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, सुषमा देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता मिश्रा, दीपक अग्रवाल सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि रजनीकांत महेश्वरी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर जी ने सदैव सनातन और राष्ट्र के प्रति जागरूकता के साथ समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने बताया कि 2014 के बाद देश की महिलाओं ने अपने वोटों की ताकत से राजनीतिक बदलाव लाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को मजबूत किया गया।विशिष्ट अतिथि संजय सिंह गंगवार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पूर्व की सरकारों ने महिलाओं को कमजोर करने का कार्य किया, लेकिन योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की राजनीति ने महिला सशक्तिकरण को नई दिशा दी। उन्होंने रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के महत्व पर बल दिया। जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों और जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेकर महिलाओं को राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने का आवाह्न किया। कार्यक्रम में जिला मंत्री संजीव मोहन अग्रवाल, हेमराज दिवाकर, हरिओम राठौर, सुमित सागर, जिला महामंत्री महिला मोर्चा रेनूराज, इन्द्रेश चौहान, भरत राम राजपूत, अनिता कश्यप, प्रमोद कश्यप, प्रधान सत्यपाल मौर्य, शेर सिंह, इन्द्रपाल वर्मा, कृष्ण मुरारी, झंकार सिंह, भगवान दास सहित सैकड़ों ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## घास काटने गए किसान को दिखा तेंदुए का शावक, गांव में मचा हड़कंप

- गजरौला थाना क्षेत्र के मूड़ा सेमनगर पंडरी गांव में सुबह 9 बजे की घटना, वन विभाग व पुलिस मौके पर पहुंची

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

गजरौला। थाना गजरौला क्षेत्र के गांव मूड़ा सेमनगर पंडरी में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक किसान को खेत में तेंदुए का शावक दिखाई दिया। सुबह करीब 9 बजे हुए इस घटनाक्रम की जानकारी जंगल की आग की तरह पूरे इलाके में फैल गई और देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए।
घटना की सूचना मिलते ही गजरौला पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। वहीं भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयास किए गए।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, बबलू पुत्र कोमल प्रसाद सुबह अपने खेत में घास काटने के लिए गए थे। तभी उन्होंने झाड़ियों में तेंदुए के शावक को देखा। बबलू ने शोर मचाकर लोगों को बुलाया, जिसके बाद प्रीतम राम के गन्ने के खेत में काम कर रहे लोग भी वहां पहुंच गए। ग्रामीणों ने तेंदुए के बच्चे की मौजूदगी की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी, जिसके बाद वन विभाग और पुलिस की टीमें सक्रिय हो गईं। वन विभाग के बाघ मित्र हरिशंकर और राम कैलाश मौके पर पहुंचे और शावक की निगरानी शुरू की।भीड़ के कारण शावक डरकर झाड़ियों में छिप गया है। वन विभाग की टीम उसे सुरक्षित निकालने की रणनीति पर काम कर रही है। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने लोगों से अपील की है कि वे क्षेत्र में अनावश्यक रूप से न घूमें और शांति बनाए रखें, ताकि शावक को कोई नुकसान न हो।वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह शावक संभवतः अपनी मां से बिछड़ गया है और फिलहाल उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जल्द ही उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कार्रवाई की जाएगी।इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है,
वहीं वन्य जीवों की निरंतर होती आमद पर भी ग्रामीण चिंता जता रहे हैं। वन विभाग ने आश्वस्त किया है कि शावक की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## सपा जिला पंचायत सदस्य ने फीता काटकर किया क्रिकेट टूर्नामेंट उद्घाटन



**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

कोरैया पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति क्रिकेट टूर्नामेंट जिसका आयोजन 21मई 2025 को हुआ। जिसमें क्षेत्र की 10 टीमों ने मिलकर हिस्सा लिया, नाक आउट मैंच में 8 टीम बाहर हो गयी, सेमीफाइनल राजवंशी टीम गोला कोरैया एवं सरफिरा टीम काजर कोरैया के बीच हुआ।राजवंशी टीम फाइनल में पहुंची ,टूर्नामेंट का फाइनल राजवंशी टीम वर्सेस कृषक समाज छतौनिया के बीच हुआ ,मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य वारिश अली का समिति के सचिव विनय वर्मा ने बैज लगाकर स्वागत किया, कृषक समाज छतौनिया ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया,कृषक समाज छतौनिया ने निर्धारित 10 ओवर में 97 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजवंशी टीम 10 ओवर में 78 रन पर आल आउट हो गई और कृषक समाज छतौनिया टूर्नामेंट जीत गई, मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथि ने मिलकर विजेता टीम को 2100 रुपये एवम मेडल, उप विजेता टीम को 1100 रूपये एवम मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया।
मैन ऑफ द सीरीज नगद 551 रुपये पुरुस्कार विकास कुमार वर्मा 18 पुत्र केशव राम को समिति के कोषाध्यक्ष लोकेश वर्मा ने प्रदान किया गया।समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा ने विजेता एवम उप विजेता टीम के साथ मुख्य एवम विशिष्ट अतिथि को पेड़ देकर सम्मानित किया। समिति के उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, सदस्य राम प्रकाश वर्मा, शिव सागर, पंकज, विकास, पुनीत वर्मा ने टूर्नामेंट के सकुशल पूर्ण होने में सहयोग किया।
लकी, प्रियांशू, हर्षित, नैमिष एवम सभी टीम के सदस्यों ने मिलकर टूर्नामेंट को सफल बनाया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जिला महिला अस्पताल में साफ-सफाई एवं श्रमदान कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** रविवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं सांसद संजय सिंह जी के निर्देशानुसार आज लखीमपुर खीरी में रचनात्मक कार्यक्रम अभियान के तहत आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाशिम सिद्दीकी उर्फ सिद्दीकी जी के द्वारा जिला महिला अस्पताल में साफ सफाई एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एएसएपी,प्रदेश अध्यक्ष अरुण वर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव एएसएपी, सचिन वर्मा एएसएपी जिला अध्यक्ष गगन खन्ना जी प्रशांत जी,दीपक पाण्डे, श्रम प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दीप कुमार व सर्वेश कुमार आदेश कुमार रंजीत कुमार महेश कुमार कमलेश कुमार कमलेश कुमार विनोद कुमार पंकज अवस्थी पंकज मौर्या आकाश कुमार नसीम अहमद मनोज गौतम ओमप्रकाश गौतम काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पोल से टकराकर ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर मौत



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर के पास रविवार की सुबह नेशनल स्टेट हाईवे एन एच 730 गोला लखीमपुर मार्ग पर लखीमपुर से पूरनपुर जा रहा एक ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकराकर पलट गया। जिससे उसके नीचे दबकर पूरनपुर के गांव मोहना पुर निवासी चालक की मौत हो गई।पीलीभीत जिले गांव मोहनापुर थाना पूरनपुर निवासी 28 वर्षीय नवजोत सिंह लखीमपुर से ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर अपने घर वापस जा रहा था। गोला-लखीमपुर के बीच गांव करनपुर पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे हाईटेंशन बिजली के पोल से टकरा कर गड्ढे में पलट गया।चालक अपनी सीट में फंस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तेज धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने किसी तरह से उसे सीट से बाहर निकाला और 108 एम्बुलेंस से सीएचसी फरधान भेजा, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोला पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

### शराब न पीने की कसम लेने के बाद महिला थाने से सुलह समझौते से हुई विदा

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** रविवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रद्धा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में काउंसलरों के सहयोग से 19 परिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास करके 10 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराके टुटने के कगार पर पहुंचें सज्बन्धों को पुन- जोड़ने का सराहनीय कार्य किया गया है।बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष महिला थाना श्रद्धा सिंह, काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी के द्वारा दहेज उत्पीड़न,घरेलू हिंसा के उत्पीड़न,साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 19 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 10 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, इस बार अधिकतर मामले पति द्वारा शराब पीकर मारपीट करने के थे शराबी पतिओं के द्वारा शराब न पीने की कसमें खाने के बाद पत्नियां साथ में जाने को तैयार होकर गयी हैं, साथ ऐसे में मामले जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था उन्हें सोचने समझने के लिए दोनों पक्षों की सहमति से समय दिया गया है।सुलह से विदाई करने में मुख्य आरक्षी महिला आरक्षी सीता महिला आरक्षी बबली पवार का काफी सराहनी सहयोग रहा है।

### तकनीकी रूप से प्रशिक्षित हुए गन्ना किसान



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** मैगलगंज मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत अजबापुर चीनी मिल के रीजन मैगलगंज के अंतर्गत गॉव लिधिआई, बांदूखेड़ा, चौगानपुर व कठकोरवा में डालमिया ग्रुप के रामगढ़ चीनी मिल के प्रगतिशील 60 किसानों ने भ्रमण किया।इस मौक़े पर आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में गन्ने की उन्नत खेती की तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई। डालमिया मिल क्षेत्र से आए किसानों ने पेड़ी गन्ना प्लॉटों का अवलोकन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि विधियों से अवगत कराना तथा पेड़ी गन्ने की उत्पादन क्षमता को बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान मिल अधिकारियों ने मिट्टी प्रबंधन, उर्वरक संतुलन, सिंचाई व्यवस्था, कीट नियंत्रण, आर एम डी का प्रयोग और पेड़ी गन्ने के सफल प्रबंधन पर किसानों को व्यावहारिक जानकारी दी। महाप्रबंधक गन्ना डॉक्टर हरेन्द्र त्रिपाठी ने पेड़ी प्रबंधन में आर एमडी के संचालन, गैप फिलिंग, मल्चिंग व उर्वरकों के उपयोग, स्प्रे एवं कीटो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रीजनल हेड रमेश चौधरी ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक किसान नई तकनीकों से लाभान्वित हो सकें। हमारा लक्ष्य किसानों की आय को दोगुना करना है। इसके लिए तकनीकी प्रशिक्षण और व्यावहारिक प्रदर्शन अत्यंत आवश्यक हैं। इस दिशा में मिल प्रतिबद्ध है। इस मौके पर ज़ोनल इंचार्ज पंकज सिंह, अरविंद सिंह, तमाम प्रगतिशील किसान गुड्डन सिंह, अर्जुन सिंह यादव, धर्मेंद्र सिंह, रनजोत सिंह, बलजीत सिंह,जसविंदर सिंह, पट्टी सिंह, कुलबीर सिंह, बेयंत सिंह व क्षेत्रीय कामदार उपस्थित रहे।

## अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान पर गोष्ठी का आयोजन




**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**

पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत निघासन ब्लॉक सभागार में संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी व पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में और विधायक शशांक वर्मा और भाजपा प्रदेश संयोजक राजा राज राजेश्वर सिंह शामिल हुए।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुकेश शर्मा ने अहिल्याबाई की धार्मिक सहिष्णुता और जनकल्याण के कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि त्रिशताब्दी स्मृति अभियान का उद्देश्य युवा पीढ़ी को इतिहास की उन नारियों से जोड़ना है, जिन्होंने समाज को दिशा दी।÷राजा राज राजेश्वर सिंह ने कहा, आज यदि समाज में नारी सम्मान का भाव जाग रहा है तो इसका श्रेय उन महान नारियों को जाता है जिन्होंने अपने कर्मों से नया इतिहास रचा। अहिल्याबाई का जीवन, संयम, सेवा और समर्पण का आदर्श है। विधायक शशांक वर्मा ने अहिल्याबाई होल्कर के न्याय, सेवा और नारी नेतृत्व को प्रेरणादायक बताया।संगोष्ठी में मंडल अध्यक्ष रमियाबेहड़ जयप्रकाश विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष सिंगाही ब्रजेन्द्र सिंह, अध्यक्ष अशोक चौधरी, संचालक कन्हैया लाल, विमल तिवारी, रामकुमार मौर्य, ध्रुव वर्मा, मुन्नी देवी, आनंद चतुर्वेदी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत शहीदों को नमन करते हुए ब्लॉक से नगर के मुख्य चौराहे तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। देशभक्ति के नारों और तिरंगे की लहराती शान ने पूरे नगर को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया।

## सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल में समर कैंप

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



रविवार को सेठ एम.आर.जयपुरिया स्कूल, लखीमपुर खीरी में आयोजित समर कैंप 2025 इन दिनों बच्चों के लिए सीख, उत्साह और मनोरंजन का केंद्र बना हुआ है।हाल ही के दिनों में शिविर में बच्चों ने सृजनात्मक गतिविधियों, साहसिक खेलों, तकनीकी शिक्षण और व्यक्तित्व निर्माण जैसे बहुआयामी अनुभव प्राप्त किए।शिविर की शुरुआत जुम्बा,योग और म्यूजिक सेशन से हुई, जिसने बच्चों को ऊर्जा और सकारात्मकता से भर दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने नेट क्लाइम्बिंग,रोप स्लाइडिंग, मंकी ब्रिज जैसी साहसिक गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनमें आत्मबल और संतुलन की भावना का विकास हुआ। खेल गतिविधियों में फुटबॉल, ताइक्वांडो, बास्केटबॉल, कबड्डी, स्केटिंग, शतरंज व कैरम जैसे खेलों ने बच्चों को टीम वर्क और खेल भावना से परिचित कराया। रचनात्मक पक्ष में छात्रों ने मंडला आर्ट, कैलीग्राफी, रेजनि आर्ट, थ्रेड वर्क की-रिंग्स और इयररिंग्स जैसी कलाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नॉन-फायर कुकिंग के अंतर्गत ब्रेड रसमलाई, सैंडविच और दही वड़ा जैसी स्वास्थ्यवर्धक रेसिपियाँ बनाई गईं, जिससे बच्चों ने पाक-कला और स्वच्छता का महत्व सीखा।तकनीकी क्षेत्र में फोटोग्राफी, ब्लॉगिंग और रोबोटिक्स जैसे सत्रों ने बच्चों को नवाचार और डिजिटल अभिव्यक्ति की दिशा में प्रेरित किया।साथ ही, पर्सनालिटी डेवलपमेंट में नेतृत्व, व्यवहार, एटीकेट्स और आत्मविश्वास पर आधारित गतिविधियाँ आयोजित की गईं।शिविर के दौरान विशेष अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक श्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने विद्यालय का भ्रमण कर गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता और स्कूल प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि,÷इस तरह के शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में अत्यंत प्रभावी कदम हैं, जो उन्हें शिक्षा के साथ जीवन-कौशल भी प्रदान करते हैं।
विद्यालय की प्रधानाचार्या ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को एक सुरक्षित, प्रेरणादायक एवं बहुआयामी मंच प्रदान करना है, जहाँ वे खेलते-कूदते सीखें और आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर हों। समर कैंप 2025 से जयपुरिया स्कूल का प्रयास न केवल शिक्षा, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाना

## शराब की दुकान में लगाई सेंध, नोट गिनते कैमरे में कैद हुआ चोर

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

सरैया। रामपुर कलां के सरैंया चौराहे पर स्थित एक अंग्रेजी शराब की दुकान में सेंध लगाकर चोर 1.35 लाख रुपये ले उड़े। इस दौरान एक चोर सीसीटीवी कैमरे में रुपये गिनते भी कैद हुआ है। पुलिस ने मौके पर जांच की है। महमूदाबाद के मोहल्ला भट्ठा राजा रोड निवासी ममता निगम की रामपुर कलां क्षेत्र के सरैंया चौराहे पर बियर व अंग्रेजी शराब की दुकान है। शनिवार भोर करीब 3:50 बजे एक चोर दीवार में सेंध लगाकर दुकान में घुस गया। उसने दुकान के दोनों कैश काउंटर के लॉक तोड़कर करीब 1.35 लाख रुपये चोरी कर लिए। पड़ोसी दुकानदारों ने दुकान मालिक को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ममता निगम के पति चंद्र प्रकाश निगम दुकान पर पहुंचे। उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा। चोरी की पूरी वारदात कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक चोर दुकान के अंदर गमछा मुंह में बांधकर घुसा है। उसके बाद उसने कैश काउंटर से रुपये निकाल कर दुकान के अंदर ही गिने हैं।

# 'रावण' को याद आए राम... मांग रहा रामायण परिवार में तीन की हत्या का है आरोपी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर




बांसगांव इलाके के भैंसारानी गांव में नवंबर 2024 को डेढ़ साल के दिव्यांश की सिर कूचकर हत्या कर दी गई थी। आरोप में पड़ोस में रहने वाले सिरफिरे रंजीत को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। आरोपी ने पुलिस को बताया था कि दिव्यांश को हंसता देखकर उसका सिर कूच दिया था। झंगहा इलाके में दादा-दादी समेत तीन की हत्या के आरोपी पोते रामदयाल मौर्य (25) को जेल में बंदी रावण कहकर बुलाते हैं। सनकी मिजाज होने की वजह से मानसिक रोग के डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। इधर, रामदयाल उर्फ रावण जेल से छूटने के लिए भगवान राम की पूजा कर रहा है।

जेल अधीक्षक से उसने रामायण और गीता मांगी है, ताकि वह पढ़कर अपने पाप का प्रायश्चित कर सके। ऐसे ही कई और बंदी हैं, जिन्होंने सनक में अपराध कर दी, अब प्रायश्चित करने के लिए पूजा पाठ में जुटे हैं।

फावड़े से हत्या कर शव के पास बैठा गया था पोता झंगहा थाना क्षेत्र मोतीराम अड्डा कोईरान टोला में 28 फरवरी 2025 को पोते रामदयाल मौर्य ने दादा, दादा के भाई और दादी की फावड़े से हत्या कर दी थी। तीनों के मरने तक उनके शव के पास ही बैठा रहा। मृतकों की पहचान कुबेर मौर्य (72), साधु मौर्य (75) और कुबेर की पत्नी द्रौपदी देवी (70) के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, घर में बंधे भैंस के पड़वे को रामदयाल फावड़े से मार रहा था। इसका विरोध करने पर तीन लोगों की हत्या कर दी। पूछताछ में उसने बताया कि रावण वध में बाधक बने लोगों का अंत किया है। पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भिजवाया, वहां भी उसे हर कोई रावण नजर आने लगा। कुछ लोगों पर हमला भी कर दिया। इस वजह से जेल में उसे बंदी रावण कहकर बुलाने लगे।

**सिर कूचकर मासूम की हुई थी हत्या, छह माह बाद भी इंतजार**

बांसगांव इलाके के भैंसारानी गांव में नवंबर 2024 को डेढ़ साल के दिव्यांश की सिर कूचकर हत्या कर दी गई थी। आरोप में पड़ोस में रहने वाले सिरफिरे रंजीत को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। आरोपी ने पुलिस को बताया था कि दिव्यांश को हंसता देखकर उसका सिर कूच दिया था।

जेल प्रशासन के मुताबिक, रंजीत को कुछ दिन तक अस्पताल में रखा गया था, अब बैरक में भिजवा दिया गया है। उसकी हर माह डाक्टर जांच करते हैं। उससे मिलने जेल में कोई नहीं आता है। वह डॉक्टरों और बंदी रक्षकों से अपने छूटने के बारे सवाल करता है। खाली समय में बैठकर गीता और रामायण पढ़ता है। उसे किताबें पढ़ने का शौक है।

परिवार के चार सदस्यों की हत्या, अब जेल में कर रहा पूजा-पाठ

चिलुआताल के दहला गांव में 14 दिसंबर 2024 की देर रात में दो भाइयों को परिवार समेत कमरे में बाहर से ताला लगाकर आरोपी बड़े भाई बेचन निषाद ने थिनर (तारपीन का तेल) डालकर आग लगा दी थी। आगजनी में बृजेश निषाद (32), पत्नी मधु (28), बच्ची रिद्धिमा (03), अरविंद निषाद (30) और उसकी पत्नी माला (25) झुलस गए थे। इलाज के दौरान बृजेश, उनकी पत्नी मधु, अरविंद और उनकी पत्नी माला की मौत हो गई थी।

बच्ची रिद्धिमा को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। इस घटना के बाद आरोपी बेचन निषाद और उसकी पत्नी सोनम देवी उर्फ शांति को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भिजवाया था। जेल में बंद बंदियों ने बेचन से कहा कि चार हत्या का आरोप है, इसलिए तुम्हारी जमानत होना मुश्किल है।

## सूचना का अधिकार सशक्तिकरण का सबसे बड़ा साधन

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

नगर के महर्षि अरविंद विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सभागार में शनिवार को विमर्श संपर्क विभाग, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में सूचना का अधिकार वर्तमान में प्रासंगिकता और चुनौतियां विषयक संगोष्ठी संपन्न हुई। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश सरकार पीएन द्विवेदी ने कहा कि सूचना का अधिकार कानून नागरिकों के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा शस्त्र है। आयोग में आने वाली अपीलों का निस्तारण किया जाता है। किसी भी संबंधित अधिकारी से कोई भी सार्वजनिक सूचना मांग सकते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी के अलावा जिला संघ चालक रामाश्रय, राकेश कुमार शुक्ला, संघ के विभाग प्रमुख सीएस सिंह, प्राचार्य ममता मणि त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष आद्या पाण्डेय आदि मौजूद रहे। पकवा इनार। राज्य सूचना आयुक्त ने शनिवार को मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में महात्मा बुद्ध की भव्य लेटी प्रतिमा का दर्शन किया। शीश नवाकर विशेष पूजा-अर्चना के बाद बुद्ध वंदना के साथ चीवर चढ़ाया।

# मनमाने तरीके से खेत में बनाया बांध, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

### किसानों के खेत में जबरन मनरेगा योजना से बनवाया जा रहा बांध



जन एक्सप्रेस। महाराजगंज

निचलौल विकास खंड के ग्राम पंचायत कटखोर के पश्चिम की ओर चंदन नदी के पूरब गन्ना लगे खेत को नुक़सान पहुंचाते हुए ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा के तहत बांध बनाने की जैसे ही जानकारी किसानों को हुआ तो विरोध प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग करने लगे। ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौनियां निवासी किसान जयप्रकाश, अनिरुद्ध प्रसाद, बृजभूषण प्रजापति, कमलेश्वर, विजय, प्रकाश, वीरेंद्र, संजय प्रजापति आदि लोगों ने बताया की निचलौल ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा कटखोर छोटा टोला के पश्चिम हम लोगों का गाटा संख्या 5, 6, 7 में 6 एकड़ रकवा का खेत है।

ग्रामीणों का आरोप है की ग्राम पंचायत कटखोर के ग्राम प्रधान पति युनुस खान द्वारा मनरेगा से बसंतपुर गांव से बोदना गांव सिवान तक नदी किनारे किसानों के खेतों में बिना एनओसी के मनमानी तरीके से बंधा निर्माण कार्य कराया जा रहा है साथ ही फर्जी एनएमएमएस से हाज़िरी भरी जा रही है सभी मस्टरोल पर सेम लेबर का फोटो खींचा गया है। ऐसे में किसानों ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंप कर कार्यवाही की मांग किया है। इस संबंध में निचलौल खंड विकास अधिकारी समां सिंह ने बताया की मामले की जांच कर पड़ताल के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया है।

# जेल के निर्माण में गुणवत्ता का रखें ख्याल

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



सिंचाई व जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव व शासन की तरफ से नामित जिले के नोडल अधिकारी ने शनिवार को निर्माणाधीन जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया।

सिंचाई व जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव व शासन की तरफ से नामित जिले के नोडल अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया ने निर्माणाधीन जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने पीडब्लूडी एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से निर्माण परियोजना से जुड़ी जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापरक एवं मानक के अनुरूप कराने का निर्देश दिया।

पडरौना। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव शनिवार को जिले के दो दिवसीय दौरे पर कुशीनगर पहुंचे। उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक कर जल जीवन मिशन, गौशाला समेत विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। विशेष सचिव डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया ने जल जीवन मिशन में आच्छादित ग्रामों, प्रथम, द्वितीय, तृतीय चरणों में स्वीकृत कुल परियोजनाओं के सापेक्ष पूर्ण परियोजनाओं सहित ओवरहेड हेड टैंक, प्रोजेक्ट कॉस्ट, पावर सॉसेज टैंक कैपेसिटी, कुल प्राप्त शिकायतों के सापेक्ष निस्तारण, पाइप डिस्ट्रीब्यूशन, पंप हाउस स्टेटस, जलापूर्ति की टाइमिंग, नल कनेक्शन की जानकारी ली गई।

विशेष सचिव सिंचाई डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया ने शनिवार की देर शाम क्षेत्र के बरवा कला में 375 लाख की लागत से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन उत्तर प्रदेश के तहत निर्मित वाटर ओवर हेड टैंक का निरीक्षण किया। उन्होंने पंप हाउस में लगे उपकरणों का जायजा लिया। साथ ही गांव में भ्रमण कर कनेक्शन धारियों से वार्ता कर बारीकी से जानकारी से अन्य जानकारी जुटाई।

## चोरी और मारपीट के मामले छह लोगों पर केस

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

अहिरौली बाजार। थाना क्षेत्र के गांव नैपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। वहां से कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित महिला ने न्यायालय में वाद दाखिल किया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मारपीट कर घर में चोरी करने के आरोप में छह लोगों पर केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांव नैनपुर निवासी इन्दू देवी ने पुलिस को तहरीर देकर पट्टीदारों के विरुद्ध चोरी व मारपीट सहित अन्य कई गंभीर आरोप लगाए थे। पुलिस की तरफ से मामले में कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने न्यायालय में वाद दाखिल किया था। पीड़ित महिला ने न्यायालय को बताया कि 15 अक्टूबर की सुबह करीब छह बजे अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय पुरानी रंजिश को लेकर उनके पट्टीदार उमेश, सुभाष, सलहंती देवी, रानी, निशा उर्फ सुमन औरउनके रिश्तेदार थाना क्षेत्र के गांव भलुही निवासी सुरेन्द्र प्रसाद लाठी डंडा लोहे का राड के साथ दरवाजे पर आकर उन्हें अपशब्द बोलते हुए मारपीट घायल कर दिया गया।

# कुशीनगर डीएम की सख्ती: घर पर करते मिले निजी प्रैक्टिस...सरकारी डॉक्टर रहें तैयार, कार्रवाई तय

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



शहर के एक सरकारी अस्पताल में तैनात डॉक्टर शाम को 4 बजे से अपने आपस में मरीजों को देखते हैं, 400 रुपये इनका फीस है, ओपीडी में आने वाले मरीजों को शाम को आवास पर बुलाते हैं। पहले इनके यहां लेटर पैड पर दवा लिखी जाती थी, अब सादे पेपर पर दवा लिखा जा रहा है और ऑनलाइन फीस लेना भी बंद कर दिया गया है।

नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस (एनपीए) लेने के बावजूद सरकारी डॉक्टर अपने आवास या निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस करने से बाज नहीं आ रहे हैं। यह खेल जिले में काफी दिनों से चल रहा है। हाल ही में जिला क्षय रोग अधिकारी का मामला सामने आने के बाद तत्कालीन सीएमओ ने शासन को पत्र लिखा था जो कार्रवाई की प्रक्रिया में है।

डीएम ने इस पर रोक लगाने के लिए पिछले सप्ताह आईएम के डॉक्टरों और सीएमओ के साथ बैठक कर सख्त निर्देश भी दिए, इसके अलावा सीएचसी, पीएचसी और अपने आवास पर सादे पेपर पर निजी प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों पर गोपनीय जांच एजेंसियां की भी नजर है।

वह साक्ष्य जुटाने और ऐसे डॉक्टरों को चिह्नित करने के लिए कार्य कर रही हैं। इसकी सक्रियता के बाद डॉक्टर अब अपने पैड का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, सादे पेपर पर पर्ची बनाकर दवा लिखी जा रही है। जिले में शहर से लेकर गांव के चौक चौराहों तक सरकारी अस्पताल में तैनात व एनपीए लेने वाले डॉक्टर निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं।

जिले के अलावा देवरिया में तैनात डॉक्टर कसया में अपना निजी नर्सिंग होम तक खोल रखे हैं। शहर के एक सरकारी अस्पताल में तैनात डॉक्टर शाम को 4 बजे से अपने आपस में मरीजों को देखते हैं, 400 रुपये इनका फीस है, ओपीडी में आने वाले मरीजों को शाम को आवास पर बुलाते हैं।

पहले इनके यहां लेटर पैड पर दवा लिखी जाती थी, अब सादे पेपर पर दवा लिखा जा रहा है और ऑनलाइन फीस लेना भी बंद कर दिया गया है। कप्तानगंज, दुदही, तमकुहीराज और कसया में तैनात डॉक्टर निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं, कई डॉक्टर नर्सिंग होम में जाकर मरीजों का इलाज आन कॉल कर रहे हैं।

कुछ दिन पूर्व शासन के निर्देश पर तत्कालीन सीएमओ ने जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एसएन त्रिपाठी के खिलाफ रिपोर्ट निजी प्रैक्टिस करने का भेजे थे, जो शासन तस्कर से इनके खिलाफ कार्रवाई होनी है। इसका खुलासा स्वास्थ्य मंत्री ने भी किया था।

इसके अलावा मेडिकल कॉलेज में तैनात प्रोफेसर व डॉक्टर ओपीडी के समय निजी अस्पतालों में मरीजों का इलाज कर रहे हैं या अपने खुद के नर्सिंग होम में मरीजों का इलाज कर रहे हैं। ऐसे कई डॉक्टरों का साक्ष्य गोपनीय एजेंसिया के हाथ लगा है।

वहीं, सीएमओ डॉ. अनुपम भास्कर ने बताया कि एनपीए लेने वाले डॉक्टरों को निजी प्रैक्टिस करने से मना कर रखा है, इसके लिए आदेश भी जारी कर दिया है। इसकी जानकारी कराई जा रही है। निजी प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ शासन को पत्र लिखा जाएगा। इस पर रोक लगाने के लिए गोरखपुर से भी एक स्वास्थ्य टीम का गठन किया गया है, जो महीने में पांच दिन जिले में जांच करेगी। एनपीए लेने वाले डॉक्टर अगर निजी

# डंडे से हॉकी खेलते समय पेट में लगी गेंद, मौत

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



गोरखपुर के चौरीचौरा के इब्राहिमपुर गांव के कुसुली टोले के बाग में डंडे से हॉकी खेलते समय 11 साल के बालक के पेट में गेंद लग गई। जिससे बालक की मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

गोरखपुर के चौरीचौरा इलाके के इब्राहिमपुर गांव के कुसुली टोले के बाग में शनिवार दोपहर हॉकी खेलने के दौरान पेट पर गेंद लगने से बालक अविनाश निषाद की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन अविनाश को लेकर एम्स की इमरजेंसी में पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अविनाश निषाद इब्राहिमपुर गांव के सेहरा टोला का रहने वाला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस के मुताबिक, कुसुली टोला में अविनाश निषाद दूसरे टोले के बच्चों के साथ हॉकी खेल रहा था। बच्चों ने डंडे से हॉकी बनाया था। इससे भारी-भरकम बॉल पर मार रहे थे। खेलने के दौरान ही एक बच्चे ने तेजी से बॉल पर डंडा चलाया। बॉल सीधे अविनाश के पेट में जाकर लगी। शॉट इतना तेज था कि बॉल की छाप उसके पेट पर पड़ गई थी।

चोट लगते ही अविनाश जमीन पर गिर गया। जानकारी पर ग्रामीणों की मदद से मां कुंती देवी बच्चे को लेकर एम्स की इमरजेंसी में पहुंचीं। वहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इससे बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई।

पति पहले ही छोड़ दिए...अब बुझ गया घर का इकलौता चिराग

पति ने पहले ही दर-दर की ठोकरें खाने के लिए छोड़ दिया। जिसके लिए जिंदगी जी रही थी, वह आखिरी चिराग भी बुझ गया। बेटा मुझसे बहुत प्यार करता था, वो मुझे छोड़कर नहीं जा सकता है। यह पीड़ा हॉकी की गेंद लगने से मृत बालक की मां कुंती देवी बता रही थीं। एम्स की इमरजेंसी में डॉक्टरों ने अविनाश निषाद (11) को मृत घोषित किया तो मां की पीड़ा एक-एक करके आंसुओं के साथ बाहर आई। जानकारी के मुताबिक, चौरीचौरा इलाके के कुसुली गांव की कुंती देवी की 12 साल पहले कुशीनगर के युवक से शादी हुई थी। आरोप है कि कुछ ही साल बाद पति का किसी अन्य महिला से संबंध हो गया, वह उसके साथ ही रहने लगा। इसको लेकर घर पर कुंती देवी से आए दिन झगड़ा होने लगा। करीब पांच साल से वह अपने मायके कुसुली में आकर रह रही हैं। यहां पर वह मजदूरी कर अविनाश को पढ़ा रही थीं। अविनाश कक्षा पांच का छात्र था। कुंती हमेशा कहती थीं कि बेटा पढ़ लिखकर अच्छी नौकरी हासिल कर लेगा, उस दिन सारे दुख दूर हो जाएंगे। लेकिन यह सपना टूट कर चकनाचूर हो गया। कुंती देवी बार-बार कह रही थीं कि अब किसके लिए जिंदा रहूंगी।

## महिला के शव की पुलिस ने कराई पहचान

जन एक्सप्रेस। देवरिया

हेतिमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को कंटेनर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल महिला की बृहस्पतिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने शनिवार को शव की शिनाख्त करा ली। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

महुआडीह थानाक्षेत्र के देवरिया मोड पर बुधवार को कंटेनर की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के दौरान दूसरे दिन उसकी मौत हो गई। शिनाख्त नहीं होने की वजह से पोस्टमार्टम नहीं हुआ था। शनिवार को उसकी पहचान कुशीनगर जिला के हाटा कोतवाली क्षेत्र के लालीपार गांव के किरण (35) पुत्री रामभवन के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को थाना बुलाकर आवश्यक कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# ठेला व्यापारियों के लिए बनाया जाएगा नया बाजार

जन एक्सप्रेस। देवरिया

ठेला व्यापारियों को स्थाई दुकान आवंटन करने और शहर में नई बाजार बसाने के लिए तहसील प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है। जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए छह दिन पहले तहसील प्रशासन ने सख्त तेवर दिखाते हुए गांधी चौक से ओवर ब्रिज के नीचे लगने वाली ठेले और चौकियों को हटा दिया था।

जिसके बाद कुछ लोगों ने धरना प्रदर्शन के साथ एसडीएम और डीएम को पत्र देकर दोबारा दुकान लगाने की मांग की। वहीं ठेला व्यापारियों के परेशानी को देखते हुए एसडीएम दिशा श्रीवास्तव ने खुद जमीन की तलाश शुरू कर दी। नगर पंचायत कार्यालय के समीप सरकारी भूमि मिलने के बाद ठेला व्यापारियों के लिए स्थाई दुकान आवंटन करने के साथ नई बाजार बसाने के लिए पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर आवेदन जमा करना शुरू कर दी है। जिसमें अबतक 20 से अधिक लोगों ने आवेदन जमा कर दिए हैं।

सलेमपुर में जाम की झाम से लोगों को निजात नहीं मिल रहा है। जितनी सड़क चौड़ी और ठीक हो रहीं हैं उतने ही दुकानदारों में अतिक्रमण करने की होड़ लगी हुई है।

बस स्टैंड, सोहनाग मोड़ तो वाहन चालकों व दुकानदारों की मनमानी चलते जाम का पिक प्वाइंट बन चूका है। वहीं गांधी चौक से रेलवे स्टेशन को जाने वाली सड़क पर राहगीरों को सुबह 5:00 बजे से लेकर 11:00 तक चलना मुश्किल हो जाता है। जाम की समस्या के चलते अक्सर लोगों की ट्रेन ने छूट जाती हैं।


इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए नगर पंचायत के साथ तहसील प्रशासन ने 17 मई को ओवर ब्रिज के नीचे लगे ठेके और चौकी के दुकानदारों को खाली करा दिया। जिसके बाद ठेला व्यापारियों ने एसडीएम और डीएम को पत्र देकर उसी स्थान पर दुकान लगाने की बात पर अड़े हैं।

जबकि एसडीएम दिशा श्रीवास्तव ने ठेला व्यापारियों के स्थाई दुकान आवंटन करने के लिए नगर पंचायत कार्यालय के बगल में भूमि चिंहित कर पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर आवेदन लेना शुरू कर दी हैं। एसडीएस दिशा श्रीवास्तव ने कहा कि ठेका व्यापारियों को उजाड़ा नहीं गया है, जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन यह कदम उठाया है। ठेला व्यापारियों के लिए स्थाई दुकान आवंटन किया जा रहा है।

इसके लिए नगर पंचायत कार्यालय के समीप सरकारी भूमि को चिंहित कर लिया गया है। 20 से अधिक दुकानदार अपना आवेदन भी दिए हैं। जो ठेका व्यापारी आवेदन करता है उसे भूमि आवंटित की जाएगी। ठेला व्यापारियों को कोई परेशानी नहीं है, दबंगई के बल पर ओवर ब्रिज के नीचे चौकी रखने वालों की अब दलाली बंद हो गई है तो उनको परेशानी तो होगी। इसमें दखल डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध का मिला शव, मौके पर पहुंची पुलिस

जन एक्सप्रेस। पनियरा/महाराजगंज



पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोनहा के रानी छावनी टोला निवासी 60 वर्षीय सुर्यनाथ का शव घर से कुछ दूरी पर स्थित जंगल किनारे गुलर के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। वही घटना की सूचना मिलने पर काफी संख्या में आस पास के लोग मृतक के घर पहुंचे। वही घटना को लेकर मृतक सूर्यनाथ के परिजनों का आरोप है कि वह कर्ज से परेशान थे।

मृतक के चार पुत्र व एक पुत्री है। तीन बेटों व एक बेटी की शादी हो चुकी है। सबसे छोटा बेटा 18 साल का है। उसकी शादी नहीं हुई है। मृतक की बड़ी बहू रुक्मिणी ने बताया कि गांगी स्थिति एक बैंक से डेढ़ लाख का केसीसी ऋण लिया था। जिसको काफ़ी समय से वह जमा नहीं कर पा रहे थे जिस वजह से बैंक वाले आये दिन उसे परेशान करते थे कर्ज के डर से वह घर से इधर उधर रहते थे उसके पास कुल 86 डिस्मिल खेती है। उसमें भी तीस डिस्मिल खेत रेहन रखा हुआ है। बताया जा रहा है कि वह पंपिंग सेट मशीन के मिस्त्री भी थे और आज सुबह चार बजे से ही घर से गायब थे वही लगभग तीन बजे गांव के किसी व्यक्ति ने जंगल किनारे गुलर के पेड़ से लूंगी के फंदे से लटका हुआ देखा तो परिजनों को सूचना दी।

मृतक सूर्यनाथ के चार बेटे और एक बेटी है जिसमें बड़े बेटे रामनगीना, दिलीप, बृजलाल उससे अलग रहते हैं और बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। छोटे बेटे शक्तिमान की अभी शादी नहीं हुई है। एक बेटी निर्मली की शादी हो चुकी है। वही इस मामले में पूछे जाने पर पनियरा प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा जा रहा है।

## टहलने निकली महिला से सोने की चेन छीनी

जन एक्सप्रेस। देवरिया

शहर के आंबेडकर नगर मोहल्ले में शनिवार की सुबह टहलने निकलीं 63 वर्षीय निर्मला की गले से सोने की चेन छीनकर बाइक सवार दो उचक्के भाग गए। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों को पकड़ने में लगी है। वारदात के बाद पीड़िता के पुत्र राजीव बहादुर सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी है।

उन्होंने तहरीर में कहा है कि भीखमपुर रोड से तारा भवन गली होते हुए अपनी गली में मां पहुंची थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक रास्ता पूछने के बहाने उसके पास आए और कुछ दूरी तक पीछा करने के बाद सुनसान जगह पर गले से सोने की चेन झपट कर भाग गए। सदर कोतवाल दिलीप सिंह ने बताया कि उचक्कों की तलाश की जा रही है।

# लगातार दूसरे दिन भी पुलिस संग पशु तस्करों की मुठभेड़, एक घायल, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



शाहपुर इलाके में शनिवार की देर रात मुठभेड़ हुई। जवाबी फायरिंग में एक तस्कर को पैर में गोली लग गई। ऐसे ही शुक्रवार की देर रात भी बिहार के वांछित पशु तस्कर को शाहपुर पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था।

शाहपुर पुलिस की शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी पशु तस्करों से मुठभेड़ हुई। पुलिस ने एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पशु तस्करी में वांछित अनूप यादव, हरसेवपुर नं0- 2 टोला दहला थाना गुलरिहा को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद कर जब्त कर लिया।

शाहपुर इलाके में शनिवार की देर रात मुठभेड़ हुई। इसमें एक तस्कर को पैर में गोली लग गई। वह वहीं जमीन पर गिर गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ऐसे ही शुक्रवार की देर रात भी बिहार के वांछित पशु तस्कर को शाहपुर पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था।

इस दौरान भी एक अपराधी घायल हो गया था। पकड़े गए गए गौ तस्कर की पहचान बिहार पश्चिम चंपारण निवासी साहब अंसारी के रूप में हुई थी। इससे पहले, 29 अप्रैल को भी शाहपुर थाना क्षेत्र में पशु तस्करों ने जमकर उत्पात मचाया था।

खजांची चौराहे के पास राहगीर की कार में जोरदार टक्कर मार दी थी, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो तस्करों ने ईंट व पत्थर से हमला कर दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। पुलिस ने इस बार पहले से ही घेराबंदी कर दी थी।

पशु तस्करों के गोरखपुर आने की सूचना पुलिस को मिल गई थी। इस दौरान टीम ने घेरकर इन्हें रोकने का प्रयास किया तो ये फायरिंग कर भागने लगे। इसी दौरान पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक पशु तस्कर के पैर में गोली लग गई।

# भाजपा जिलाध्यक्ष अमरकिशोर 'बम बम' आपत्तिजनक वीडियो को लेकर विवादों में, संगठन ने भेजी गोपनीय रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । गोंडा




उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिलाध्यक्ष अमर किशोर **'बम बम'** एक आपत्तिजनक वीडियो के वायरल होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो भाजपा कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे का है, जिसमें अमरकिशोर एक महिला कार्यकर्ता के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, 12 अप्रैल की रात लगभग 9:30 बजे अमरकिशोर बम बम एक महिला को कार में लेकर पार्टी कार्यालय पहुंचे। इसके बाद दोनों को कार्यालय की सीढ़ियां चढ़ते और ऊपरी मंजिल की ओर जाते हुए देखा गया। यही सीसीटीवी फुटेज अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिससे भाजपा के स्थानीय संगठन में खलबली मच गई है।

**जिला अध्यक्ष ने दी सफाई, बताया मानवीय कृत्य**

वायरल वीडियो को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अमरकिशोर बम बम ने स्वीकार किया कि वीडियो उन्हीं का है और यह 12 अप्रैल की रात का है। उन्होंने कहा, **महिला कार्यकर्ता की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, उसे चक्कर आ रहे थे। ऐसे में मैंने केवल मानवीय आधार पर उसका सहारा दिया और कुछ देर आराम करने के लिए ऊपर ले गया।**

अमरकिशोर ने इसे राजनीतिक साजिश करार देते हुए कहा कि कुछ लोग उन्हें जिला अध्यक्ष पद से हटवाने के लिए षड्यंत्र रच रहे हैं और उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

**पार्टी हाईकमान तक पहुंचा मामला, संगठन में मची हलचल**


पार्टी सूत्रों के अनुसार, वायरल वीडियो को गंभीरता से लेते हुए भाजपा के प्रदेश नेतृत्व को इस मामले की जानकारी दी गई है। एक गोपनीय रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को भेजी गई है, जिसमें घटना की जानकारी, शिकायत और वीडियो फुटेज का विवरण शामिल है। अब शीर्ष नेतृत्व द्वारा कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है। इस घटना से भाजपा की गोंडा जिला इकाई की छवि पर असर पड़ा है और संगठन के भीतर असहज स्थिति उत्पन्न हो गई है। यह मामला भाजपा की आंतरिक राजनीति और संगठनात्मक अनुशासन को लेकर भी सवाल खड़े कर रहा है, जिस पर अब पार्टी की सख्त नजर बनी हुई है।


## मुनाफे का लालच देकर जमा कराए 84.80 लाख...एप पर दिखाया करोड़ों का फायदा

जन एक्सप्रेस/आगरा। कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए बातों में उलझाकर एक फर्जी वेबसाइट और एप डाउनलोड करा दी। इसके बाद ठेकेदार को व्हाट्सएप ग्रुपों में जोड़ दिया। निवेश से भारी लाभ होने का आश्वासन दिया। आगरा में साइबर ठगों ने ठेकेदार को ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफा होने का लालच देकर 84.80 लाख रुपये ठग लिए। एप से रुपये ट्रांसफर नहीं होने पर ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर थाने में शिकायत की है। पावनधाम कॉलोनी, ताजगंज निवासी राजू शर्मा (53) ठेकेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 9 मार्च 2025 को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले युवक ने खुद को लक्ष्मी गोपालदास बताया और एसएसजीए स्टॉक एकेडमी नामक कंपनी में रुपये निवेश कर 600 प्रतिशत लाभ दिलाने का झांसा दिया। वह कुछ समझ पाते तब तक एक महिला कंगना शर्मा ने कॉल कर नूवमा वेल्थ नाम की कंपनी का प्रतिनिधि बताया। बातों में उलझाकर एक फर्जी वेबसाइट और एप डाउनलोड करा दी। इसके बाद उन्हें अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुपों में जोड़ दिया। ट्रेनिंग दिलाकर विश्वास दिलाया कि निवेश से भारी लाभ होगा।

# अखंड सौभाग्य का वट सावित्री व्रत आज : स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़





अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए ज्येष्ठ मास की अमावस्या को महिलाएं वट वृक्ष की पूजा करती हैं,मान्यता है कि इस दिन सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे। इस व्रत से पति की दीर्घायु और वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने वट सावित्री व्रत के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि अमावस्या तिथि आज यानि सोमवार प्रातः 12ः11 मिनट से प्रारंभ हो चुकी है जिसका समापन कल मंगलवार प्रातः 08ः31 मिनट पर होगा। परन्तु इस व्रत के लिए उदया तिथि के स्थान पर मध्याह्न व्यापिनी तिथि मान्य रहती है इस कारण इस बार वट सावित्री व्रत आज ही मनाया जाएगा। वहीं गंगा स्नान और दान के लिए उदया तिथि के अनुसार मंगलवार श्रेष्ठ रहेगा। वट सावित्री पूजा का शुभ मुहूर्त अभिजीत काल में यानि प्रातः 11ः51 मिनट से रहेगा।

वट सावित्री व्रत के महत्व के बारे में स्वामी जी ने बताया कि बरगद के पेड़ में त्रिदेवों का वास होता है। जड़ में ब्रह्मा जी, तने में विष्णु जी और शाखाओं में तथा ऊपर पत्तों में भगवान शिव का वास है।त्रिदेवों का वास होने के कारण इसे देववृक्ष भी कहा जाता है। इसी वृक्ष के नीचे सत्यवान ने अपने प्राण त्यागे थे और ज्येष्ठ माह की चिलचिलाती गर्मी में यह वृक्ष सबसे अधिक शीतलता देता है। वहीं पूजा विधान को लेकर स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि इस दिन प्रातः स्नानआदि से निवृत होकर स्वच्छ वस्त्र धारण करें, इसके बाद व्रत का संकल्प लें और मन में बोले की मैं वट सावित्री व्रत पति की दीर्घायु के लिए कर रही हूं। भगवान मुझपर और मेरे पति पर अपनी कृपा बनाकर रखें। पूजन के लिए किसी वट वृक्ष के समीप जाएं। यदि संभव न हो तो घर में गमले में बरगद का छोटा पौधा रख सकते हैं। सबसे पहले वट वृक्ष की जड़ में जल चढ़ाएं, इसके बाद पेड़ को हल्दी-रोली लगाएं और फिर फूल अर्पित करें। सूत का धागा वट वृक्ष के चारों ओर 7 या 11 बार परिक्रमा करते हुए लपेटें और हर फेरे पर मन में पति की लंबी उम्र की कामना करें।

# पेड़ काटने के विरोध में उतरे लोग सड़क पर बैठ कर किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । आगरा

पीडब्ल्यूडी के कर्मी मार्ग पर पेड़ों का कटान कर रहे थे। इस दौरान एक कई वर्ष पुराना पेड़ काट कर गिरा दिया। जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। लोग इसके विरोध में सड़क पर बैठे गए। मैनपुरी के शहर मे स्टेशन रोड पर रविवार की सुबह सड़क चौड़ीकरण को लेकर पेड़ काटे जा रहे थे। इस दौरान करणी सेना के जिलाध्यक्ष अपने समर्थक व स्थानीय लोगों के साथ वर्षों पुराने पेड़ काटे जाने का विरोध करते हुए सड़क पर बैठ गए। जाम की सूचना पर एसडीएम, सीओ और अधिशासी अधिकारी मौके पर पहुंच गए। लोगों के विरोध के आगे अधिकारियों को पेड़ काटे जाने का काम रोकना पड़ा। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने करीब दो घंटे से लगा जाम खोला। तब पुलिस ने मार्ग का आवागमन सुचारू कराया। स्टेशन रोड पर सड़क चौड़ीकरण के कार्य के लिए करीब 43 पेड़ काटे जाने हैं। रविवार को पीडब्ल्यूडी के कर्मी मार्ग पर पेड़ों का कटान कर रहे थे। इस दौरान एक कई वर्ष पुराना पेड़ काट कर गिरा दिया। जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। जानकारी होने के बाद करणी सेना के जिलाध्यक्ष शंकर सिंह चौहान समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए। भाजपा के कुछ युवा नेता भी आ गए। स्थानीय लोगों के साथ विरोध में शामिल हो गए। विरोध और जाम की सूचना पर एसडीएम अभिषेक कुमार, सीओ सिटी संतोष कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी पीडब्ल्यूडी धनुषधारी भी मौके पर पहुंचे।

विज्ञापन

# भाजपाइयों ने मंदिरों में पुष्पार्चन कर अहिल्या बाई को किया याद

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में अहिल्या बाई होलकर त्रिषताब्दी स्मृति अभियान को लेकर शनिवार देर शाम विभिन्न मंदिरों एवं नदी के घाटों पर भाजपाइयों ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने तट पर पुष्पार्चन, आरती व दीप प्रज्ज्वलन किया।

जानकारी के अनुसार सदर विधान सभा के राप्ती नदी के सिसई घाट पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टू राम ने कहा कि अहिल्या बाई होलकर के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने देष के तमाम मंदिरों का जीर्णोद्धार किया। इसी के साथ ही उन्होंने समाज सेवा में भी अहम भूमिका निभाई। जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि अहिल्या बाई होलकर ने बालिकाओं की षिक्षा के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया है। सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने काषी, मथुरा व अयोध्या सहित लगभग 3200 मंदिरों की पुर्नस्थापना कराया था। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देष के महान विभूतियों को सम्मान देने का कार्य कर रहे हैं। उसी कड़ी में पूरे देष में पुण्य श्लोक अहिल्या बाई होलकर स्मृति अभियान चलाया जा रहा है। देष के लोगों को अहिल्या बाई होलकर के बारे में जानना चाहिए। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य सत्येन्द्र सिंह बारी, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाष सिंह गुड्डू, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, आद्या सिंह, जिला महामंत्री व अभियान संयोजक वरूण सिंह मोनू, बिंदू विष्वकर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता तिवारी, कार्यक्रम संयोजक संदीप उपाध्याय, रन्नू सिंह, शिव प्रताप सिंह, अपूर्व सिंह, प्रवीण सिंह, कुषाग्र सिंह, अक्षय शुक्ला, नंदिनी शुक्ला, प्रतिमा मिश्रा, सविता सिंह, जयंत सिंह सहित तमाम लोग मौजूद थे। वहीं उतरौला के दुखहरण नाथ मंदिर पर उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधान सभा संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, देवानंद गुप्ता, फणीन्द्र गुप्ता आदि मौजूद थे। तुलसीपुर विधानसभा के मोहन बाबा मंदिर पर दीप प्रज्ज्वलन व आरती का आयोजन किया गया। गैसड़ी विधान सभा में हनुमान मंदिर स्थित भांभर नाला पर अहिल्या बाई होलकर के चित्र पर पूर्व विधायक शैलेष कुमार सिंह शैलू व अन्य भाजपाइयों ने पुष्पार्चन कर आरती किया।

# शराब के ठेके में चोरी करने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, दो के पैर में लगी गोली, चार गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । आगरा

पुलिस ने रोका तो बदमाश बाइक मोड़कर भागने लगे। हड़बड़ी में वे बाइक से गिर गए। पुलिस उनकी तरफ बढ़ी तो फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी और वहीं गिर पड़े। फिरोजाबाद में 20 मई की रात रामगढ़ इलाके के देशी शराब के ठेके की छत काटकर शराब की पांच पेटी व 13 हजार की नकदी चोरी करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। दो बदमाशों के पैर में पुलिस की गोली भी लगी है। जिन्हें उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। चोरों के पास से अवैध तमंचा बरामद किए हैं।

थाना रामगढ़ के ठारपूठा स्थित देशी शराब के ठेके की छत काटकर 20 मई को चोरी हुई थी। पुलिस की दो टीम घटना के पर्दाफाश में लगी थी। तभी शनिवार रात 12 बजे सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध ममता डिग्री कालेज अंडरपास मौजूद हैं। जिनके पास चोरी का सामान है। जिसे बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेरेबंदी की।

इस दौरान दो बाइक से चार संदिग्ध आते हुए दिखे। पुलिस ने रोका तो वे बाइक मोड़कर भागने लगे। हड़बड़ी में वे बाइक से गिर गए। पुलिस उनकी तरफ बढ़ी तो फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी और वहीं गिर पड़े। जबकि भाग रहे दो शातिरों को पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाशों में घायल योगेश उर्फ गट्टू निवासी कस्बा एका और नितिन निवासी कुशवाह मुहल्ला, एका हैं।

# ग्रीष्मकालीन सात दिवसीय कार्यशाला का समापन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन निःशुल्क कार्यशाला का समापन रविवार को किया गया ।

जानकारी के अनुसार 26 मई को एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में चल रहे सातदिवसीय ग्रीष्मकालीन निःशुल्क कार्यशाला का समापन हुआ। समारोह में प्रतिभाग करने वाले 100 प्रतिभागियों को संस्थान की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, संस्कार भारती के दिनेश कुमार सिंह व कार्यक्रम संयोजक महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि कार्यशाला एक इंटरैक्टिव सत्र है जिसे व्यावहारिक गतिविधियों और चर्चाओं के माध्यम से विशिष्ट कौशल या अवधारणाओं को सिखाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कार्यशालाएँ सैद्धांतिक ज्ञान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण होती हैं। वे छात्रों को सहयोगात्मक रूप से सीखने, आलोचनात्मक सोच को बढ़ाने और आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने के अवसर प्रदान करते हैं। श्री दिनेश जी ने कहा कि यह कार्यशाला प्रतिभागियों के मील का पत्थर साबित होगा। ग्रीष्मकालीन कार्यशालाओं का भरपूर लाभ प्रतिभागियों को उठाना चाहिए। कार्यशाला संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ चौहान ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि कार्यशालाओं में भाग लेने से, छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है, आत्मविश्वास बढ़ता है और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है, जो उनके समग्र विकास और सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने प्रमाण पत्र प्राप्त करने के साथ ही अपने अनुभव को भी शेयर किया। इस अवसर पर डॉ वंदना सिंह व डॉ सुनील कुमार शुक्ल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सरेराह महिला से की छेड़छाड़, शोर मचाने पर धमकी देकर भाग निकला

जन एक्सप्रेस । आगरा

युवती का रास्ता रोककर छेड़छाड़ करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपी महिला को धमकी देते हुए भाग निकला था।

आगरा में महिला से छेड़छाड़ करने वाले मनचले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कई दिनों से आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। छेड़छाड़ का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था।

सदर थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को बताया कि वह सदर क्षेत्र में बुटीक चलाती हैं। बुधवार दोपहर बुटीक जा रही थीं। रास्ते में लाल रंग के स्कूटर पर एक युवक पीछे से आया। रोक कर छेड़खानी करने लगा। कपड़े खींचकर निर्वस्त्र करने की कोशिश की। शोर मचाने पर धमकी देकर भाग गया।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के खंगाले। इससे युवक का सुराग लगा। पिछले तीन दिन से पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई थी।

# विदाई समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द0 नम्रिता श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार का वाह्य जनपद स्थानांतरण के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में मौजूद पुलिस अधीक्षक व समस्त पुलिस परिवार ने शुभकामनाएं दीं ।

जानकारी के अनुसार 24 मई 2025 की शाम अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार का वाह्य जनपद स्थानांतरण के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में किया गया भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने समारोह में संदेश व्यक्त करते हुए बताया कि बलरामपुर जनपद भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगा हुआ एक अति संवेदनशील जनपद है, जहाँ सीमा सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, तथा अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों पर सतर्क निगरानी की आवश्यकता रहती है। जिसे अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व उत्तरी ने अपने कार्यकाल के दौरान न केवल सीमावर्ती इलाकों में अवांछित गतिविधियों पर नियंत्रण रखा, बल्कि जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति को भी सुदृढ़ बनाए रखा।

उनकी सेवा अवधि के दौरान सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में विशेष सतर्कता, अभियान संचालन तथा अंतरविभागीय समन्वय की सराहनीय मिसालें स्थापित हुईं। साथ ही अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक निर्वाचन जैसे लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव, पंचायत चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव को सफलतापूर्वक व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया, जिसमें उनके नेतृत्व में प्रदेश स्तर पर पुलिस प्रशासन की उत्कृष्ट रणनीति और समन्वय की सराहना की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व उत्तरी ने बलरामपुर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण, टीमवर्क और जनसंपर्क को सशक्त करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनका नेतृत्व अनुकरणीय रहा है। बलरामपुर पुलिस को उन पर गर्व है और हम उन्हें उनके आगामी दायित्वों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते है तथा स्मृति चिह्न भेंट कर, उन्हें सादर विदाई दी गई। इस अवसर पर नवांगुतक अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति श्री, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर बृजनंदन राय, क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी ललिया डॉ0 जितेन्द्र कुमार सहित सभी थाना प्रभारी शाखा प्रभारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के अंत में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व उत्तरी ने बलरामपुर पुलिस परिवार एवं समस्त प्रशासनिक तथा न्यायिक अधिकारियों के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया और कहा ÷यह जनपद मेरे लिए हमेशा एक अनुभव और प्रेरणा का स्थल रहेगा। मैं सभी के स्नेह और समर्थन के लिए कृतज्ञ हूं। उन्होंने अपने सहयोगियों और समस्त स्टाफ का धन्यवाद किया। उन्होंने बलरामपुर के सभी निवासियों का भी सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# नई टाउनशिप में 500 कमरों का होटल व तीन मंजिला बारात घर

जन एक्सप्रेस । आगरा

एडीए की बोर्ड बैठक् में एत्मादपुर मदरा में प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर को ककुआ और भांडई में निर्माणाधीन नई टाउनशिप में शिफ्ट करने पर मुहर लगी। साथ ही महताबबाग स्थित ग्यारह सीढ़ी पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आगरा में मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को आगरा विकास प्राधिकरण बोर्ड की 148वीं बैठक में आधा दर्जन प्रस्ताव पास हुए। नई टाउनशिप में कन्वेंशन सेंटर की शिफ्टिंग के अलावा तीन मंजिला बरात घर और 500 कमरों का एक होटल बनेगा। राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी) ने महताबबाग स्थित ग्यारह सीढ़ी पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सशर्त अनुमति दी है। एडीए उपाध्यक्ष ने बैठक में बताया कि 23 मई को एक कार्यक्रम हो चुका है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम के लिए शुक्रवार का दिन चुना जाए।

ब्रज के कलाकारों को आमंत्रित किया जाए। साथ ही एत्मादपुर मदरा में प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर को ककुआ और भांडई में निर्माणाधीन नई टाउनशिप में शिफ्ट करने पर मुहर लगी। एत्मादपुर मदरा की 8.963 हेक्टेयर भूमि को एडीए बल्क में बेचेगा। ताजनगरी फेज-2 योजना में निर्मित 488 दुर्बल आय वर्ग आवासों के संबंध में रूड़की आईआईटी ने स्थल निरीक्षण कर लिया है। अगले सप्ताह रिपोर्ट आएगी। इसे ध्वस्त कर दोबारा बनाने पर बात चल रही है।

## खुर्जा के गांव माचड़ में आयोजित बसपा की मीटिंग में गठित की सेक्टर कमेटी

# जीत की गारंटी हैं बसपा की मजबूत सेक्टर कमेटियां : बाबू लाल गौतम

जन एक्सप्रेस । खुर्जा



बसपा की मजबूत सेक्टर कमेटियां जीत की गारंटी हैं। कार्यकर्ता समूचे विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय और आस्थावान कार्यकर्ताओं की मजबूत सेक्टर कमैटियां बनाएं। यह विचार बसपा के जिला प्रभारी बाबू लाल गौतम ने गत दिवस खुर्जा क्षेत्र के गांव माचड़ में आयोजित बसपा की मीटिंग में एकत्रित बसपा कार्यकर्ताओं के संबोधन में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

बसपा के जिला प्रभारी बाबू लाल गौतम ने कहा कि यह बसपा का इतिहास रहा है कि उसने पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के नेतृत्व में अपने कार्यकर्ताओं कें दम पर बड़ी से बड़ी चुनावी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 में बसपा अपने कार्यकर्ताओं के दम पर ही बहुमत हासिल करने में सफल रही थी। वरिष्ठ बसपा नेता ने कार्यकर्ताओं का आहवान किया कि वह अपने अपने क्षेत्र में मजबूत सेक्टर कमेटियों का गठन करें। जिससे मिशन-2027 की सफलता सुनिश्चित हो सके। बसपा के खुर्जा विधानसभा क्षेत्र कमैटी के अध्यक्ष राज कुमार प्रधान ने कहा कि बसपा के ऐसे कार्यकर्ता जो निष्क्रय हो चले हैं और संगठन के पदों पर कुंडली मार कर बैठे हैं। वह स्वयं पदों को छोड़ दें और सक्रिय कार्यकर्ताओं को आगे आने में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि बसपा के पदों पर सक्रिय और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को ही समायोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जल्द से जल्द संगठन की कमैटियों के गठन में अपना बेस्ट देकर पूर्ण सहयोग उल्लेखित करें। इससे पूर्व सेक्टर संख्या 5 जवां की कमैटी का गठन किया गया।

क्षेत्र के आस्थावान और ऊर्जावान कार्यकर्ता अनिल कुमार को जवां सेक्टर कमैटी का अध्यक्ष और मोहन लाल कश्यप को सेक्टर कमैटी का महासचिव नियुक्त किया गया। मीटिंग में बसपा के जिला प्रभारी बाबू लाल गौतम, खुर्जा विधानसभा क्षेत्र कमैटी के अध्यक्ष राज कुमार प्रधान, नव नियुक्त सेक्टर अध्यक्ष अनिल कुमार, नवनियुक्त महासचिव मोहन लाल कश्यप, हुकम सिंह, राजपाल सिंह, राजवीर सिंह, प्रेमपाल सिंह और बिजेन्द्र सिंह समंत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आयोग सदस्य ने जन चौपाल में सुनी समस्याएं



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में जिला उपाध्यक्ष आद्या सिंह द्वारा ग्राम सभा गैंजहवा में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सत्येंद्र बारी सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश सरकार राष्ट्रीय संयोजक एकल विद्यालय अभियान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय बारी संघ के सत्येंद्र बारी ने जन समस्याओं को सुना तथा उनके निदान के लिए अधिकारियों से वार्ता किया। उन्होंने समस्याओं के तुरंत निदान का आश्वासन भी दिया। चौपाल में कार्यक्रम संयोजक विक्की सिंह, मंडल अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह प्रधान प्रतिनिधि उग्रसेन सिंह, प्रदीप मिश्रा, शक्ति केंद्र संयोजक प्रदीप मिश्रा, समाजसेवी राघवेंद्र सिंह मंटू सभासद सिविल लाइन, आशीष सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में कार्यकर्ता को अवगत कराया तथा उन्हें आश्वासन दिया कि उनका कार्य जरूर होगा।

# अहिल्याबाई होल्कर का त्रिशतादी स्मृति समारोह धूम-धाम से मनाया गया





उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते विधायक

- अहिल्याबाई ने अपनी कार्य कुशलता से समाज को नई दिशा दी – लालजी त्रिपाठी
- हर बेटी के लिए प्रेरणास्त्रोत है अहिल्याबाई का जीवन – अजय सिंह

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

हरैया विधानसभा के श्रृंगीनारी मंदिर के परिसर में रविवार को पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत विधानसभा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में महिलाओं, युवाओं, बच्चों, पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिद्धार्थनगर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी और आयोजक हरैया विधायक अजय सिंह ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। विधायक द्वारा बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि में सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपनी कार्य कुशलता से समाज को नई दिशा दी उन्होंने साबित किया कि संकल्प, विवेक और धर्मपरायणता के साथ कोई भी स्त्री समाज और राष्ट्र की दिशा को बदल सकती है। रानी अहिल्याबाई होल्कर का संपूर्ण जीवन सेवा, समर्पण, त्याग और राष्ट्रधर्म के प्रति अपार निष्ठा का अद्भुत उदाहरण रहा है। उन्होंने नारी नेतृत्व की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत कर समाज को नई राह दिखाई है। विधायक ने कहा कि नारी सशक्तिकरण की प्रतीक, भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म के पुनरुत्थान की अमर नायिका रही पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन हर बेटी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी कहानी साहस, दृढ़ता और सामाजिक जिम्मेदारी के उदाहरण के रूप में देखी जाती है। विपरीत परिस्थितियों में भी अहिल्याबाई ने सनातन धर्म की पुनर्स्थापना का विराट कार्य अपने हाथों में लिया था जो हम सभी के लिए अनुकरणीय है। सम्मेलन को संयोजक परशुरामपुर प्रमुख प्रतिनिधि श्रीश पाण्डेय, आशुतोष सिंह छोटे, विनय शंकर मिश्र, राम प्रगट सिंह, अखिलेश सिंह आदि ने संबोधित किया। विधायक द्वारा सम्मेलन में शामिल सभी के लिए जलपान और भोजन की व्यवस्था कराई गई। कार्यक्रम का संचालन विवेक कान्त पाण्डेय ने किया।

इस अवसर पर घनश्याम शुक्ल, जवाहर जायसवाल, विनोद गुप्ता, सर्वेंद्र सिंह, सुनीत त्रिपाठी, शिवचरण जायसवाल, लक्की सिंह, ओमकार सिंह बड़े, बृजेश मिश्र, प्रेम शंकर ओझा, रवीश मिश्र, अखिलेश सिंह, भरत सिंह, निर्मल सिंह, वीरू सिंह, अर्जुन सिंह, धर्मध्वज सिंह सभासद, अन्तेश सिंह, परशुराम सिंह मुन्ना, सर्वदेव सिंह, आनन्द सिंह, रामलालित पाण्डेय, नीरज शुक्ल, मार्शल तिवारी, दीपक पाण्डेय,प्रमुख प्रतिनिधि श्रीश पाण्डेय, आशुतोष प्रताप सिहं, राम ललित पाण्डेय, विनोद गुप्ता, जवाहर जयसवाल, बिद्यावती वर्मा, लालमनी गौतम, तारा यादव, सुष्मा गौतम अंजली चौहान समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## युवक ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर किया अपहरण

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**जफराबाद।** जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक पिता ने अपनी पुत्री को गांव के ही एक युवक द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण किए जाने की सूचना थाने पर दी है। पुलिस कार्रवाई करते हुए केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। रविवार को थाना क्षेत्र के ही एक गांव निवासी पिता ने जाफराबाद थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है

कि उनकी किशोरी बेटी को गांव के ही एक युवक अपने भाई, पिता और अन्य अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसे बहला फुसलाकर घर से भगा ले गया। किशोरी ने जाते-जाते मां के गले की चेन और घर में रखा हुआ 10 हजार नगद भी अपने साथ लेती गई।

किशोरी के पिता ने प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव को बताया कि उन लोगों द्वारा उनकी बेटी की हत्या भी की जा सकती है।

पुलिस ने मामले में सक्रियता दिखाते हुए केस को दर्ज कर लिया है और छानबीन में जुट गई है।

प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर अपहरण कर्ता सहित उसके भाई, पिता और अन्य अज्ञात के विरूद्ध केस को दर्ज कर लिया गया है।

# हर घर जल योजना को मिली रफ्तार

## फूलपुर में जल जीवन मिशन के तहत सभी कनेक्शन से मिल रहा शुद्ध पेयजल, नोडल अधिकारी ने की सराहना

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद के फूलपुर गांव में पेयजल परियोजना ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण एवं नोडल अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने रविवार को औचक निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओवरहेड टैंक, पंप हाउस, बाउंड्री वॉल, सोलर पैनल और सोलर पंप जैसे प्रमुख अवयवों का बारीकी से निरीक्षण किया।

गौर करने वाली बात यह रही कि ग्राम आराजी फूलपुर में सभी जल कनेक्शन सक्रिय मिले और प्रत्येक घर तक नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित पाई गई। नोडल अधिकारी ने स्वयं नल खोलकर जल की उपलब्धता और दबाव की जांच की, जो पूरी तरह संतोषजनक रहा। ग्रामीण महिलाओं ने भी पानी की गुणवत्ता की मौके पर जांच की और संतोष व्यक्त किया। चौपाल के माध्यम से नोडल अधिकारी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर योजना से लाभान्वित लाभार्थियों और टेक्निकल ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षुओं से भी बातचीत की गई।

इस निरीक्षण के दौरान जिले के शीर्ष अधिकारी जैसे मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राम अक्षयबर चौहान, जिला विकास अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी देवी, परियोजना निदेशक के. के. पांडे और एक्सईएन जल जीवन मिशन ग्रामीण, बीडीओ सिकरारा समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में मृतक के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जंघई। जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर में आर्टिगाकार और बोलोरो की हुई भिड़ंत में मृतक राशिद खान के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह मुकदमा अर्टिगा चालक के विरुद्ध किया गया है।

पुलिस ने पीड़ित को भरोसा दिया है कि दोषी चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। मृतक के बेटे फारुक खान ग्राम निहलवा थाना मिश्रौली जनपद सिद्धार्थ नगर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि उसके पिता अर्टिगा कार से गांव के लोगों के साथ पांच मई को अपने गांव से बारात में जा रहे थे। जिसमें आर्टिगा कार चालक मनमानी करते हुए दाहिनी ओर जाकर सामने से आ रही बोलोरो में टक्कर मार दी। हादसे में उसके पिता राशिद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका उपचार गोरखपुर के जिला अस्पताल में चल रहा था। हालत बिगड़ने पर उनकी मौत हो गई।

राशिद खान का शव 19 मई को दफनाने के बाद 24 मई को फारूक ने मीरगंज थाने में अर्टिगा चालक को दोषी मानते हुए मुकदमा दर्ज कर दिया।

# बेटे व बहु ने पिता पर किया जानलेवा हमला

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद। जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में शनिवार की रात एक कलयुगी बेटे बहु ने मिल कर पिता के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया । हालत गंभीर होने पर उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बेटे और बहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ऊक्त गांव निवासी रमाशंकर यादव परिवार के साथ रहते है। परिवार में पत्नी व पुत्र गौतम यादव व उसकी पत्नी पार्वती यादव तथा गौतम की पहली पत्नी के सात वर्षीय बेटा है। कुछ दिन पूर्व गौतम अपनी माँ और पिता से खासा विवाद कर लिया। बाद में उनसे अलग होकर रहने लगा। गौतम तथा उसकी पत्नी आये दिन रमाशंकर तथा उसकी पत्नी से बिना वजह छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा करते रहते है। गौतम अपनी पहली पत्नी से पैदा हुए पुत्र को मारता पिटता रहता है। शनिवार की शाम को गौतम व उसकी पत्नी पार्वती ने माँ का चूल्हा फोड़ कर मारते पीटते हुए घर से भगा दिया। साथ ही अपने पहले पत्नी के पुत्र को भी मारने पीटने लगा। जब यह बात रमाशंकर को पता लगी तो वह बाजार से घर आये। गौतम से पूछने लगा। इस बीच उसने तथा उसकी पत्नी ने डंडे से रामाशंकर के ऊपर जानलेवा हमला शुरू कर दिया। चोट इतना जबरदस्त था कि रमाशंकर का सिर फट गया। वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिरकर तड़पने लगे। बेटा और बहू की इस तरह की हरकत को देख पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच कर दोनों को समझाने बुझाने लगे। फिर भी वह नहीं माने, आखिरकार किसी ने थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव को सूचना दिया।

सूचना पाकर उप निरीक्षक धनुषधारी पाण्डेय व फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां से घायल को तत्काल जिला चिकित्सालय भिजवाया। चिकित्सक द्वारा उसकी चोट को गम्भीर बताया जा रहा है। पुलिस ने बेटे व बहु पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# महाकुंभ मेले में योगदान के लिये सम्मानित किए गए कुलवेन्द्र सिंह



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

महाकुंभ मेले में तीर्थ यात्रियों की सेवा और योगदान के लिये रेड क्रॉस सोसायटी के पूर्व जिला सचिव कुलवेन्द्र सिंह को प्रदेश इन्डियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रदेश इन्डियन रेड क्रॉस सोसायटी, लखनऊ द्वारा प्रयाग राज में महाकुंभ मेले में दो माह तक कैम्प लगाकर तीर्थ यात्रियों की सेवा की गई।

बस्ती से रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्य शशांक राजगढ़िया, राजेन्द्र राजावत, रश्मित सिंह, सरदार दीपेंद्र सिंह एडवोकेट आदि ने योगदान दिया।

रेड क्रास सोसायटी के कुंभ मेला के संयोजक जय प्रकाश पाण्डेय और आरती ने प्रमाण-पत्र देकर उनके योगदान को सराहा।

कुलवेन्द्र सिंह को सम्मानित किये जाने पर डा. वी.के. वर्मा, किशन गोयल, बबिता शुक्ला, अरूणभानी रामका के साथ ही रेडक्रास के अनेक सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो युवक घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**शाहगंज।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बड़ागांव के समीप सड़क दुघर्टना में पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। सुल्तानपुर जनपद के अखंडनगर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी 21 वर्षीय अस्तित्व सिंह पुत्र संजय सिंह व ब्रहिमपुर गांव निवासी 27 वर्षीय शिवम सिंह पुत्र लालबहादुर सिंह शनिवार की देर रात अपनी बाइक से दोनों घर जा रहें थे।कि बड़ागांव के समीप एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मारकर मौके से वाहन समेत फरार हो गया।तेज आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त दोनों घायलों की देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# जौनपुर के डीएम ने किसानों को किया प्रेरित



- ढैंचा और जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु, जिलाधिकारी ने खेतों में पहुंच कर किसानों की दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जैविक खेती को प्रोत्साहित करने की दिशा में जौनपुर के जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने जैविक और ढैंचा की खेती को बढ़ावा देने की पहल शुरू की है। रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता को कम करने और मिट्टी की उर्वरता को प्राकृतिक रूप से बढ़ाने हेतु किसानों को ढैंचा बोने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

डॉ. चंद्र ने बताया कि ढैंचा एक ऐसी फसल है जिसे केवल डेढ़ महीने में उगाकर खेतों में जोत दिया जाता है। इसकी जड़ों में मौजूद गांठों में भरपूर नाइट्रोजन होता है, जिससे मिट्टी की जैविक संरचना मजबूत होती है। इसके उपयोग से यूरिया, डीएपी, पोटाश जैसे महंगे रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता काफी हद तक घट जाती है। जिलाधिकारी ने किसानों से आह्वान किया कि वे इस कम लागत वाली, पर्यावरण-संवेदनशील और लाभकारी विधि को अपनाएं ताकि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निर्धारित किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को साकार किया जा सके। ढैंचा न केवल हरी खाद के रूप में उपयोगी है, बल्कि इसके रस में कीटनाशक गुण भी होते हैं। साथ ही, यह पौधा कार्बन डाईऑक्साइड अवशोषित कर मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ाता है और भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायक होता है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार, ढैंचा के प्रयोग से खरपतवार और कीटों की समस्या घटती है तथा सह-फसल के रूप में इसका उपयोग भी लाभकारी है। इस प्रकार यह फसल न केवल हरित क्रांति, बल्कि श्वेत क्रांति को भी बल देती है। डॉ.चंद्र ने अंत में कहा कि हमें अपनी पारंपरिक खेती की ओर लौटते हुए आधुनिक जैविक तरीकों को अपनाना चाहिए, ताकि धरती, किसान और उपभोक्ता - तीनों का हित सुनिश्चित किया जा सके।

### रबी व खरीफ सीजन से पहले की जाती है खेती

जौनपुर। ढैंचा की खेती रबी व खरीफ सीजन से पहले की जाती है, ताकि नकदी फसलों को कम लागत में बेहतरीन पोषक तत्व मिल सके। इसकी फसल में फूल निकलने के बाद कटाई का काम किया जाता है। क्योंकि इस समय तक ढैंचा की जड़ें काफी नाइट्रोजन सोख लेती हैं। फसल की कटाई के बाद हरी खाद बनने के लिये पूरे खेत पर फैला दिया जाता है और हल्की सिंचाई भी की जाती है। इस तरह से पानी पड़ने पर जड़ों का नाइट्रोजन मिट्टी में पहुंच जाता है।

### कम खर्च में मिलेगी अच्छी फसल

जौनपुर। डीएम डॉ दिनेश चंद्र ने बताया कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खाद उत्पादन विधि में ढैंचा की बुवाई और 45 दिन में उसे पलट देने यानी खेत की मिट्टी में उसे जोतकर मिला देना एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। जिससे गांवों में कम खर्च करके अच्छी फसल ली जा सकती है। क्योंकि यह विधि मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए आदिकाल से उपयोग की जा रही है। चूंकि मैं भी किसान का बेटा हूँ, इसलिए मुझे पता है कि यहां ढैंचा उगाने व जोतने की विधि से हरी खाद के रूप में इसका उपयोग बहुतायत में किया जाता है। जो मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश की मात्रा को बढ़ाता है।

# जमीनी विवाद को लेकर नोनारी में मारपीट, पुलिस ने संभाला हालात

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले की खेतासराय थाना पुलिस ने रविवार को जमीनी विवाद को लेकर गयासपुर नोनारी गांव में हुई मारपीट में शामिल सात लोगों को मौके पर पहुंच कर गिरफ्तार कर लिया है। इनमें तीन महिलाएं शामिल हैं।

खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय ने बताया कि ग्यासपुर नोनारी गांव में रोशन लाल और रवि कुमार रास्ते की जमीन को लेकर एक व्यक्ति से लंबे समय से विवाद कर रहे थे। रविवार को यह लोग रास्ते में दरवाजा लगा रहे थे। दूसरे पक्ष ने मना किया तो विवाद बढ़ गया।

लाठी डंडा निकाल लिए।

हालात को समझते हुए उपनिरीक्षक विनोद तिवारी, हेड कांस्टेबल नफीस अहमद , अंकुश सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया और घटना में शामिल रवि कुमार के घर से दो महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार लोगों में गयासपुर नोनारी निवासी रोशन लाल पुत्र पांचू, रबी कुमार पुत्र रोशन लाल, खुशबू और साधना पुत्री रोशन लाल शामिल हैं।

थानाध्यक्ष श्री राय ने बताया कि इसी गांव के रामसेवक पुत्र स्व शिव द्वार, करमचंद पुत्र स्व राम सेवक, रेनू पुत्री राम सेवक को भी जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में गिरफ्तार किया गया है। सभी गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

उधर पुलिस टीम ने नगर पंचायत खेतासराय के जोगियाना मोहल्ला निवासी तीन लोगों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि इन सभी के खिलाफ न्यायालय में चल रहे विभिन्न मामलों में वारंट जारी हुआ था। जिन तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है उनमें नगर पंचायत खेतासराय के जोगियाना मोहल्ला निवासी शबनम बानो पुत्री स्व अंसार जोगी, महताब आलम जोगी पुत्र स्व अंसार जोगी, गजाला पत्नी महताब आलम जोगी शामिल है।

इन सभी 10 अभिक्तों की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के साथ उप निरीक्षक तारीक अंसारी, हेड कांस्टेबल नफीस अहमद, अंकुश सिंह, शुभम त्यागी शामिल रहे।

# ईद उल अज़हा की शाही ईदगाह में तैयारी शुरू

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शहर के शाही ईदगाह में ईद-उल-अज़हा के सिलसिले में रविवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें कुर्बानी के पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने और शाही ईदगाह में नमाज से पहले सभी व्यवस्था को दुरुस्त करने पर चर्चा

हुई। जिसका आगाज़ कलामे पाक से हसन शोऐब ने किया। हाजी शमीम एडवोकेट की सदारत में हुई।

सेक्रेटरी मोहम्मद शोऐब खान अच्छू ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी शाही ईदगाह में साफ सफाई और रंगाई पुताई का काम शुरू हो गया। ताकि वक़्त से पहले पुरा काम हो जाऐ। शाही ईदगाह के पूर्वी गेट पर एक पेड़ बहुत बड़ा हो गया। जिससे शाही गेट का पत्थर बाहर निकल रहा। आंधी तूफान आने पर कभी भी किसी प्रकार का खतरा हो सकता है। इसलिए आला अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। इसका जल्द से जल्द काम शुरू हो जाएगा। कमालुद्दीन अन्सारी ने कहा कि जिस तरह शाही ईदगाह कमेटी ईदुल फितर में अपने काम को अंजाम दिया।

उसी तरह कमेटी के सभी पदाधिकारि इस बार भी सभी कार्यक्रमों को बेहतर तरीके से संपन्न कराने के लिए अभी से लगे हुए हैं। सदस्यों ने अपनी राय दिया कि ईद उल अज़हा की नमाज़ सकुशल सम्पन्न हो। और शाही ईदगाह के गेट का काम शुरू कर दिया जाय। शकील मंसूरी ने लोगों को मुबारकबाद दी।

कहा टीम में शामिल सभी नए सदस्य को मार्गदर्शन देने के लिए मैं हमेशा मौजूद रहूँगा।

अध्यक्षता कर रहे कमेटी के उपाध्यक्ष हाजी मो शमीम एडवोकेट ने कहा कि हमारी पूरी कमेटी के लोगों ने जो काम किया।

उस काम को अवाम सराहना कर रही है। उसी तरह ईद उल अज़हा के मौक़े पर काम करना है और शहर के लोगों का सहयोग भी मिलता आ रहा है। संचालन नेयाज़ ताहिर एडवोकेट किया। इस बैठक में मो खालिद खान, मीडिया प्रभारी अबुलखैर राईन, अज़ीम जौनपुरी,मो ज़फ़र खान राजा अमिर हसन, मो चांद आदि मौजूद रहे।

## दूल्हे के चाचा की मौत के दो आरोपित गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

लपरी गांव में द्वारपूजा के दौरान बाइक से धक्का लगने के बाद शुरू हुआ विवाद, मारपीट में घायल वृद्ध की वाराणसी में मौत सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव में शुक्रवार रात एक बारात के दौरान उस समय हंगामा हो गया, जब द्वारपूजा के समय भीड़-भाड़ के दौरान बाइक से किसी को धक्का लग गया।इसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट के दौरान मिठाई लाल को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद इलाज के दौरान वाराणसी में उनकी मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब आंबेडकर नगर जनपद के जगदीशपुर निवासी फिरतु बिंद के पुत्र मोहन बिंद की बारात, लपरी गांव निवासी दिनेश बिंद के घर आई थी। द्वारपूजा के दौरान एक बाइक सवार द्वारा किसी को धक्का लगा गया। इस पर विवाद शुरू हो गया, जो तेजी से कहासुनी और फिर हाथापाई में बदल गया। मारपीट में मिठाई लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान शुक्रवार की देर रात उनकी मौत हो गई।मृतक के परिजनों की तहरीर पर सरायख्वाजा थाना पुलिस ने चार नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 105, 351(3) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया।

# महिला की पिटाई करने वालों पर मुकदमा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




जफराबाद। जिले के लाइन बाजार क्षेत्र के कुडवा परियावा गांव निवासी एक महिला को गांव के ही तीन दबंगो ने शनिवार की शाम को पीट दिया। अचानक हुई इस घटना से महिला और उसके परिवार के लोग काफी डर गए। क्योंकि मारने पीटने वाले लोग जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गए थे।

महिला पर डीएम को सूचना दिए जाने की शंका को लेकर यह घटना हुई।

बाद में डरी सहमी महिला किसी प्रकार थाना लाइन बाजार पहुंची। महिला ने पुलिस को आप बीती बताइ। जिसके बाद लाइन बाजार थाना पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ऊक्त गांव निवासी रेखा देवी पत्नी अच्छेलाल का आरोप है कि कुछ दिन पूर्व गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास एक लावारिस बच्चा मिला था। जिसके मिलने की खुशी में गांव के उमेश उर्फ नन्हू व अन्य डीजे पर गाना लगाकर नाच गा रहे थे । किसी ने लावारिस बच्चे के मिंलने की सूचना जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र को दे दिया।

डीएम के आदेश पर संबंधित अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंच कर बच्चों को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। इधर उमेश उर्फ नन्हू पक्ष को यह शंका हो गई कि डीएम को रेखा देवी ने फोन किया है। उसी बात को लेकर उन लोगो ने रेखा देवी को मारा पीटा तथा दरवाजे पर चढ़कर जान से मारने की धमकी भी दिया।

पुलिस ने इस मामले में उमेश उर्फ नन्हू, दिनेश उर्फ नाटे, दिलबहार, और तहसीलदार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## घर से बीती रात्रि भीषण चोरी, नकदी सहित 25 लाख रुपए के आभूषण चोरी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

कोतवाली क्षेत्र के तियरा गाँव में रविवार की बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तियरा गांव निवासी राम शरण यादव पुत्र राम निहोर यादव के घर से चार कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी सहित करीब 25 लाख रुपए के आभूषण उठा ले गए।

वही पीड़ित परिजनों की माने तो कैंचा दार बाँस के सहारे चोर छत की सीढ़ी पर चढ़कर खिड़की से घर में घुसे और सो रहे घर के सदस्यों पर नशीला स्प्रे का छिड़काव कर उन्हें बेहोश करते हुए चार कमरों में रक्खे आलमारी तथा बाक्श का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने की परिजनों ने आशंका जताई है।

# जौनपुर को मिला नया मार्ग विस्तार का तोहफा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले की जनता के आवागमन को बेहतर बनाने की दिशा में एक और कदम उठाया गया है।

प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने राज्य सड़क निधि योजना के अंतर्गत मल्हनी-खुटहन मार्ग पर लाल दरवाजा जौनपुर चुंगी से लुंबिनी-दुद्धी मार्ग (किमी 235 तक) कुल लगभग 4.700 किमी सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का रविवार को शिलान्यास किया है।

इस परियोजना की कुल लागत लगभग रु.1360.09 लाख (तेरह करोड़ साठ लाख रुपए) है, जिसे राज्य सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है।

राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने इस अवसर पर कहा कि यह मार्ग जौनपुर-खुटहन मार्ग को जौनपुर-शाहगंज मार्ग से जोड़ेगा। जिससे करंजाकला ब्लॉक सहित पूरे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। यह मार्ग न केवल दो महत्वपूर्ण सड़कों को जोड़ेगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण साबित होगा।झ

उन्होंने यह भी बताया कि प्यारेपुर के पास गोमती नदी पर एक पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जो मई 2025 तक पूरा हो जाने की संभावना है। इस पुल के बनने से लखनऊ, प्रयागराज और अन्य बड़े शहरों की ओर यात्रा करना और अधिक सुगम हो जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को समय और संसाधनों की बचत होगी।

राज्यमंत्री ने इस परियोजना के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

कहा कि सरकार जनता के विकास और सुविधा के लिए लगातार प्रयासरत है।

# शादी की रात दूल्हा नदारद, बारात बिना ही लौटे मेहमान

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



**टिकैतनगर।** टिकैतनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भुडवा गांव में शनिवार रात एक शादी समारोह उस समय मातम में बदल गया, जब दूल्हा और बारात दोनों नहीं पहुंचे। पूरी तैयारी के बाद जब वधु पक्ष को यह सूचना मिली कि जिनसे बेटी की शादी तय की गई है, वह पहले से शादीशुदा है, तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। रिश्तेदारों से भरा घर चुप्पी में डूब गया और खुशियों का माहौल तनाव और आक्रोश में बदल गया। भुडवा गांव निवासी शिवनाथ ने अपनी पुत्री मानसी की शादी बदोसराय थाना क्षेत्र के खजुरिहा गांव निवासी रमेश चंद के पुत्र रामकेश से तय की थी। शादी 24 मई की रात को होनी थी। लड़की पक्ष ने पूरी तैयारी कर ली थीकृभोजन बन चुका था, मेहमान आ चुके थे, लड़की शादी के जोड़े में तैयार थी, लेकिन बारात आने के समय तक कोई वाहन या बाराती नहीं पहुंचे। काफी देर इंतजार करने के बाद जब दूल्हा पक्ष से संपर्क किया गया, तो जो सच्चाई सामने आई, उसने लड़की के परिवार के पैरों तले ज़मीन खिसका दी। दूल्हे की पहली पत्नी को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने कोतवाली में जा करके तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने शादी रुकवा दी। रामकेश की इस योजना की भनक उसकी पहली पत्नी को लग गई। उसने तत्काल बदोसराय कोतवाली पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर शादी रुकवाने की मांग की। महिला ने स्पष्ट किया कि उसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है और वह अब भी कानूनी रूप से रामकेश की पत्नी है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शनिवार रात रामकेश के घर दबिश दी, लेकिन वह वहां नहीं मिला। पुलिस ने उसके पिता रमेश चंद को हिरासत में लेकर पूछताछ की। मामले की जांच जारी है। शादी रुकने और बारात न आने से आहत लड़की के पिता ने बताया, ÷हमने पूरी तैयारी कर ली थी। रिश्तेदार आ चुके थे, खाना तैयार था, बेटी ने शादी का जोड़ा पहन लिया था।

हमें नहीं पता था कि लड़के की पहले से शादी हो चुकी है। अगर पता होता, तो हम यह रिश्ता कभी नहीं करते। उन्होंने आरोप लगाया कि लड़के वालों ने धोखे से यह रिश्ता तय किया और समाज में उनकी बदनामी कर दी। ष्अब न सिर्फ मेरी बेटी की भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि पूरे गांव में हमें शर्मिंदगी झेलनी पड़ रही है। थानाध्यक्ष टिकैतनगर ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की है। संबंधित पक्षों से पूछताछ की जा रही है और दस्तावेज़ों की जांच की जा रही है। मामला यदि न्यायालय में विचाराधीन है, तो बिना तलाक दूसरी शादी करना कानूनन अपराध है।

## जीआईसी में लगा समर कैम्प, चिकित्सक ने दी जानकारियां

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

नगर में स्थित पीएमश्री राजकीय इण्टर कॉलेज के परिसर में समर कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में रविवार को छात्रों को योगासन, प्राणायाम के साथ-साथ लेग्ड रेस करवाई गई। इस मौके पर राजकीय जिला चिकित्सालय के चिकित्सक सर्जन डा. अफसर खान ने स्कूली बच्चों को कई रोचक जानकारियां दी। उन्होने बच्चों को आकस्मिक उपचार में काम आने वाली दवाइयों की भी जानकारी दी। सीपीआर की जानकारी देते हुए डॉ सिंह ने कहा कि इसकी जानकारी प्रत्येक नागरिक को होनी चाहिए। इससे दुर्घटना में घायल कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। लेग्ड रेस, सीपीआर के साथ-साथ छात्रों को तीरंदाजी, लूडो, कैरम एवं निशानेबाजी का भी अभ्यास कराया गया। बंदूक की निशानेबाजी तथा तीरंदाजी में छात्रों का उत्साह देखने लायक रहा। राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य राधेश्याम ने जिला चिकित्सालय की टीम के प्रति आभार ज्ञापित किया। शिविर में जिला समन्वयक अखिलेंद्र सिंह, शिक्षक सुशील कुमार द्विवेदी, राम अधार भारती, राम सुरेश यादव, राज लक्ष्मी सिंह आदि मौजूद रहीं।

# जहां न पहुंचे सरकार, वहां पहुंचे सेवा का संकल्प

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**टिकैतनगर।** सच्ची श्रद्धा, मजबूत संकल्प और निःस्वार्थ सेवा अगर एक इंसान में एक साथ मिल जाए, तो वह समाज के लिए मिसाल बन जाता है। ऐसा ही उदाहरण पेश किया है बाराबंकी जिले के टिकैतनगर क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी समाजसेवी पुरुषोत्तम तिवारी ने, जिन्होंने लगभग 20 लाख रुपये की लागत से गुप्तेष्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार अपने निजी संसाधनों से कराया कृ बिना किसी सरकारी मदद या प्रचार के गुप्तेष्वर महादेव मंदिर वर्षों पुराना है, और 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित होने के कारण इसका धार्मिक महत्व अत्यधिक है। लेकिन समय के साथ मंदिर की स्थिति जर्जर होती गई। जहां कई लोग इसे नियति मानकर मौन रह गए, वहीं पुरुषोत्तम तिवारी ने इसे अपनी जिम्मेदारी मान लिया। यह सिर्फ एक मंदिर की मरम्मत नहीं थी,



यह श्रद्धा, धरोहर और आने वाली पीढ़ियों के लिए विरासत को बचाने का एक अभियान था। पुरुषोत्तम तिवारी ने बिना किसी सरकारी अनुदान या चंदे के, अपने निजी खर्च से मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। न केवल ढांचा भव्य बना, बल्कि परिसर को श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक और आकर्षक रूप दिया गया। उनका यह कदम यह बताता है कि अगर इच्छा प्रबल हो तो एक आम नागरिक भी असाधारण कार्य कर सकता है। उनके प्रयास का फल है कि आगामी 26 से 28 मई तक आयोजित होने वाला तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अब एक क्षेत्रीय पर्व का रूप ले चुका है। कलश यात्रा, वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ और विशाल भंडारे के साथ यह आयोजन धार्मिकता और सामाजिक एकता का संगम बन गया है। पुरुषोत्तम तिवारी ने यह साबित कर दिया कि धर्म और समाज सेवा केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर जागरूक नागरिक की भी है। उनका यह कार्य न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करता है, बल्कि सामाजिक चेतना को भी जागृत करता है। जहाँ दूसरों को समस्या दिखती है, वहाँ कुछ लोग अवसर देखते हैं सेवा का। पुरुषोत्तम तिवारी उन्हीं में से हैं।

## किसान नेता से मिले रामबाबू, मांगा समर्थन

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेष महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने रविवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव के मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय-किसान-मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर दीक्षित से मुलाकात कर इस मुद्दे पर चर्चा की। श्री द्विवेदी ने बताया कि किसान नेता ने बाबा-भीमराव-अम्बेडकर की व्यवस्था और चुनाव आयोग के महत्वपूर्ण एजेंडे पर अपना समर्थन देने का वादा किया।

गौरतलब हो कि किसान नेता लम्बे समय से किसान राजनीति में सक्रिय हैं और किसानों की आवाज़ को सशक्त रूप से उठाते आरहे हैं। साथियों एक राष्ट्र, एक चुनाव न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाएगा, बल्कि इससे बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले समय, संसाधन और खर्च की भी बचत होगी। यह परिवर्तन देश की राजनीतिक स्थिरता, विकास गति और जनहित के निर्णयों को शीघ्रता से लागू करने में भी सहायक सिद्ध होगा। आप सभी का सकारात्मक दृष्टिकोण और समर्थन इस अभियान को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

# विवाहिता की मौत, भाई ने दर्ज कराया मुकदमा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

रामनगर। थाना रामनगर अन्तर्गत एक सप्ताह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार, थाना रामनगर के मथुरा निवासी पुनीत कुमार शुक्ला ने लिखवाए मुकदमे मे कहा है कि उसने अपनी बहन पिंकी उर्फ सपना की शादी 3 साल पूर्व उमानाथ उर्फ अंकित निवासी सीहामऊ थाना रामनगर के साथ किया था। शादी में अपनी हैसियत के अनुसार ससुराल वालों को उपहार स्वरूप मोटरसाइकिल, फ्रिज, कलर टीवी व अन्य गृहस्थी का सामान व एक लाख रूपये नकद दिया था। शादी के कुछ दिन बाद पति उमानाथ व चचेरे ससुर राकेश पुत्र गोबर्धन व उनकी पत्नी व देवर दीपक कुमार एवं दुलारे पुत्र गुड्डू दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल तथा दो लाख रूपये की मांग करने लगे और उसकी बहन को मारते-पीटते व भूखा प्यासा रखते थे।

सकी बहन जब ससुराल से मायके आती थी तो घर वाले को सारा हाल बताती थी मगर घर वाले उसे समझा-बुझाकर वापस ससुराल भेज देते थे कि तुमको गुजर-बसर ससुराल में ही करना है। उसकी बहन बीती 14 मई को मायके आयी थी और रो-रो कर सारा हाल बताया और कहा कि ससुराल वाले बुलेट मोटर साइकिल व दो लाख रूपये नहीं पायेंगे तो उसे जान से मार देंगे। उसने अपनी बहन को समझा-बुझाकर उसकी ससुराल भेज दिया और कहा कि दो-तीन दिन बाद आकर तुम्हारे ससुराल वालों से बात करूंगा। सोलह मई को सुबह करीब 9 बजे सीहामऊ से किसी ने फोन पर बताया कि तुम्हारी बहन की मृत्यु हो गयी है। वह भाग कर सीहामऊ पहुँचा तो मालूम हुआ कि बहन पिंकी को लेकर सरकारी अस्पताल रामनगर गये हैं। वह सरकारी अस्पताल रामनगर गया तो वन्हा बहन की लाश को स्टेचर पर पाया।

# राजनीतिक आजादी की गारंटी है भारत का संविधान : तनुज पुनिया

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी




संविधान सिर्फ एक किताब नही बल्कि ये भारत के करोड़ों नागरिकों की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आजादी की गारण्टी है। आज जब देश में संविधान के मूल तत्वों को कमजोर करने की साजिसें रची जा रही है तब कांग्रेस पार्टी संघर्ष करके संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही हैं।

उक्त बात रविवार को गन्ना संस्थान परिसर में आयोजित संविधान बचाओ सम्मेलन में कांग्रेसी सासंद तनुज पुनिया ने कही। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्मेलन की शुरूआत मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद तनुज पुनिया ने संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यापर्ण करके की। संविधान बचाओं सम्मेलन स्थल पर पहुंचते ही वहां मौजूद हजारों की संख्या में लोगों ने गगनभेदी नारों के साथ उनका अभूतपूर्व स्वागत किया तथा मंच पर 21 किलों की माला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, अजीत वर्मा, अजय रावत, सरजू शर्मा, केसी श्रीवास्तव ने पहनाकर उनका अभिनन्दन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विशिष्ठ अतिथि जनपदीय क्वार्डिनेटर अतुल सिंह ने कहा कि, ये संविधान सम्मेलन सिर्फ एक कार्यक्रम नही बल्कि एक प्रतिज्ञा है।

संविधान को बचाने की लोकतन्त्र को पुनः संजीवनी देने की और जनता को उसका हक दिलाने का हम कांग्रेसजन सकल्प लेते हैं कि, चाहे कितनी भी चुनौतियां आयें संविधान पर आंच नही आने देंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रुप से पूर्व सांसद पीएल पुनिया, जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, अतुल सिंह, सरजू शर्मा, अमरनाथ मिश्रा, केसी श्रीवास्तव आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# सड़क चौड़ी तो हुई लेकिन पटरी पर नहीं लगी इण्टरलॉकिंग



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**रामनगर।** केसरी पुर से महादेवा तक सड़क चौड़ी हो गई मगर पटरी पर इंटर लाकिंग नहीं लग सकी है। फ़रवरी मे शिवरात्रि मेला बाद यह कार्य शुरु होकर अब तक कम्प्लीट हो जाना था मगर ठेकेदार की लापरवाही से कार्य पूरा नही हो सका। अभी जुलाई मे सावन मेला शुरु हो जाएगा तब श्रद्धालुओ को दिक्क़त होगी। फरवरी 2025 मे सड़क दस मीटर चौड़ी हो गई थी जो लोधौरा चौराहे तक बनी है। पुलिस चौकी से लोधौरा चौराहे तक पटरी बन चुकी है लेकिन केसरी पुर से लेकर मंदिर गेट तक पटरी नही बनी है। अभी कुछ दिन पहले कार्य शुरु हुआ मगर थोड़ी पटरी बना कर ठेकेदार ने कार्य बंद कर दिया।।सडक कार्य देख रहे इंजीनियर भी सुस्त है वरना अब तक पूरी सड़क की पटरी पर इंटर लाकिंग लग चुकी होती। इसी तरह मंदिर के सामने की सड़क भी चौड़ी नही हो सकी है। इसमे सड़क किनारे बने मकान दुकान रोड़ा है जिनके मामले अदालतो में उलझें हुए है। इसमे सरकारी पैरवी धीमी है वरन अब तक कोई न कोई हल निकल आता और यह सड़क भी बन जाती। लोधेष्वर मंदिर पर हर साल की तरह इस साल भी सावन के सोमवारों में लाखो की भीड़ उमड़ेगी तब आवागमन समस्या रहेगी इसी लिए समय से सड़क पटरी पर इंटर लाकिंग लग जाना जरूरी माना जा रहा है। पटरी पर पेंड कट गए थे मगर उसकी ठूठ नही उखाड़ी गई थी जो रोड़ा भी बनेगी।

# मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी का ग्राम सैंता में हुआ आगमन

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



जनपद उन्नाव ब्लॉक फतेहपुर 84 क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा सैंता में रईस खां उर्फ पप्पू जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भारतीय जनता पार्टी उन्नाव के द्वारा अपने आवास ग्राम सैंता में राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी का सम्मान समारोह प्रोग्राम का आयोजन किया गया, मंत्री जी ने तिरंगा पद यात्रा के साथ अकील प्रधान के आवास पहुंचे, जहाँ अकील खान पूर्व प्रधान,नफ़ीस खां प्रधान डकौली, हस्नैन खां, मोहम्मद् शकील खान मदरसा नाज़मि सैंता, अब्दुर रहमान उर्फ चुन्ना, शादाब, सलीम, गुड्डू, शरीफ मिर्ज़ा, कफील्, राजा, अनस आदि सैकड़ों लोगों ने फूल मालाओं से ज़ोरदार स्वागत किया गया।

और वीर सैनिकों की शौर्यगाथा को समर्पित भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकालकर भारत के वीर सैनिकों की जांबाजी की भारतीय जनता ने जमकर प्रशंसा की, राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मेरी ज़रूरत समझकर जब आप लोग याद करोगे तब मैं हाज़िर हूँ, रईस खान पप्पू ने अपने संबोधन में सरकार की विकासशील कार्यों से जनता को अवगत कराया तथा जनहित में हर संभव हर समय जनता के बीच उपस्थित रहने की बात कही मंत्री जी ने आश्वासन दिया कि दुबारा जल्द ही इसी स्थान पर हाजिर होकर आपके बीच बैठने का काम करूँगा, इस मौके पर पूर्व प्रधान अकील खान, प्रधान प्रतिनिधि कफील् खान, गंगादीन,गयाप्रसाद, रमेश, लइक, अब्दुल जब्बार काँटा, अनस, नफीस खान, ठाकुर प्रसाद, बबलू यादव, मनीराम, तौफीक, शंकर बाबा, साहब लाल, रामजीवन, हरीनाम यादव, कयूम, कल्लू,आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# समाजवादी छात्रसभा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



समाजवादी पार्टी कार्यालय उन्नाव में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में समाजवादी छात्रसभा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा उपस्थित हुए।जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने समस्त कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार में लोकतांत्रिक संवाद एवं गरिमा की कोई जगह नहीं बची है प्रदेश का हर वर्ग अब भाजपा सरकार की तानाशाही,भ्रष्टाचार,झूंठ और दोहरे रवैये से त्रस्त है।आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा के इस अहंकारी शासन का अंत करने के लिए तैयार है।हम सभी को पूरी ताक़त के साथ जनता के अधिकारों और उनकी आवाज को उठाने के लिए प्रतिबद्ध होना है और दृढ़ संकल्पित होकर अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करते हुए 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है। प्रदेश अध्यक्ष श्री विनीत कुशवाहा जी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश की भाजपा सरकार दलित विरोधी,संविधान विरोधी,शिक्षक एवं कर्मचारी विरोधी तथा लोकतंत्र विरोधी भी हो चुकी है।सत्ता के नशे में चूर भाजपा अब जनता के अधिकार और आवाज दोनों कुचलने में लगी है। इसलिए उत्तर प्रदेश को खुशहाली और विकास की ओर अग्रसर करने के लिए हम सबको एकजुट होकर उत्तर प्रदेश में 2027 में अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है।

## मियागंज बाबा आम मंडी का फीता काटकर हुआ शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

**मियाँगंज।** बड़ा चौराहा स्थित बाबा आम मंडी का शुभारम्भ गुदड़ी हक शाह बाबा के सज्जादानशीन अनवर रहमान जिलानी सफ़वी व जिला पंचायत सदस्य फरान रहमान सफवी, चेयरमैन ब्रज किशोर वर्मा, मंडी संचालक फैसल रहमान सफ़वी ने फीता काटकर किया शुभारंभ। मंडी संचालक फैसल रहमान सफ़वी ने अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। मंडी मे दिल्ली, बिहार, पंजाब, इंदौर आदि प्रदेशो से व्यापारियों ने पहुँचकर आम की खरीददारी की किसानों ने बताया हमारी फसल का उचित मूल्य यही मिल जाता है ये खुशी की बात है। इस अवसर पर अन्नू मिश्रा, चेयरमैन प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, सैफ रहमान सफ़वी, ज़ैद रहमान सफवी, अजीम रहमान सफवी, डॉ सफीकुर्रहमान, मेंहदी हशन, डॉ नदीम तनवीर, दयाराम बाबा, अमित अंकज तिवारी, खालिद अंसारी, हाशिम खान, ओम जी मिश्रा, सौरभ तिवारी, निशांत दुबे, ऊरूज पृथ्वीपाल, अजय, विजय, करन सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# भाजपा कार्यकर्ता ने फांसी लगाकर दे दी जान

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र में निहाली शुक्लनपुरवा उमरपुर तालुक गांव में 25 वर्षीय सत्यम मिश्रा ने रविवार देर रात करीब 2.30 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सत्यम भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ता था। साथ ही एचडीएफसी बैंक में एजेंट के तौर पर काम करता था। नवविवाहित युवक सत्यम मिश्रा ने आत्महत्या कर ली। सत्यम स्वर्गीय ओम प्रकाश मिश्र के पुत्र थे। जिनकी शादी 14 मई को हुई थी। वह भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ता थे। मौत से ठीक पहले सत्यम ने सोशल मीडिया पर एक लड़की के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा बाबू... मैं तुम्हारा नहीं हो सका, तो किसी और का भी नहीं! परिजनों के अनुसार शनिवार देर रात शिवम पत्नी से शौच जाने की बात कहकर घर से निकला था। काफी देर बीतने के बाद जब वह वापस नहीं लौटा तो पत्नी ने परिजनों को बताया। जिसके बाद परिजन युवक की तलाश में निकल पड़े। परिजन जब छप्पर के पास पहुंचे तो अंदर बल्ली में गमछे के फंदे से शिवम का लटकता शव देख सभी के होश उड़ गए। आवाज सुनकर मौके पर आस पास के लोग पहुंच गए। मृतक के चाचा अमित कुमार मिश्र की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की लटकती मिली लाश




जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**टिकैतनगर।** थाना टिकैतनगर क्षेत्र के ग्राम पानापुर में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव उसके ही घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। मृतक की पहचान हितेन्द्र कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मोबाइल फोन समेत अन्य साक्ष्यों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी बिट्टो देवी अपने छोटे बेटे सुधीर के साथ गुरुवार को बहराइच जनपद के पत्ती गांव स्थित रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में सम्मिलित होने गई थीं। उस दौरान उनका बड़ा बेटा हितेन्द्र घर पर अकेला था। रविवार को जब वे वापस लौटीं, तो घर के भीतर से तेज बदबू आ रही थी और दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने के बावजूद जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो छोटे बेटे ने पीछे के रास्ते से घर में प्रवेश किया।

अंदर का नजारा देखकर उसके होश उड़ गएकृहितेन्द्र का शव फांसी के फंदे से लटक रहा था और शव सड़ने लगा था। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी रत्नेश पांडेय ने बताया कि, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पड़ताल की जा रही है। वहीं हितेन्द्र की अचानक और रहस्यमयी मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। परिवारजन गहरे सदमे में हैं और रो-रोकर उनका बुरा हाल है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और वजह है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मोबाइल की जांच से स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

### बदबू से ग्रामीण हुए बेहाल

बताया जा रहा है कि शव करीब तीन दिन पुराना था और गर्मी के कारण वह सड़ने लगा था। शव से पानी टपक रहा था और पूरी घर में बदबू फैल चुकी थी। इस दृश्य को देखकर घर के लोग और आसपास के ग्रामीण स्तब्ध रह गए। सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को बुलाया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक मनदीप सिंह ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। वहीं, मृतक का मोबाइल फोन पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# सर्वजातीय कन्याओं का पाणिग्रहण संस्कार कराया गया



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

कश्यप निषाद समाज कल्याण सोसाइटी उन्नाव के बैनर तले दिनांक 25 मई 2025 को वृद्धाश्रम (चंद्रशेखर आजाद सामुदायिक केंद्र) उन्नाव में 11 सर्वजातीय कन्याओं का पाणिग्रहण संस्कार कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रदेश अध्यक्ष मुन्नी लाल कश्यप ने की तथा कार्यक्रम आयोजक एवं जिला अध्यक्ष संजय कुमार गौड ने आए हुए समस्त विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया एवं वधू पक्ष तथा समस्त आगंतुकों के अच्छे भोजन का भी प्रबंध कराया। इसके साथ ही कन्याओं को अलमारी, पलंग, 11 बर्तन, ट्रॉली बैग आदि उपहार में दिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अन्नू टंडन ने सभी कन्याओं को एक पैडस्टल पंखा उपहार में दिया तथा उन्नाव जनपद के अनेक दानकर्ताओं ने भी कन्याओं को उपहार दिए। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी के संरक्षक मंडल सहित लगभग सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया एवं जिला कार्यकारिणी ने भी कार्यक्रम की सफलता में चार चांद लगाए।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभी विशिष्ट अतिथियों सहित सतीश कुमार कश्यप, नरेश गौड़, गिरीश गौड़, वर्मा प्रसाद, पन्नालाल कश्यप, आशाराम कश्यप, गोविंद कुमार कश्यप, देवेंद्र गौड़, कुलदीप गौड़ आदि लोग उपस्थित रहे।

# सीएचसी में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चलाया सफाई अभियान

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



**नवाबगंज।** आप पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाहन पर प्रत्येक माह रचनात्मक अभियान के क्रम में जनपद के नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई कर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा कि आजादी के 75 साल के बाद उन्नाव जनपद के स्वास्थ्य केंद्रों की हालत खस्ताहाल है। उन्नाव की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं राम भरोसे है। आगे कहा कि सरकारी अस्पताल में स्वच्छता, मरीजों, डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। एक स्वच्छ अस्पताल न केवल संक्रमण के प्रसार को कम करता है बल्कि मरीजों और उनके परिवारों के लिए एक अधिक आरामदायक और सकारात्मक अनुभव भी प्रदान करता है। इस मौके पर जिला महासचिव शैलेन्द्र उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी शरीफ खान, कार्यकारिणी सदस्य रईस अहमद, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपू कुमार, महासचिव भानुप्रकाश, नगर अध्यक्ष मानसिंह, चंद्रशेखर, अनूप रावत, राजेश कुमार सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिल्ली एयरपोर्ट की पार्किंग का शेड फटा, 49 फ्लाइट डायवर्ट

## मानसून 4 राज्यों में पहुंचा, जून के पहले हफ्ते में एमपी में एंट्री संभव



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ

दिल्ली में शनिवार रात आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश हुई। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पार्किंग का वीडियो वायरल है। इसमें वाहन जिस शेड के नीचे पार्क किए गए हैं वो बारिश के कारण फट गया। बारिश के कारण एयरपोर्ट पर 100 से ज्यादा फ्लाइट भी प्रभावित हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट के मुताबिक शनिवार रात 11:30 बजे से रविवार सुबह 4:00 बजे तक 49 फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में 82 द्मद्मश्चद्ध की रफ्तार से आंधी चली। 3.2 इंच (81.2 द्वद्व) बारिश हुई। मिंटो रोड, मोती बाग और दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 के अलावा कई सड़कों पर पानी भर गया। इधर, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु के बाद मानसून की एंट्री महाराष्ट्र में हो गई है। रविवार को पश्चिमी महाराष्ट्र के जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, सातारा, पुणे, कोल्हापुर सहित पहाड़ी इलाकों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई और कोंकण में प्री-मानसून बारिश ने दस्तक दे दी है।. मध्य प्रदेश में भी समय से पहले मानसून की एंट्री हो सकती है। जून के पहले हफ्ते में तेज बारिश का दौर शुरू होगा। आमतौर पर राज्य में मानसून की एंट्री 16 जून के आसपास होती है। पिछले साल 21 जून को मानसून आया था।

### देश के 21 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

वहीं, मौसम विभाग ने आज देश के 21 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा उत्तराखंड में ओले गिरने और राजस्थान में धूल भरी आंधी-हीटवेव की चेतावनी दी है। वहीं, आज से नौतपा की भी शुरुआत हो रही है, जो 2 जून तक रहेगा। इस दौरान भीषण गर्मी होती है।

### हिमाचल, राजस्थान और यूपी के मौसम का हाल

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में शनिवार शाम बादल फटने के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई। इससे 25 से ज्यादा वाहनों को नुकसान पहुंचा। पहाड़ों से गिर रहे मलबे से हिंदुस्तान-तिब्बत रोड और नेशनल हाईवे-5 बंद हो गया। राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले में घर की दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। बीकानेर, सीकर और झुंझुनू में शनिवार देर रात आंधी की वजह से इलेक्ट्रिक पोल और पेड़ उखड़ गए। हनुमानगढ़ में सबसे ज्यादा 53 द्वद्व बारिश हुई, जबकि बाड़मेर का तापमान सबसे ज्यादा 47.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 5.3 डिग्री ज्यादा है। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में कल रात आई आंधी-बारिश के चलते ्रष्क्क ऑफिस में बने कमरे की छत गिर गई। इसमें दबने से सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र मिश्रा की मौत हो गई।

### केरल के सभी जिलों में भारी बारिश

24 मई को मानसून की एंट्री के बाद से केरल के सभी जिलों में भारी बारिश जारी है। 25 मई को भी तेज हवा और बारिश जारी है। इसके कारण कई पेड़ उखड़ गए, घर क्षतिग्रस्त हो गई, कई नदियों के उफान पर होने के चलते बांध ओवरफ्लो हो गए। इसके चलते कुछ बांधों के शटर खोले गए। वायनाड के लैंडस्लाइड प्रभावित इलाके चूरलमाला में 24 मई की रात से तेज बारिश जारी है। लोगों को दोबारा लैंडस्लाइड का डर सता रहा है। चूरलमाला-मुंडक्कई इलाके से गुजरने वाली पुन्नपुझा नदी का वाटर लेवल बढ़ा है। पथानामथिट्टा के एजमकुलम में पेड़ उखड़कर कच्चे घर पर जा गिरा। कोझिकोड और कासरगोड में भी पेड़ गिरे। अधिकारी के मुताबिक रविवार सुबह इडुक्की के मलंकारा बांध के पांच शटर खोले गए हैं।

### केरल में लाइबेरिया का कार्गो शिप डूबा



कोच्चि। केरल में कोच्चि तट पर लाइबेरिया का कार्गो शिप एमएससी एल्सा 3 डूब गया। इंडियन कोस्ट गार्ड और नेवी ने सभी 24 क्रू मेंबर्स को बचा लिया गया। शिप पर लदे 640 कंटेनर्स में कैल्शियम कार्बाइड, डीजल, फर्नेस ऑयल समेत कुछ खतरनाक केमिकल्स भरे थे। शिप 23 मई को केरल के ही विझिनजाम पोर्ट से कोच्चि के लिए रवाना हुआ था। 24 मई को दोपहर करीब 1:25 बजे कोच्चि तट से 38 समुद्री मील की दूरी पर करीब 26 डिग्री तक झुकने की खबर दी गई। इमरजेंसी की सूचना मिलते ही कोच्चि में ढ्ढष्ट्र के मरीन रेस्क्यू सब सेंटर ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। देर शाम तक रूस, यूक्रेन, जॉर्जिया और फिलीपींस के 24 क्रू मेंबर्स में से 21 को बचा लिया गया। बाकी तीन सीनियर क्रू मेंबर शिप को डूबने से बचाने की कोशिश के लिए शिप पर ही रहे। हालांकि, शिप का झुकाव बढ़ता रहा और आज वह डूब गया। नेवी शिप ढ्ढहृस्-सुजाता ने बाकी तीन क्रू मेंबर्स को भी बचा लिया। शिप के एक तरफ झुकने की वजह का अभी पता नहीं चला है। केरल तट पर संवेदनशील समुद्री इकोसिस्टम को देखते हुए ढ्ढष्ट्र ने पॉल्यूशन रिस्पॉन्स की तैयारी शुरू कर दी है। ऑयल लीकेज का पता लगाने वाली एडवांस टेक्नोलॉजी से लैस विमान हवाई निगरानी कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक तेल रिसाव की सूचना नहीं है।

## आज दो दिवसीय दौरे पर गुजरात जाएंगे पीएम मोदी, 82,950 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की करेंगे शुरुआत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिवसीय गुजरात दौरे पर जाएंगे। अपने गुजरात दौरे के दौरान वे दाहोद, भुज और गांधीनगर में 82,950 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर जारी बयान के मुताबिक, 26 मई को भुज में प्रधानमंत्री 53,414 करोड़ रुपये की 33 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उसी दिन बाद में वे दाहोद के खारोद में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वे 24,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। पीएम दाहोद में लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे और इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव को हरी झंडी भी दिखाएंगे। इसके अगले दिन प्रधानमंत्री गांधीनगर के महात्मा मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिसमें विभिन्न विभागों के अंतर्गत 5,536 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा। पीएम मोदी के दौरे को लेकर जारी बयान में कहा गया कि मंगलवार को प्रधानमंत्री गांधीनगर में गुजरात शहरी विकास की 20वीं वर्षगांठ के समारोह में भाग लेंगे और शहरी विकास वर्ष 2025 की शुरुआत करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री वेरावल और अहमदाबाद के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस और वलसाड तथा दाहोद स्टेशनों के बीच एक एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री आमान परिवर्तित कटोसन-कलोल खंड का भी उद्घाटन करेंगे और इस पर एक मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाएंगे।

**दाहोद संयंत्र में होगा नौ हजार एचपी के इंजनों का निर्माण:** दाहोद संयंत्र में घरेलू उद्देश्यों और निर्यात के लिए 9000 एचपी के इलेक्ट्रिक इंजनों का निर्माण किया जाएगा। ये इंजन भारतीय रेल की माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने में मदद करेंगे।

## एक बार फिर पुलिस की तानाशाही के शिकार हुए महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद

- पुलिस देश को संविधान से नहीं बल्कि इस्लामिक शरीयत से चला रही है: महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



रविवार को शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज एक बार फिर पुलिस की तानाशाही के शिकार हुए और उन्हें दिल्ली में होने वाली एक धार्मिक यात्रा के आरंभ में विधिवत पूजन और दीप प्रज्वलित करने से रोक दिया गया। बालाजी महाराज की इस शोभा यात्रा का प्रारंभ नवदीपक पब्लिक स्कूल, रामा गार्डेन, करावल नगर, दिल्ली में होना था । जिसके विधिवत पूजन के लिए महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी को आमंत्रित किया गया था। लेकिन उनका काफिला निकलता उसके पहले सुबह ही दिल्ली पुलिस की टीम के साथ थाना प्रभारी वेब सिटी ने पूरे मंदिर को घेर लिया और महामंडलेश्वर को उनके कमरे में ही नजरबंद कर दिया।महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने पुलिस कर्मियों को बहुत समझाने की कोशिश की कि वहां वो बस पूजा और दीप प्रज्वलित करने के लिए जा रहे हैं , परन्तु उनकी कोई बात नहीं सुनी गई । पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था की बात बार बार बोलती रही । बार बार पुलिस से टकराव से पीड़ित महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने अपने स्वभाव के विपरीत पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया और चुपचाप अपने कक्ष में ही बैठे रहे। उन्होंने केवल पुलिस कर्मियों से यह कहा कि ये उनके धार्मिक अधिकारों का हनन है।ऐसा लगता है कि देश अब संविधान से नहीं बल्कि इस्लामिक शरीयत से चल रहा है। उन्होंने अपने नजरबंदी के खिलाफ जारी व्यक्तव्य में कहा कि आज हजार वर्ष तक गुलामी से संघर्ष करने वाले सभी अमर बलिदानियों के सभी सपने धूल धूसरित हो रहे हैं। आज जो हो रहा है वो बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण है और इसकी कीमत हिंदुओं की आने वाली पीढ़ियों को चुकानी पड़ेगी।



## निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा कैम्प का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

डॉ अनिल राघव एम डी होम्योपैथिक व उनकी टीम के द्वारा पार्षद कुसुम गोयल व पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल के सहयोग से निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा कैम्प वार्ड नंबर 72 सेंट्रल पार्क, कौशाम्बी, साहिबाबाद में किया गया । डॉ अनिल राघव ने प्रकृति और हमारे शरीर का संबंध समझाते हुए प्रकृति के साथ व वर्तमान में जीवन जीने के लिए सभी को प्रेरित किया। कैम्प में विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बच्चे, बुजुर्ग तथा स्त्रियों को इलाज बताया व उसकी दवा दी गई। बीमार मरीजों ने अपनी विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बारे में चर्चा की। सामाजिक बीमारियों, मानसिक बीमारियों और शारीरिक बीमारियों को कैसे इलाज दिया जाएगा यह डॉ अनिल राघव ने बड़े विस्तार के साथ समझाया तथा हम बीमार क्यों होते है, हम बीमारियों से ठीक कैसे होते है, इस विषय को डॉ अनिल राघव ने समाज के सामने विस्तृत जानकारी देकर बताया। कैम्प में 164 मरीजों को दवा दी गई। स्वास्थ्य कैंप में सुनील गांधी, राकेश कुमार जाखेटिया, दीपक गुप्ता, कोरवा के अध्यक्ष अजीत सिंह, महासचिव विनय महेश्वरी, जयपुरिया के अध्यक्ष के एल सचदेवा, गौरव वर्मा, मनीष जैन, अनुज अग्रवाल, राजेंद्र गोयल, वरिष्ठ अधिवक्ता कै सी कौशिक हिमांशु गौड, अजय गुप्ता, एस आर सिंह, डॉ जे सी त्रिपाठी, आनंद शर्मा, तारा यादव, राधा रमन सिंह, नवीन कुमार चौधरी, राहुल गौड, डॉ जे के सिंह अंकित शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को मिलेगी वैश्विक पहचान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को अब वैश्विक पहचान मिलने जा रही है। आयुष मंत्रालय (आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बीच एक बड़ा समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलेगी और वैज्ञानिक तरीके से दर्ज किया जाएगा। शनिवार को भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और डब्ल्यूएचओ के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। इस समझौते के जरिए अब डब्ल्यूएचओ के स्वास्थ्य हस्तक्षेपों का अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के लिए एक खास पारंपरिक चिकित्सा मॉड्यूल जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 122वें एपिसोड में इस समझौते का जिक्र करते हुए कहा, मित्रों, आयुर्वेद के क्षेत्र में कुछ बहुत अच्छा हुआ है। कल ही, यानी 24 मई को, डब्ल्यूएचओ के डायरेक्टर जनरल और मेरे मित्र तुलसी भाई की मौजूदगी में एक एमओयू साइन हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल आयुष पद्धतियों को वैज्ञानिक ढंग से दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाने में मदद करेगी।

## भाजपा-एनडीए के सीएम-डिप्टी सीएम की बैठक

- ऑपरेशन सिंदूर और जातिगत जनगणना पर प्रस्ताव पास, मोदी 3.0 सरकार के एक साल पर चर्चा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा और एनडीए शासित राज्यों के सीएम और डिप्टी सीएम के साथ दिल्ली के अशोक होटल में बैठक की। उनके अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। मीटिंग में ऑपरेशन सिंदूर, जाति गणना, सुशासन मोदी सरकार के तीसरे टर्म का एक साल पूरा होने पर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि मीटिंग में ऑपरेशन सिंदूर और जनगणना को लेकर प्रस्ताव पास हुआ। इसके अलावा मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने, इंटरनेशनल योगा डे 10 साल पूरे होने और देश में लगी इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने जैसे कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार किया गया। बैठक में 20 सीएम और 18 डिप्टी सीएम शामिल हुए।

### आतंकवाद के खिलाफ भारत का ऑपरेशन सिंदूर

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इसमें 26 टूरिस्ट की हत्या की गई थी। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। इसके बाद 10 मई तक पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन अटैक किए थे। सीमा पर भारी गोलाबारी भी की थी। 10 मई की दोनों देशों के बीच सीजफायर की घोषणा की गई थी। ऑपरेशन सिंदूर का मकसद और पाकिस्तान का असल चेहरा दुनिया को बताने के लिए देश के 59 सांसदों को 33 देश भेजा है। 59 सांसद 7 सर्वदलीय टीमों (डेलिगेशन) में बंटे हैं। 7 टीमों के साथ 8 पूर्व राजनयिक भी हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 20 मई को सांसदों को इस पहल के बारे में ब्रीफिंग दी थी।

### 'ऑपरेशन सिंदूर और जाति जनगणना पर प्रस्ताव पास हुआ'

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पहला प्रस्ताव ऑपरेशन सिंदूर को लेकर था, जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चलाया गया। हमारी सेना के काम की खूब सराहना की गई। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। नड्डा ने आगे कहा कि जाति जनगणना को लेकर भी एक प्रस्ताव पारित किया गया। सभी नेताओं ने इस पर सहमति दी और मोदी जी के इस फैसले की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। जेपी नड्डा ने आगे कहा;- हमने यह साफ कर दिया है कि हम जाति की राजनीति नहीं करते, बल्कि हमारा मकसद है कि जो लोग वंचित, पीड़ित और शोषित हैं, जिन्हें अब तक नजरअंदाज किया गया है, उन्हें मुख्यधारा में लाया जाए। यही समाज की जरूरत है।

## बाल तस्करी रोधी सेल को बड़ी कामयाबी, अब तक 964 बच्चों को बचाया गया, एनसीपीसीआर के गठन के बाद कार्रवाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। देश में बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने बताया है कि बाल तस्करी रोधी सेल के गठन के बाद से अब तक 964 बच्चों को तस्करी से बचाया जा चुका है। आयोग ने एक बयान में जानकारी दी कि हाल ही में बिहार के सारण जिले में 17 नाबालिग लड़कियों को एक ऑर्केस्ट्रा समूह से बचाया गया। इन लड़कियों को अश्लील नृत्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा था। यह कार्रवाई तब की गई जब एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ने आयोग को जानकारी दी कि सारण जिले में कुछ ऑर्केस्ट्रा ग्रुप्स नाबालिग बच्चियों का शोषण कर रहे हैं।

## ताकतवर होने के अलावा कोई विकल्प नहीं: मोहन भागवत

- कहा, हिंदू एक हों, देश की सेना को भी मजबूत बनाएं, ताकि कोई उसे जीत न सके

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत के पास शक्तिशाली होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हम अपनी सभी सीमाओं पर बुरी ताकतों की दुष्टता को देख रहे हैं। भागवत ने हिंदू समाज से एक होने और भारतीय सेना को ताकतवर बनाने की अपील की, ताकि कई शक्तियां एक साथ आने पर भी उसे जीत न सकें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शक्ति को धर्म के साथ जोड़ना चाहिए। हमें सद्गुण और शक्ति दोनों की पूजा करनी चाहिए। लोगों की रक्षा, दुष्टों का खात्मा करने के लिए, यही हमारी शक्ति का स्वभाव होना चाहिए। भागवत ने कहा- कृषि, औद्योगिक और वैज्ञानिक क्रांतियां खत्म हो चुकी हैं। अब दुनिया को एक धार्मिक क्रांति की जरूरत है और भारत को ही इसका रास्ता दिखाना होगा। आरएसएस प्रमुख ने संघ की वीकली मैगजीन ऑर्गनाइजर को दो महीने पहले बेंगलुरु में आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के बाद एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उन्होंने भारत की सेना, अर्थव्यवस्था, हिंदू समाज, धर्म पर अपनी बात रखी। जब कोई विकल्प उपलब्ध न हो, तो दुष्टता को बलपूर्वक मिटाना पड़ता है। हम विश्व व्यापार पर हावी होने के लिए ऐसा नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम चाहते हैं कि हर कोई शांतिपूर्ण, स्वस्थ और सशक्त जीवन जी सके। दुनिया हिंदुओं की चिंता तभी करेगी, जब हिंदू खुद मजबूत होंगे। हिंदू और भारत एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। मजबूत हिंदू समाज ही उन लोगों को साथ लेकर चल सकता है, जो खुद को हिंदू नहीं मानते, क्योंकि एक समय वे भी हिंदू थे। हिंदू समाज को मजबूत करने के लिए काम चल रहा है, लेकिन यह अभी पूरा नहीं हुआ है। अगर भारत का हिंदू समाज मजबूत हो जाता है, तो हिंदू अपने आप ही वैश्विक रूप से मजबूत हो जाएंगे। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचारों के खिलाफ जिस तरह से पीड़ा व्यक्त की गई है, वह अभूतपूर्व है। यहां तक कि बांग्लादेश के हिंदू भी अब कहते हैं, हम भागेंगे नहीं। हम यहीं रहेंगे और अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे।

### आरएसएस की 100 साल की यात्रा और महिला भागीदारी पर भी बोले

भागवत ने कहा- संघ के पास कुछ नहीं था। विचार की मान्यता नहीं, प्रचार का साधन नहीं था। समाज में उपेक्षा और विरोध ही था। कार्यकर्ता भी नहीं थे। यह भविष्यवाणी की जाती थी कि यह पैदा होते ही मर जाने वाला है, लेकिन संघ सफल होकर निकला और 1950 तक यह साबित हो गया कि संघ आगे बढ़ेगा। इसी पद्धति से हिन्दू समाज को भी संगठित किया जा सकता है। आपातकाल के बाद संघ की ताकत कई गुना बढ़ गई। हम यह भी मानते हैं कि महिलाओं का उद्धार पुरुष नहीं कर सकते। महिलाएं स्वयं अपना उद्धार करेंगी, उसमें सबका उद्धार हो जाएगा। इसलिए हम उन्हीं को प्रमुखता देते हैं और जो वे करना चाहती हैं, उसके लिए उनको सशक्त बनाते हैं।

## लालू ने तेज प्रताप को पार्टी और परिवार से निकाला

- कहा, बड़े बेटे की हरकत गैरजिम्मेदाराना, महिला के साथ पोस्ट वायरल हुई थी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना



आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निकाल दिया है। लालू ने इसकी जानकारी फेसबुक पर पोस्ट करके दी। तेजप्रताप यादव के एक महिला के साथ फोटो और वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसमें वह एक लड़की के साथ दिख रहे हैं। यूजर्स तेजप्रताप की दूसरी शादी का दावा कर रहे हैं। लालू प्रसाद ने लिखा- निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया जाता है। अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद।

### अकाउंट हैक कर लिया गया: तेजप्रताप

तेजप्रताप की नई रिलेशनशिप की चर्चा शनिवार शाम उनके फेसबुक अकाउंट से पोस्ट की गई एक तस्वीर से शुरू हुई। इसमें लिखा गया था कि, मैं 12 साल से अनुष्का यादव के साथ रिलेशनशिप में हूं। कुछ देर बाद इस पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। पोस्ट के करीब 5 घंटे बाद तेजप्रताप ने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट कर कहा कि मेरा अकाउंट हैक कर लिए गया है। ये फर्जी पोस्ट है और फोटो एडिट की गई है। हालांकि उनके इस दावे के बाद 6 फोटो और दो वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसमें उनकी शादी से लेकर करवा चौथ मनाने तक के दावे किए जा रहे हैं।

### पहली पत्नी की मां बोलीं, हमको पहले से पता था

तेजप्रताप यादव की शादी मई 2018 में पूर्व सीएम दरोगा राय की पोती ऐश्वर्या राय से हुई है। दोनों के बीच तलाक का मामला कोर्ट में चल रहा है। फोटो वायरल होने के बाद भास्कर ने ऐश्वर्या राय के पिता चंद्रिका राय को फोन किया, जो उनकी पत्नी (ऐश्वर्या की मां) पूनम राय ने रिसीव किया। उन्होंने कहा- हमको ये सब पहले से पता था। सब लोगों को पता है, इसमें छुपा क्या है। आगे नो कमेंट।

## 'मनोरंजन के लिए ताश खेलना नैतिक पतन नहीं'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सहकारी समिति के निदेशक के चुनाव मामले में अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि सट्टेबाजी और जुए के बिना मनोरंजन के लिए ताश खेलना नैतिक पतन नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जुआ खेलते पकड़े जाने पर सहकारी समिति के निदेशक पद से हटाए गए युवक को बहाल करने को आदेश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि कर्नाटक के गवर्नमेंट पोर्सिलेन फैक्टरी इंपलाइज हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के निदेशक मंडल में निर्वाचित हनुमंतरायप्पा वाईसी पर बिना किसी सुनवाई के कथित तौर पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जब वे कुछ लोगों के साथ सड़क किनारे बैठकर ताश खेलते पकड़े गए। पीठ ने कहा कि हमें नहीं लगता कि हनुमंतरायप्पा के खिलाफ लगाए गए आरोपों में नैतिक पतन शामिल है। क्योंकि नैतिक पतन तब माना जाएगा जब कोई कार्य भ्रष्टता के साथ किया गया हो। पीठ ने कहा कि हनुमंतरायप्पा आदतन जुआरी नहीं थे। ताश खेलने के कई रूप हैं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि हर तरह से ताश खेलने से नैतिक पतन होता है। खासकर जब इसे मनोरंजन के तौर पर खेला जाता है। हमारे देश के अधिकांश हिस्सों में जुआ या शर्त के बिना सरल तरीके से ताश खेलना एक गरीब आदमी के मनोरंजन का स्रोत माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हनुमंतरायप्पा को सहकारी समिति के निदेशक मंडल में सर्वाधिक मतों से चुना गया था और उनके निर्वाचन को रद्द करने की सजा उनके द्वारा किए गए कथित कदाचार की प्रकृति के अनुपात में ठीक नहीं है। पीठ ने 14 मई के आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि हनुमंतरायप्पा के खिलाफ की गई कार्रवाई को बरकरार नहीं रखा जा सकता। इसलिए अपील स्वीकार की जाती है। कोर्ट ने सहकारी समिति के निदेशक पद से हनुमंतरायप्पा को हटाने के निर्णय को बरकरार रखने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को खारिज कर दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्पलेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)